जबलपुर
मंगलवार, 1 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-5
वर्ष : 20, अंक : 62
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 29
न्यून. 26

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## यह घोषित हुआ है चुनाव कार्यक्रम

राज्य निर्वाचन अधिकारी विवेक शेजवलकर के हस्ताक्षर से जारी अधिसूचना के अनुसार 1 जुलाई को शाम 4.30 से 6.30 बजे तक नामांकन पत्र जमा होंगे। शाम 6.30 से 7.30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। शाम 7.30 बजे से 8 बजे तक नाम वापसी होगी। रात 8.30 बजे नामांकन पत्रों की अंतिम सूची घोषित की जाएगी। 2 जुलाई बुधवार को सुबह 11 से 2 बजे के बीच मतदान होगा। इसी दिन दोपहर 2 बजे से मतों की गणना और फिर परिणाम घोषित किया जाएगा। चुनाव के दौरान भाजपा कार्यालय कैंपस में किसी भी गैर व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा।

### चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र प्रधान आज शाम 4 बजे आएंगे भोपाल

भाजपा प्रदेश चुनाव अधिकारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मंगलवार शाम 4 बजे भोपाल पहुंचेंगे। उनके आने के बाद ही नामांकन की प्रक्रिया शाम 4.30 बजे से शुरू होगी। चुनाव अधिकारी विवेक शेजवलकर और धर्मेंद्र प्रधान की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल होंगे। इसी दिन शाम को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत सभी दिग्गज भोपाल पहुंचेंगे। इसके साथ ही मप्र के सभी विधायक, प्रदेश प्रतिनिधि, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, सांसद, राज्य सरकार के मंत्रियों के साथ केंद्रीय डॉ. वीरेंद्र कुमार, डीडी उईके, सावित्री ठाकुर सहित तमाम वरिष्ठ नेता भी भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए नामांकन आज

# देर शाम तक साफ हो जाएगा कि कौन होगा मध्यप्रदेश भाजपा का नया 'बॉस'

परिणाम की घोषणा बुधवार को दोपहर दो बजे की जाएगी

◆ केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके रेस में सबसे आगे माने जा रहे हैं, पर इनके अलावा भी कोई नाम अचानक सामने आ सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भाजपा के राज्य निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही साथ राज्य निर्वाचक मंडल की सूची का प्रकाशन भी कर दिया गया।

ये नाम चर्चाओं में


दुर्गादास उईके | गजेंद्र सिंह पटेल | सुमेर सिंह सोलंकी | डॉ. नरोत्तम मिश्रा | रामेश्वर शर्मा | सांसद आशीष दुबे | सांसद आलोक शर्मा

### तो, चुनाव में 379 मतदाता करेंगे मतदान

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में वैसे तो मतदान की नौबत शायद ही आए। चूंकि परंपरा अनुसार अध्यक्ष के लिए किसी एक ही व्यक्ति का नामांकन होना है। उसी के नाम पर अंतिम मुहर लग जाएगी। यह भी हाईकमान से मिले नाम पर ही सब कुछ होता है। बावजूद इसके पार्टी ने भाजपा के 379 मतदाताओं के नामों पर प्रकाशन किया है। यह सभी नेता चुनाव कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। जारी सूची में 4 सांसद और 17 विधायक भी शामिल हैं। सांसदों में मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया और वीरेंद्र कुमार खटीक का नाम है। विधायकों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, विजय शाह, तुलसी सिलावट, एदल सिंह कंसाना, अजय बिश्नोई, संपतिया उईके, ओमप्रकाश सकलेचा, संजय पाठक, भूपेंद्र सिंह, गोविंद सिंह राजपूत, नारायण सिंह कुशवाहा और मालिनी गौड़ शामिल हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

## खबर संक्षेप

### जल्द आ सकता है सीए का फाइनल रिजल्ट

**नई दिल्ली।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) इस हफ्ते सीए



फाइनल मई 2025 सेशन के परिणाम घोषित कर सकता है। पूर्व सेंट्रल काउंसिल मेंबर धीरज खंडेलवाल के अनुसार छात्र 3 से 4 जुलाई के बीच परिणाम जारी होने की उम्मीद कर सकते हैं। परिणाम घोषित होने के बाद, उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइटों, icai.nic.in और icaiexam.icai.org के माध्यम से स्कोरकार्ड एक्सेस कर सकेंगे।

### महिला कोच पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के रोहतक केंद्र की राष्ट्रीय मुक्केबाजी अकादमी (एनबीए) की महिला कोच पर राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग मुक्केबाज ने यौन उत्पीड़न का



आरोप लगाया है। नाबालिग के माता-पिता ने एफआईआर कराई है। आरोपी के नाम का खुलासा नहीं हुआ।क बार-बार 'मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न' के कारण वह अवसाद में चली गई है। आरोपी का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। क्योंकि मामले की जांच चल रही है। इस मामले में बीएफआई और साई ने 17 वर्षीय पीड़िता द्वारा डराने-धमकाने और थप्पड़ मारने की घटनाओं के बारे में शिकायत मिलने की बात स्वीकार की। हालांकि, एफआईआर (प्राथमिकी) में लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के बारे में उन्हें सूचित किए जाने से इनकार किया।

*जल गंगा संवर्धन अभियान का खंडवा में समारोहपूर्वक समापन, 30 मार्च से 30 जून तक सभी जिलों में जल स्रोतों के संरक्षण के लिए नवाचार किए गए, सीएम ने किया ऐलान*

सोमवार से जल गंगा संरक्षण अभियान नए रूप में शुरू हुआ

# 3 वर्ष में 30 हजार एकड़ जमीन पर 'एक बगिया मां के नाम' तैयार होंगी



इस अभियान में राज्य सरकार पर कुल 900 करोड़ रुपए का व्यय भार आएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/खंडवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश को एक नहीं, तीन राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजनाओं की सौगात दी है, जो भविष्य में देश-प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन की नई दिशा तय करेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को वर्तमान युग का भागीरथ बताया। उनके नेतृत्व और दृष्टि ने जल संरक्षण को राष्ट्रीय चेतना में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि गुड़ी पड़वा 30 मार्च से 30 जून तक सभी जिलों में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए नवाचार किए गए। समारोह में प्रधानमंत्री मोदी की ओर से भेजे गए संदेश का वाचन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने किया।

*सीएम ने कहा कि प्रदेश की 30 हजार महिलाओं को एक एकड़ जमीन पर फलदार पेड़ लगाकर बगिया विकसित करने के लिए 3 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी।*

**30 जून** से 15 अगस्त तक शासकीय भूमि पर पौधरोपण किया जाएगा

**इसके बाद** 15 अगस्त से 15 सितंबर तक निजी भूमि पर पौधरोपण कार्य होगा



### 1568 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में 1568 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास के तहत पंचायतों में हुए 578 करोड़ लागत के 57207 कार्यों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने वाटर-शेड विकास घटक के तहत प्रदेशभर के 888 जल संरक्षण कार्यों, खंडवा जिले की जावर माइक्रो सिंचाई परियोजना एवं 3 अन्य सिंचाई परियोजनाओं व जीर्णोद्धार की गई 74 जल संरचनाओं का लोकार्पण भी हुआ।

### ◆ 57 से ज्यादा नदियों में मिलने वाले 140 बड़े नालों को चिह्नित किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 57 से ज्यादा नदियों में मिलने वाले 140 बड़े नालों को चिह्नित किया गया है। प्रदेश के 36 जिलों में 91 वाटर-शेड परियोजनाएं विकसित हो चुकी हैं। खेतों की सिंचाई के लिए 9 हजार जल रचनाएं तैयार की गई हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा

### गंगा संवर्धन अभियान को जन-आंदोलन बनते देखना सुखद अनुभूति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव और उनकी टीम के जल संवर्धन और संचयन के कार्यों से जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-आंदोलन बनते देखना सुखद अनुभूति है। मप्र के लाखों लोगों के परिश्रम, समर्पण और आस्था से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर प्रेषित अपने संदेश में प्रदेशवासियों, विशेषतः जलदूतों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं और किसानों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने पानी की एक-एक बूंद बचाने के लिए 90 दिन तक चले जल गंगा संवर्धन अभियान में जन-भागीदारी से हुए कार्यों को ऐतिहासिक बताते हुए प्रदेशवासियों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में आदिकाल से जल की वंदना होती आई है और हमारी संस्कृति में नदियों, कुओं, तालाबों और बावड़ियों को पूजनीय मानकर उनके संरक्षण की परंपरा रही है। इस विरासत को समृद्ध करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान नदियों को निर्मल अविरल और सदानीरा बनाने के लिए जन-जागरूकता की दिशा में प्रेरणादायी प्रयास रहा है।

ऐलान आज होगा

## तेलंगाना में रामचंद्र होंगे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने सोमवार को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। गोशामहल विधायक टी राजा ने पूर्व एमएलसी रामचंद्र राव को तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष बनाने की खबरों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए भाजपा की प्राथमिक सदस्यता छोड़ दी। टी. राजा ने भाजपा तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को अपना इस्तीफा भेजा है।

■ फैसले से नाराज भाजपा विधायक टी राजा ने पार्टी छोड़ी



बारिश से वाहन फिसला और बेकाबू हो गया

## एंबुलेंस पेड़ से टकराई, मां और नवजात सहित 4 लोगों की मौत

वाहन चालक गंभीर घायल मृतक एक ही परिवार के

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



पिपरिया में एक निजी एंबुलेंस बेकाबू होकर आम के पेड़ से टकरा गई। टक्कर के बाद वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में नवजात बच्चे, उसकी मां समेत एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। घटना पिपरिया रोड पर सोमवार शाम को हुई। अंजलि पति अजय राजपूत की रविवार को पिपरिया में डिलीवरी हुई थी। उसने बेटे को जन्म दिया था। सोमवार को एंबुलेंस से वह अपने गांव सर्रा किशोर लौट रही थी। तभी हादसा हो गया। गाड़ी में अंजलि राजपूत, उसका नवजात बेटा और परिवार की दो महिलाएं आशा पति हीरालाल राजपूत (42) और रानू पति बलराम राजपूत (25) साथ में थीं।

*खेत पर काम कर रहे थे किसान*

### कूनो पार्क से निकलकर तेंदुए का गांव में हमला, 3 जख्मी

**श्योपुर।** खेत में काम कर रहे किसानों पर अचानक तेंदुए ने हमला बोल दिया। हमले के दौरान तीन किसान जख्मी हो गए। सोमवार को यह घटना श्योपुर जिले के ढोढर थाना क्षेत्र की है। ग्राम पंचायत मिलावली के मालियोकापुरा क्षेत्र में सोमवार को किसान जब अपने खेतों पर काम कर रहे थे, तभी अचानक उन पर एक तेंदुए ने हमला बोल दिया। यह तेंदुआ कूनो पार्क से निकलकर इस क्षेत्र में पहुंच गया, जो हमला करने के बाद भागकर एक पेड़ पर चढ़ गया।


■ वन विभाग की टीम तेंदुए के रेस्क्यू में जुटी

*हनीमून हत्याकांड में बड़ा खुलासा*

### राजा-सोनम के मेघालय में गायब गहने रतलाम से मिले

**इंदौर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में एक नया खुलासा हुआ है। दरअसल, इंदौर के कपल राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी के हनीमून के दौरान मेघालय से गायब हुए गहने पुलिस को मिल गए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने सोनम का ब्लैक बैग और लैपटॉप भी बरामद कर लिया है, जिसकी तलाश में मेघालय पुलिस की एसआईटी टीम इंदौर आई थी। इस मामले की जांच कर रही मेघालय पुलिस की टीम ने इंदौर के प्रॉपर्टी डीलर सिलोम जेम्स के ससुराल में छापा मारा था।


■ सोनम का ब्लैक बैग, लैपटॉप भी बरामद हुआ

*ब्रिक्स सम्मेलन में भी लेंगे हिस्सा*

### कल से पांच देशों की यात्रा पर जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 देशों की यात्रा पर जाएंगे। उनकी यात्री की शुरुआत 2 जुलाई से होगी। मोदी की ये पांच देशों वाली यात्रा काफी अहम है। इसमें वह सबसे पहले ब्राज़ील के रियो डि जेनेरो में 6 और 7 जुलाई को होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा कर सकते हैं। पीएम मोदी इस सम्मेलन के दौरान पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ ब्रिक्स के बाकी सदस्य देशों का समर्थन हासिल करने की कोशिश करेंगे।


■ ब्राजील के राष्ट्रपति ने स्टेट डिनर का दिया आमंत्रण

पीएम मोदी ने किया आर्थिक मदद का ऐलान

सुबह 8:15 से 9:35 बजे के बीच विस्फोट

## सिगाची फार्मा कंपनी में विस्फोट 12 की मौत, 34 लोग हुए घायल

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पासमैलारम फेज 1 इलाके में सोमवार को एक केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई और 35 से अधिक कर्मचारी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि पशम्यलारम औद्योगिक एस्टेट में सिगाची फार्मा कंपनी में जहां विस्फोट हुआ, वहां कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल गाड़ियों को लगाया गया। मल्टी जोन 2 के महानिरीक्षक वी सत्यनारायण ने बताया कि छह शव बरामद किए गए हैं। चंदा नगर में इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। हम 20 मिनट में ही घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

■ विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चला



एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य बचाव दल 10 दमकल गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर जताया। उन्होंने कहा कि घटना से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

अभी प्रदेश में कोई प्रभावी सिस्टम नहीं, दो से तीन दिन मौसम ऐसा ही रहेगा

# 5 जुलाई के बाद प्रदेशभर में तेज बारिश की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित कई जिलों में सोमवार को बारिश में कुछ कमी रही, जबकि कुछ जिलों में झमाझम का दौर चला। प्रदेश में अभी कोई प्रभावी सिस्टम नहीं होने से दो से तीन दिन मौसम ऐसा ही रहेगा।

बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बना है, जिसके असर से 5 जुलाई के बाद भोपाल सहित प्रदेशभर में तेज बारिश की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी सकुर्लेशन से मंगलवार को करीब एक दर्जन जिलों में भारी से अति भारी बारिश होगी। शेष प्रदेश में औसत से सामान्य वर्षा की उम्मीद है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी दो दिन प्रदेश में मौसम ऐसा ही रहेगा।

◆ एक से 30 जून के बीच 11 जिलों में सबसे कम और 9 जिलों में सबसे अधिक बारिश दर्ज, आलीराजपुर में सर्वाधिक 355 मिमी से ज्यादा बारिश हुई



### आज यहां भारी से अति भारी बारिश

मंगलवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, विदिशा, रायसेन, सीहोर, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी में अति भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, जबलपुर, बालाघाट, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाडी, भोपाल, राजगढ़, नमादापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बडवानी, आलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनुपपुर, शहडोल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा आदि जिलों में औसत से सामान्य बारिश का येलो अलर्ट है।

### प्रदेश में सबसे कम और अधिक बारिश वाले जिले

*सामेवार तक भोपाल, विदिशा, इंदौर, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, बालाघाट, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, भिंड जिलों में प्रदेश में सबसे कम बारिश हुई है। वहीं, शिवपुरी, श्योपुर, झाबुआ, गुना, अशोकनगर, आलीराजपुर, मंडला, निवाड़ी, टीकमगढ़ में सबसे अधिक बारिश हुई है। इन जिलों में 250 मिमी से अधिक बारिश दर्ज हो चुकी है। आलीराजपुर में सबसे ज्यादा 355 मिमी से अधिक बारिश दर्ज हुई है।*

### 3 मौतों के बाद हाईकोर्ट में लगी याचिका, 7 जुलाई को सुनवाई

**इंदौर।** इंदौर-देवास मार्ग पर महाजाम ने जनजीवन, सरकार और पुलिस प्रशासन को हिला कर रख दिया है। महाजाम में 3 मौतें भी हुई और अब इसको लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। अर्जुन बड़ौद और फीनिक्स सिटाडेल मॉल के पास गुरुवार दोपहर से शुरू हुआ ट्रैफिक जाम लगातार 48 घंटे तक बना रहा। इस दौरान इंदौर और देवास के बीच सैकड़ों वाहन फंसे रहे।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
परिवीक्षाधीन अधिकारियों की भर्ती
भारतीय स्टेट बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारियों के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.
रिक्तियों की संख्या : 541
पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, आदि), आवश्यक शुल्क, ऑनलाइन आवेदन करने एवं ऑनलाइन शुल्क भुगतान के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers/current-openings पर विज्ञापन क्र. CRPD/PO/2025-26/04 के अंतर्गत लिंक उपलब्ध हैं. प्रत्याशियों को परामर्श दिया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन देखें और आवेदन करने एवं शुल्क भुगतान करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों और अन्य विवरणों को सुनिश्चित कर लें.
• ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क के भुगतान की तिथि: 24.06.2025 से 14.07.2025
किसी भी तरह की पूछताछ करने के लिए कृपया हमें "CONTACT US" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो ऊपर उल्लिखित बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है.
स्थान: मुंबई
दिनांक: 24.06.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

धरती पर डॉक्टर्स ही भगवान का दूसरा रूप होते हैं। ये कहावत तब हकीकत नजर आती है जब जबलपुर के डॉक्टर डाबर के जीवन के बारे में जानने को मिलता है। मरीजों का ये मंदिर करोना बीमारी की पहली लहर में बंद हो गया। तब से डॉक्टर डाबर घर पर कुछ मरीजों का अब भी इलाज करते है। आने वाला हरेक मरीज अपने लिए नहीं वरन डॉक्टर डाबर को आयुष्मान भव: बोलता है।

(सेना के कैप्टन) डॉ.डाबर ने भारत-पाक युद्ध 1971 में जवानों की दिन-रात इलाज में लगे रहने पर खुद अस्वस्थ हो गए। जंग जीतने के बाद उनको रिटायरमेंट लेना पड़ा।



# डाक्टर साहब आयुष्मान भवः

अनुरोध पटैरया

**जबलपुर।** डॉ. डाबर का जन्म वर्तमान के पाकिस्तान में 1946 में हुआ था। डेढ़ वर्ष की उम्र में ही उनके पिता का स्वर्गवास हुआ। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर जबलपुर से एमबीबीएस की डिग्री तक की पढ़ाई करीबियों पर आश्रित होकर की। डिग्री लेकर देश सेवा की ठानी और सेना में भर्ती हुए। बांग्लादेश में पोस्टिंग के दौरान 1971 की भारत-पाकिस्तान जंग में डॉ. डाबर ने अनगिनत घायल जवानों का इलाज कर उन्हें पुनः नव जीवन दिया। जंग में दिन रात जवानों के इलाज लगे रहने पर खुद अस्वस्थ हो गए। जंग जीतने के बाद रिटायरमेंट लेना पड़ा। सेना की सेवा को त्याग कर उन्होंने सिविल परिवेश में बीमारी के खिलाफ लंबे समय तक जंग लड़ी और उन सामान्य लोगों को स्वस्थ करने का बीड़ा उठाया जो महंगी डॉक्टर फीस के चलते इलाज से महरूम रहते थे। डॉ. डाबर ने 2 रुपए फीस से जबलपुर में अपनी प्रैक्टिस की प्रारंभ की थी। डॉक्टर डाबर ने शुरुआत में 2 रुपए फीस लेना शुरू किया।मंहगाई के थपेड़ों ने फीस बढ़ाने पर मजबूर किया तब बाद में 3 रुपए फिर 5 रुपए और 15 साल बाद 10 रुपए ओर कई वर्षों बाद 20 रुपए कर दी। डॉ. डावर 'सादा जीवन, उच्च विचार' का अनुकरणीय उदाहरण है। क्लिनिक के प्रारंभ के लिए जो टेबल, कुर्सी और हॉस्पिटल बेड खरीदा था, उसे पूरी प्रेक्टिस के दौरान इस्तेमाल किया । ताम झाम से दूर मितव्ययता कर डॉ. डावर ने अपने बेटे और बेटी को भी उच्च शिक्षा और दीक्षा दी वे भी मानव सेवा के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे है।डॉ. डावर को अपनी कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। हर मरीज कहता है डॉक्टर डाबर आयुष्मान हों।डॉ. डावर पिछले 51 साल से रविवार छोड़ पूरे हफ्ते में प्रतिदिन 200 से 250 मरीजों की चिकित्सा करते रहे। कुछ मरीज तो ऐसे हैं जो कोई भी तकलीफ होने पर सालों से इन्हीं के पास आते हैं। मरीज केवल जबलपुर ही नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के शहरों से भी आते हैं। डॉ. डावर ने बताया- मुझे लोगों का बहुत प्यार मिलता है। किडनी फेलियर के बाद परिजन प्रार्थना करने मैहर के मां शारदा देवी मंदिर से लेकर अनेकों देवालय तक गए थे। डॉ. डाबर का कहना है कि आज वे जो कुछ भी हैं, अपने मरीजों की दुआ से ही हैं।

डॉ. डावर को पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। डॉ. डावर ने अब तक न जाने कितने मरीजों की जान बचाई है। गुजरे 51 वर्षों से वे जिस तरह समाज की सेवा कर रहे हैं, वो कोई सामान्य काम नहीं है। उन्हें इस नेक काम के लिए सरकार द्वारा सम्मानित किया जाना अन्य चिकित्सकों के लिए उदाहरण बनेगा।

विज्ञापन संयोजन अमरेन्द्र सिंह

समस्त क्षेत्रवासियों को चिकित्सा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चल रहे मौसम में अपने घर व आस पास पानी एकत्र न होने दें, मच्छरों से बचाव के लिये मच्छरदानी लगाकर सोये
डॉ राजकुमार पटेल
सौ. - नर्मदाश्री क्लिनिक सालीचौका

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हर सफेद कोर्ट के पीछे छुपा होता है एक ऐसा दिल जो दूसरों की धड़कनों के लिए धड़कता है
डॉ. शंकर सिंह धुर्वे
मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी गोटेगांव जिला नरसिंहपुर

हैप्पी डॉक्टर्स डे
डॉ. गायत्री श्याम
आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ केंद्र अमरपुर जिला डिण्डौरी म.प्र.

समस्त क्षेत्रवासियों को चिकित्सा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बारिश के मौसम ज्यादा दिन तक एकत्र रहने वाले साफ पानी में डेंगू मच्छर जन्म लेते हैं, एक हफ्ता से अधिक समय पानी एकत्र न होने दे और स्वास्थ्य रहें
डॉ. संदीप राय
बी.ए.एम.एस
सौ. - राय क्लिनिक सालीचौका

हैप्पी डॉक्टर्स डे
डॉ. दानवीर सिंह मरावी
डिण्डौरी

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जीवन जीना एक कला है जिन्हे जीने के लिए मां बाप के बाद एक डाक्टर की ही सलाह की जरूरत पड़ती है
डॉ. आर आर कुर्रे,
रेलवे जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर

हैप्पी डॉक्टर्स डे
डॉ. संतोष परस्ते
जिला आयुष अधिकारी डिण्डौरी

हैप्पी डॉक्टर्स डे
25 सेवा के 25 वर्ष पूर्ण
डॉ. राकेश रंजन
25 वर्षों से निरंतर मानव सेवा एवं चिकित्सा सेवा पूर्ण होने पर शुभ अवसर पर हर्दिक बाधाई एवं शुभकामनाएँ
डॉ अनिता रंजन
शुभेच्छु एक शुभचिंतक
मानव सेवा ही सच्चा धर्म है
पता - रंजन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कटनी नई बस्ती

हैप्पी डॉक्टर्स डे
डॉ. एस. के. सिंह
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
विकास खण्ड पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर म.प्र.

हैप्पी डॉक्टर्स डे
डॉ. समीक्षा सिंह
आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी जिला डिण्डौरी

हैप्पी डॉक्टर्स डे
डॉ. एम. एस. श्याम
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
विकास खण्ड जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र.

हैप्पी डॉक्टर्स डे
डॉ. आर. के. वर्मा
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
विकास खण्ड जिला अनूपपुर म.प्र.

हैप्पी डॉक्टर्स डे
डॉ. धनीराम सिंह श्याम
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
विकास खण्ड अनूपपुर जिला अनूपपुर म.प्र.

हैप्पी डॉक्टर्स डे
डॉ. मनोज सिंह
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
विकास खण्ड कोतमा जिला अनूपपुर म.प्र.

डॉक्टर्स डे पर चिकित्सा क्षेत्र से जुडी सभी प्रतिभाओं को बहुत बहुत शुभकामनायें
HAPPY DOCTORS DAY
सुरेश सिंह चौधरी
नेहा पैथोलॉजी सेंटर लालीपुर चौक मण्डला

डॉक्टर्स डे पर विंध्य शिक्षा समिति कॉलेज की ओर से बहुत बहुत शुभकामनायें
NATIONAL Doctors' Day MARCH 30TH
सरदार पटेल एजुकेशन ग्रुप मण्डला

KATRA HOSPITAL, MANDLA



01 JULY 2025
HAPPY DOCTOR'S DAY
Behind the Mask: Caring for Care Givers

**1 मई 1936 - 20 जून 2025**



## एमडीयू में योगगुरु बाबा रामदेव, गुरुकुलों व सामाजिक संगठनों की मौजूदगी में श्रद्धांजलि सभा

# माता परमेश्वरी देवी को भावांजलि देने उमड़ा जनसैलाब



## माता परमेश्वरी देवी जी सामाजिक विरासत की वाहक

माता परमेश्वरी देवी अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। जिसमें उनके 6 बेटे और 3 बेटियां शामिल हैं। उनके बेटों के नाम रुद्रसेन, वीरसेन, व्रतपाल, कैप्टन अभिमन्यु, मेजर सत्यपाल और देव सुमन हैं, जबकि बेटियों में दया, बिमला और मधु हैं। उनके पति मित्रसेन का निधन उनसे पहले ही हो चुका था। उल्लेखनीय है कि चौधरी मित्रसेन जी आर्य समाज सेवा में एक अग्रणी व्यक्ति थे और सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका रहती थी। मित्रसेन जी के निधन के बाद माता परमेश्वरी देवी जी ने उनके द्वारा स्थापित इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाया। उन्होंने अपने जीवनकाल में परिवार को एकजुट रखने के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों और परंपराओं का दृढ़ता से निर्वहन किया।

### माता परमेश्वरी की स्मारिका पढ़ते मुख्यमंत्री



*रोहतक। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिंधु निवास पहुंचकर सिंधु परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने पूर्व वित्त मंत्री एवं भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु के निवास स्थान सिंधु निवास पहुंचकर उनकी माता दिवंगत परमेश्वरी देवी के निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने इस अवसर पर पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। वहीं राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह, चूरू सांसद राहुल कसवां ने भी सिंधु भवन पहुंचकर माता परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजंलि दी। इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, भाजपा के जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, भाजपा के प्रदेश सचिव अजय बंसल, पूर्व मीडिया कोर्डिनेटर राजकुमार कपूर, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, संध्या बजाज, अनिता बधवार, सतेंद्र परमार, राजेंद्र रावत, ईश्वर सिंघल, बोबी गजराज, विकास रोहिल्ला उपस्थित रहे।*

### माता परमेश्वचरी की पौत्री साहिबा सिंधु



भिवानी सांसद धर्मवीर सिंह



पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा



पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर



रोहतक

आर्य समाज के पथिक स्व. चौधरी मित्रसेन की अर्धांगिनी परमेश्वरी देवी जी की श्रद्धांजलि सभा रविवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में भावपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इससे पहले सेक्टर-14 स्थित सिंधु भवन में सुबह वैदिक विधि-विधान के साथ हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में न केवल हरियाणा के कोने-कोने से बल्कि अन्य राज्यों से भी गणमान्य व्यक्तियों, संतों, सामाजिक संगठनों, गुरुकुलों और शिक्षाविदों ने शिरकत कर माता परमेश्वरी देवी के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में लोगों की आंखें नम थीं लेकिन दिलों में माता जी के द्वारा दिए गए संस्कार और उनके जीवन की प्रेरणा की छाप साफ झलक रही थी।

सभा के दौरान 20 मिनट की एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी प्रस्तुत की गई, जिसमें परमेश्वरी देवी के साधारण किंतु प्रभावशाली जीवन का चित्रण किया गया। फिल्म में उनके पारिवारिक जीवन, छह बेटों, तीन बेटियों के परिवार को एक साथ जोड़कर रखने की भावना, उनके त्याग और सेवा की झलक दिखाई गई। यह फिल्म देखकर कई लोगों की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। भजन गायक दिनेश पथिक ने अपने भजनों से कहां हो मां, तुझे तेरे दुलारे याद करते हैं जैसी भावपूर्ण प्रस्तुति दी कि वहां उपस्थित हर व्यक्ति को मां के प्रति अपनी भावनाएं पुनः जीवित करने पर विवश कर दिया। श्रद्धांजलि सभा में कई संत और सामाजिक संगठन भी विशेष रूप से शामिल हुए।

स्वामी रामदेव, रूड़की गुरुकुल से पदमश्री आचार्य सुकामा, गौतम नगर दिल्ली गुरूकुल से स्वामी परमानंद महाराज, आर्य प्रतिनिधि सभा टिटोली के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश, उड़ीसा से आए स्वामी व्रतानंद ने भी सभा को संबोधित किया और परमेश्वरी देवी के जीवन को आदर्श बताया।

### श्रद्धासुमन अर्पित किए

हरियाणा सरकार के कई मंत्रीगण, पूर्व सांसद, विधायकगण, प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी समारोह में भाग लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि परमेश्वरी देवी जैसा जीवन जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार और समाज को जो मूल्य दिए, वे अनमोल हैं। माताजी ने परिवार को जो संस्कार दिए वे पूरे समाज के लिए प्रेरणा हैं।

### परिवार ने सभी से कृतज्ञता जताई

कैप्टन अभिमन्यु एवं उनके परिजनों ने इस अवसर पर सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा, हमारी माता जी ने जो जीवन जिया, वह हमारे लिए एक उदाहरण है। उन्होंने हमें अनुशासन, प्रेम, त्याग और सेवा का जो पाठ पढ़ाया, उसे हम जीवनभर याद रखेंगे।

### दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने पुष्प अर्पित किए



माता परमेश्वरी देवी जी को श्रद्धांजलि देने के लिए दिल्ली सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी पहुंचे और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। प्रवेश साहिब सिंह ने कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार को सांत्वना दी और भगवान से परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

### सांसद नवीन जिंदल ने शोक प्रकट किया



सांसद नवीन जिंदल ने किए श्रद्धासुमन अर्पित भाजपा सांसद नवीन जिंदल ने कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी की रस्म क्रिया में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। नवीन जिंदल ने टैगोर सभागार में पहुंचकर कैप्टन अभिमन्यु व उनके परिवार से मुलाकात करते हुए शोक प्रकट किया।

### सांसद कुमारी सैलजा ने दुख जताया



बॉक्स-मुझे बेटी मानती थी माताजी-कुमारी शैलजापूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी मुझे अपनी बेटी की तरह मानती थी। उन्हें माता जी से बहुत स्नेह मिला। उनके जाने का उन्हें बहुत गहरा दुख है। माताजी में संस्कार, दया, प्रेम, अनुशासन जैसे भाव कूट-कूट कर भरे थे। उन्होंने पूरा जीवन लोगों के जन कल्याण के लिए कार्य किया।

### ये गणमान्य लोग मौजूद रहे

कार्यक्रम में भूपेंद्र चौधरी यूपी भाजपा अध्यक्ष, सुभाष मेहरिया पूर्व केंद्रीय मंत्री, बिजेंद्र कादयान पूर्व मंत्री, सहेंद्र सिंह पूर्व विधायक यूपी, पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़, दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा, भिवानी सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री शैलजा, पूर्व सांसद अशोक तंवर, पूर्व संगठन मंत्री सुरेश भट्ट, पूर्व सांसद संजय भाटिया, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, पूर्व गृह मंत्री सुभाष बतरा, सतीश बंधू, कई प्रशासनिक अधिकारी सहित एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, महिला आयोग हरियाणा की पूर्व चेयरमैन प्रतिभा सुमन, विजय आर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश भाटिया, स्वामी कर्णपुरी महाराज, स्वामी परम चेतन्य व स्वामी आदित्यवेश आदि भी मौजूद रहे।

### श्रद्धांजलि सभा में मंचासीन संत समाज







*मदवि के टैगोर ऑडिटोरियम में आयोजित माता परमेश्वरी देवी की श्रद्धांजलि सभा में भजन की प्रस्तुति देते गायक दिनेश पथिक व उनकी टीम के सदस्य।*

### परिवार ने सुबह सिंधु भवन में हवन करके आहुति दी

माता परमेश्वरी देवी जी की श्रद्धांजलि सभा से पहले सेक्टर 14 स्थित सिंधु भवन में हवन यज्ञ किया गया। जिसमें पदमश्री आचार्य सुकामा, आर्य समाज के प्रतिनिधियों ने मंत्रोचारण किया और परिवार से आहुति दिलवाई।



रोहतक। सिंधु भवन में आयोजित हवन के दौरान आहुति देते सिंधु परिवार के सदस्य।

## श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे वक्ताओं ने शब्दों में पिरोई माता परमेश्वरी जी की स्मृति

*भावुक हुए बाबा रामदेव*

### मां का साथ न होना बहुत दुःखद आशीर्वाद देने वाला एक हाथ कम हो गया




माता परमेश्वरी देवी की श्रद्धांजलि सभा में योगगुरु बाबा रामदेव स्वामी रामदेव जी माता परमेश्वरी देवी जी को याद कर भावुक हो गए। बाबा रामदेव ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी जी अपनी यात्रा पूर्ण करके गई हैं। मां का साथ न होना बहुत दुखद होता है। वह परिवार को एकजुट करके गई हैं। माताजी में अनुसाशन और दया थी। उनके जाने से मुझे आशीर्वाद देने वाला एक हाथ कम हो गया। परिवार में जो भी अनुशासन देखते हैं वह माता जी की देन है। आर्य समाज में माता परमेश्वरी देवी का नाम बहुत ही आदर के साथ लिया जाता रहेगा। माताजी के आशीर्वाद से तीस से ज्यादा गुरुकुल चल रहे हैं। यह परिवार की उदारता है। माता जी जीवन भर बहुत योग करती रहीं। उन्होंने कहा कि जो ईश्वर का भक्त होता है, वह कभी भयभीत नहीं होता। माता परमेश्वरी देवी का जीवन इसका प्रमाण था।

*स्वामी वृत्तानंद महाराज ओडिसा*

### समाजिक कार्यों के लिए माता जी हमेशा याद रहेंगी



स्वामी वृत्तानंद महाराज उड़ीसा ने कहा कि माता के जाने का दुख तो है, लेकिन उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को नहीं भुलाया जा सकता। वह उन्हीं कार्यों के साथ हम सभी के बीच जीवित है। उन्होंने जनकल्याण के लिए जो कार्य किए, हमें पूरी उम्मीद है परिवार भी उन्हीं पदचिन्हों पर चलकर जनकल्याण के लिए अनेक कार्य करेंगे। उन्होंने परिवार को एक सूत्र में पिरोकर रखा, कभी किसी को अलग नहीं होने दिया। परमेश्वरी देवी 25 से ज्यादा पड़पोत्र व दोहते दोहहती हैं, जो कि अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। समाज सेवा के लिए माता जी को हमेशा याद रख जाएगा।

*पदमश्री आचार्य सुकामा*


### समाज के लिए प्रेरणास्रोत ऐसे व्यक्तित्व समाप्त नहीं होते



श्रद्धांजलि सभा के दौरान पदमश्री से सम्मानित आचार्य सुकामा (रुड़की गुरुकुल) ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी का जीवन वैदिक आदर्शों पर आधारित था। उन्होंने परिवार को जिस अनुशासन और एकता से पाला, वह आधुनिक समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। ऐसे व्यक्तित्व कभी समाप्त नहीं होते, वे युगों तक प्रेरणा देते रहते हैं। आज उनके सभी बेटे माता जी के कारण ही प्रतिष्ठित पदों पर विराजमान हैं। यज्ञ के माध्यम से ही यह सब चीजें जीवित हैं। इसको संजोकर रखना अपने आप में बहुत बड़ी बात है। माता जी हम सभी के लिए प्रेरणा हैं, हमें बहुत कुछ उनसे सीखना होगा।

*स्वामी प्रवणानंद महाराज, दिल्ली गुरुकुल*

### उनकी यादें हम सबके हृदय में अमर रहेगी



स्वामी प्रवणानंद महाराज (गौतम नगर दिल्ली गुरुकुल) ने कहा कि एक मां का होना ही सबसे बड़ा आशीर्वाद होता है। परमेश्वरी देवी ने इस आशीर्वाद को हर दिन अपने परिवार और समाज को दिया। उनकी स्मृति हम सबके हृदय में अमर रहेगी। मां की जगह कोई नहीं ले सकता।

*स्वामी आर्यवेश, आर्य प्रतिनिधि सभा, टिटोली*

### संस्कृति की जीवंत मूर्ति थीं माता परमेश्वरी



स्वामी आर्यवेश (आर्य प्रतिनिधि सभा टिटोली) ने कहा कि श्रद्धा, समर्पण और वैदिक संस्कृति की जीवंत मूर्ति थीं माता परमेश्वरी देवी। उन्होंने अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि सच्चा धर्म परिवार और समाज को जोड़ने में है, तोड़ने में नहीं। उन्हें कभी नहीं भुलाया जा सकता जो इतने बड़े परिवार का निर्माण कर उन्हें सालों साल और अभी तक एक रखे हुए है।

# जीएसटी दिवस आजः मोदी सरकार के टैक्स रिफॉर्म से छोटे व्यापारियों के लिए कारोबार करना हुआ आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में हर साल एक जुलाई को 'जीएसटी डे' मानाया जाता है। इसी दिन आठ साल पहले 2017 में देश के सबसे बड़े टैक्स सुधारों में एक गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) को लागू किया गया था। जीएसटी को मोदी सरकार ने देश में व्यापार करने में सुविधा हो इसके तहत लागू किया था। इसमें राज्य सरकारों और केंद्र सरकार द्वारा लगाए जाने विभिन्न टैक्सों को जीएसटी के तहत लगाया गया, जिससे कि नियमों का अनुपालन आसानी से हो और व्यापारी अलग-अलग टैक्स की जगह एक टैक्स चुकाकर आसानी से अपने बिजनेस को चला पाए। जीएसटी लागू तो 2017 में हुआ था, लेकिन इसे लाने का विचार पहली बार वर्ष 2000 में आया था। उस समय एक समिति का गठन जीएसटी कानून का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए किया गया था। 2004 में समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी थी।



**पीएम मोदी ने जीएसटी को दी तेज गति**

इसके दो साल बाद 2006 के अपने बजट भाषण में तत्कालीन केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने 2010 में जीएसटी को देश भर में लागू करने का ऐलान किया था, लेकिन इसके प्रावधानों को लेकर राज्यों और केंद्र सरकार के बीच मतभेदों के कारण यह लागू नहीं हो पाया था। फिर 2014 में मोदी सरकार आने के बाद इस बिल पर तेजी से काम हुआ और मई 2015 में जीएसटी बिल को संसद से मंजूरी मिल गई। इसके बाद सितंबर 2016 में जीएसटी काउंसिल की पहली बैठक हुई है और 1 जुलाई 2017 में इसे पूरे देश में लागू कर दिया गया।

**जीएसटी 2017 में लागू हुआ था**

जीएसटी पर पहली बार साल 2000 में विचार हुआ था

2014 में मोदी सरकार आने के बाद इस बिल पर तेजी से काम हुआ

मई 2015 में जीएसटी बिल को संसद से मंजूरी मिल गई

## जीएसटी को मोदी सरकार ने देश में व्यापार करने में सुविधा हो इसके तहत लागू किया

**एक देश-एक मार्केट-एक टैक्स को अमली जामा पहनाया**

जीएसटी लागू करने का उद्देश्य देश में 'एक देश-एक मार्केट-एक टैक्स' के विचार को अमली जामा पहनाना था। जीएसटी लागू होने से सर्विस टैक्स, वैट, परचेस टैक्स, एक्साइज ड्यूटी, एंटरटेनमेंट टैक्स जैसे अन्य कई टैक्स समाप्त हो गए। हालांकि, अभी भी शराब, पेट्रोलियम पदार्थ और स्टाम्प ड्यूटी को जीएसटी से मुक्त रखा गया है और इन पर पुरानी टैक्स व्यवस्था ही लागू होती है।




### देश का टैक्स कलेक्शन भी तेजी से आगे बढ़ा है

जीएसटी लागू होने के बाद देश का टैक्स कलेक्शन भी तेजी से आगे बढ़ा है। वित्त वर्ष 24 में कुल 20.18 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्ट किया गया था और इस दौरान औसत जीएसटी कलेक्शन 1.68 लाख करोड़ रुपए था। वहीं, वित्त वर्ष 21 में यह आंकड़ा 11.37 लाख करोड़ रुपए था और इस दौरान औसत जीएसटी कलेक्शन 0.94 लाख करोड़ रुपए रहा था। मई 2025 में जीएसटी कलेक्शन 2.01 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो मई 2024 के 1.72 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 16.4 प्रतिशत अधिक था।

---

**खबर संक्षेप**

### सिद्धारमैया की छिन सकती है सीएम की कुर्सी

**बेंगलुरू।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को दो साल का समय बीत चुका है। सरकार के गठन के बाद से ही विवादों में घिरे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को बदले जाने को लेकर अटकलें एक बार फिर तेज हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हालिया बयान ने कर्नाटक में प्रतिनिधित्व में परिवर्तन की अटकलों को और हवा दे दी है।



### कोलकाता गैंगरेप केस सीबीआई जांच की मांग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के वकील सत्यम सिंह ने कहा कि कोलकाता गैंगरेप केस की सीबीआई जांच की जाए। सत्यम सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर इस मामले की सीबीआई जांच के साथ ही, उन जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की है, जो विवादित टिप्पणी कर रहे हैं।




### 32 हजार रेल यात्रियों पर 80 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** रेलवे के वेटिंग टिकट लिमिट करने के ट्रायल नियम से यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। मजबूरी में 32 हज़ार यात्रियों ने बिना कन्फर्म टिकट के स्टेशन पहुंचकर टीटीई से ईएफटी बनवाया। इसके एवज में यात्रियों से 80 लाख जुर्माना वसूला गया। कई यात्री इससे परेशान रहे।



### अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस पर स्पीकर ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू समेत कई नेताओं ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि गर्व है कि हम इस लोकतांत्रिक यात्रा का हिस्सा हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक्स पर लिखा, सांसदों एवं जनप्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



---

### संविधान के शब्दों को लेकर मचा सियासी घमासान

# होसबाले के बयान पर खरगे की चेतावनी कहा- संविधान के किसी भी शब्द को छुआ गया तो...!

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने बीते दिनों संविधान की प्रस्तावना से समाजिकता और धर्मनिरपेक्षता शब्द को हटाने की बात कही। होसबाले के इस बयान के बाद देश में सियासी गर्माहट तेज होती दिख रही है। ऐसे में अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर संविधान के किसी भी शब्द को छुआ गया तो कांग्रेस उसकी कड़ी विरोधी होगी और वह अंतिम दम तक लड़ाई करेगी। बेंगलूरू में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे होसबाले को मनुस्मृति का समर्थक बताया। उन्होंने कहा कि वे गरीबों और कमजोर वर्ग को आगे बढ़ने नहीं देना चाहते। वे हजारों साल पुरानी व्यवस्था को बनाए रखना चाहते हैं। इसलिए वे समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और संविधान के मुख्य सिद्धांतों को पसंद नहीं करते। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ होसबाले की सोच नहीं, बल्कि पूरी आरएसएस की विचारधारा है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि देश में साम्प्रदायिक सौहार्द और एकता बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने आरएसएस से अपील की कि वे केवल बयानबाजी न करें बल्कि काम करें। खरगे ने कहा कि हम संविधान के किसी भी शब्द को छूने नहीं देंगे। यह हमारे देश की आत्मा है और हम इसकी रक्षा के लिए पूरी ताकत से लड़ेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि हम संविधान एक-एक शब्द हमारे देश की आत्मा है और हम इसकी रक्षा के लिए पूरी ताकत से लड़ेंगे

**होसबाले को बताया मनुस्मृति का समर्थक**

*कांग्रेस ने कहा देश की आत्मा की रक्षा के लिए पूरी ताकत से लड़ेंगे*



**क्या बोला था दत्तात्रेय होसबाले ने?**



दत्तात्रेय होसबाले ने कहा था कि संविधान की मूल प्रस्तावना में ये शब्द बाबा साहेब ने नहीं डाले थे। उन्होंने बताया कि ये शब्द आपातकाल के दौरान जोड़े गए थे, जब देश में मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए थे और संसद काम नहीं कर रही थी। उन्होंने सुझाव दिया कि इन शब्दों को लेकर फिर से चर्चा होनी चाहिए कि इन्हें प्रस्तावना में रखना चाहिए या नहीं।

### शरिया को संविधान से ऊपर कर दियाः भाजपा

भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, 'कुरान में वक्फ नाम का कोई शब्द नहीं है। यह मुल्ला-मौलवी का अपना क्रिएशन है। कुरान में कहा गया है कि जितना हो सके उतना खर्च करो। रोक कर मत रखो। वे बाबा साहब के संविधान का मजाक उड़ाकर उसे मौलवी लिपि में बदलना चाहते हैं। आज आरजेडी और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियां 'नमाजवाद' के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार आती है, जो आने वाली नहीं है, तो वे बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को कूड़ेदान में फेंक देंगे और शरिया कानून लागू करेंगे। भारत के इतिहास में 400 सीटें सिर्फ एक बार ही पार हुई हैं, वो 1985 में। कांग्रेस, जो कि इंडी गठबंधन का नेतृत्व कर रही है उसने संसद में शाहबानो पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया और शरिया को संविधान से ऊपर रख दिया।



### रूस से फंडिंग लेते थे कांग्रेसीः निशिकांत



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का सोशल मीडिया पर हालिया पोस्ट खूब सुर्खियां बटोर रहा है। इसमें सीआईए के कुछ पुराने दस्तावेजों का हवाला देते हुए उन्होंने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दुबे ने पोस्ट में दावा किया है कि कांग्रेस नेता हरिकिशन लाल भगत के नेतृत्व में 150 से अधिक सांसदों को सोवियत रूस से फंडिंग मिलती थी। उन्होंने कहा कि उस दौर में देश रूस के गुलामों और बिचौलियों का अड्डा बन गया था। उन्होंने दावा किया कि कुछ पत्रकार भी कांग्रेसी सांसदों की तरह रूस से पैसे लेकर खबरें लिखते थे। सांसद दुबे ने इससे पहले टीएमसी एमपी महुआ मोइत्रा पर सांसद पासवर्ड लॉगिन का गलत इस्तेमाल करने और पद के दुरुपयोग का मुद्दा उठाया था। इस मामले में महुआ की सांसदी चली गई थी।

### कांग्रेस ने दर्ज कराई शिकायत

युवा कांग्रेस की कर्नाटक इकाई ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। युवा कांग्रेस की लीगल सेल के अध्यक्ष श्रीधर और सह-अध्यक्ष समरुद्ध हेगड़े और अन्य पदाधिकारियों ने बंगलूरू के शेषाद्रीपुरम पुलिस थाने में होसबाले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को दी शिकायत में युवा कांग्रेस ने कहा कि '26 जून 2025 को आपातकाल को लेकर हुए एक कार्यक्रम में होसबाले बयान को कोट किया।

---

### रेलवे में भर्ती के नियमों में बदलाव

## अब रेलवे में बहाल होंगे रिटायर्ड कर्मचारी, खुलेंगे रोजगार दरवाजे

वेतन स्तर एक से नौ तक के खाली पदों को भरा जा सकेगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे बोर्ड ने रिटायर कम्रचारियों की दोबारा भर्ती के नियमों में ढीली दी है। अब वेतन स्तर एक से नौ तक के खाली पदों को भरने के लिए उसी विभाग के रिटायर कर्मचारी जो जिस स्तर तक के पद से रिटायर हुए हों, को भी फिर से काम पर रखे जाने को लेकर विभागीय कवायद प्रारंभ हो गया है। रेलवे के पत्र के अनुसार रेलवे ने साफ किया है कि पहले उसी स्तर से रिटायर हुए कर्मचारी जिनके पद खाली है उन्हे प्राथमिकता दी जाएगी।

अगर ऐसे लोग उपलब्ध नहीं है तभी उनसे ऊंचे स्तर से रिटायर कर्मचारियों को दोबारा नियुक्त किया जाएगा। इसके साथ ही अब रिटायर कर्मचारियों को दोबारा नियुक्त करने का अधिकार मंडल रेलवे प्रबंधक को दे दिया गया है। जबकि मुख्यालय में खाली पदों के लिए यह अधिकार पहले की तरह महाप्रबंधक के पास ही रहेगा। दोबारा नियुक्त होने वाले कर्मचारियों की कुल संख्या का फैसला भी महाप्रबंधक ही करेंगे। जिसमें रेलवे बोर्ड ने ये भी कहा कि दोबारा नियुक्ति सिर्फ जरूरत होने पर और सोच समझकर की जाए यह नियम की मंजूरी रेलवे बोर्ड और वित्त विभाग से मिल भी चुकी है। ये नियम लागू होने के बाद रिटायर कर्मचारियों में एक उम्मीद जगी है जिससे बेहतर कार्य करने वाले रिटायर कर्मचारियों को पुनः मौके की इस नई पहल से रेलवे विभाग को मजबूती मिलेगी साथ ही रेलवे के इस पहल से नौकरी से पर निर्भर रहने वाले रिटायर कर्मचारियों में एक नई ऊर्जा दे दिया है।

### भर्ती की तैयारियां हुई शुरू

साथ ही रेलवे के कार्य को गति मिलेगा। मंडल रेलवे प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा का कहना है कि रेलवे बोर्ड के यहां से पत्र आया है जिसको लेकर विभागीय तैयारी करने हेतु पैनल तैयार किया जा रहा है जिससे रिटायर कर्मचारियों को पुनः भर्ती करने में दिक्कतें न होने पाए।

---

# अब नए गठबंधनों से बढ़ेगी सियासी तकरार

बिहार में भाजपा के विरोधी दल जीत के लिए पसीना बहा रहे हैं। वहीं, एआईएमआईएम ने तीसरा मोर्चा बनाने का ऐलान कर दिया है। इससे राजद की चिंता बढ़ी है। उधर,जम्मू कश्मीर में नए गठबंधन से एनसी-पीडीपी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं


### तेजस्वी को झटका, ओवैसी बनाएंगे तीसरा मोर्चा, बिहार में बढ़ेगी चुनौती

एजेंसी ▶▶ पटना



बिहार में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) को इंडिया गठबंधन से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिसके बाद पार्टी ने तीसरा मोर्चा बनाने की रणनीति तय की है। एआईएमआईएम पहले तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन में शामिल होने की कोशिश में थी, लेकिन लगातार उपेक्षा और आमंत्रण न मिलने के कारण अब पार्टी ने अलग राह चुनने का फैसला किया है। पार्टी के प्रदेश नेता अख्तरुल ईमान ने साफ कर दिया कि एआईएमआईएम बिहार में किसी भी बड़े गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगी। एआईएमआईएम विधायक अख्तरुल ईमान ने कहा कि महागठबंधन की बैठक में भी पार्टी को नहीं बुलाया गया।

### जम्मू कश्मीर में नया गठबंधन बढ़ेंगी पीडीपी की भी मुश्किलें



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में एक नया गठबंधन बना है, जो भविष्य में सीएम उमर अब्दुल्ला और उनकी पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस के लिए चुनौती बन सकता है। सज्जाद लोन की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, हकीम यासीन की पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट और 2024 के जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव लड़ने वाले जमात-ए-इस्लामी गुट ने केंद्र शासित प्रदेश में एक राजनीतिक गठबंधन बनाने के लिए हाथ मिलाया है। गठबंधन को पीपुल्स अलायंस फॉर चेंज (पीएसी) नाम दिया गया है। सज्जाद लोन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की। उनके साथ यासीन और जस्टिस एंड डेवलपमेंट फ्रंट (जेडीएएफ) के संस्थापक अध्यक्ष शमीम अहमद थोकर भी थे।

---

*रैगिंग पर यूजीसी की बड़ी कार्रवाई!*

## आईआईटी,आईआईएम और एम्स तक को थमा दिए गए कारण बताओ नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूजीसी ने अब रैगिंग जैसे मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। इस लिस्ट में बड़े-बड़े इंस्टीटूट्स के नाम भी शामिल हैं। अब देश के नामी-गिरामी संस्थानों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सख्ती का सामना करना पड़ रहा है। कई यूनिवर्सिटी को रैगिंग जैसे मुद्दे को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। देशभर के 89 उच्च शिक्षण संस्थानों को यूजीसी ने कारण बताओ नोटिस भेजा है और उन्हें डिफॉल्टर लिस्ट में डाल दिया है। ये वे संस्थान हैं जिन्होंने अब तक न तो छात्रों से एंटी-रैगिंग शपथपत्र लिया और न ही निर्धारित समय पर अनुपालन हलफनामा जमा किया। यूजीसी सचिव डॉ. मनीष जोशी के अनुसार, आयोग की ओर से कई बार संस्थानों को रिमाइंडर भेजे गए थे। एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन और निगरानी एजेंसी ने भी अलर्ट किया, लेकिन इसके बावजूद संस्थान जरूरी कार्रवाई करने में नाकाम रहे। ये न केवल नियमों की अवहेलना है, बल्कि छात्रों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है।

नहीं माने तो होगी कड़ी कार्रवाई




---

*दीक्षांत समारोह में शामिल हुई राष्ट्रपति*

## हमारी संस्कृति सभी जीवों में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी ▶▶ बरेली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उत्तर प्रदेश के बरेली में भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति सभी जीवों में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। हमारे देवताओं और ऋषियों द्वारा पशुओं से संवाद करने की मान्यता भी इसी सोच पर आधारित है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आईवीआरआई दीक्षांत समारोह में छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य का वनों और वन्य जीवों के साथ सह-अस्तित्व का रिश्ता है। कई प्रजातियां या तो विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन प्रजातियों का संरक्षण जैव विविधता और पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। ईश्वर ने मनुष्य को जो सोचने-समझने की शक्ति दी है, उसका उपयोग सभी जीवों के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। कोरोना महामारी ने मानव जाति को चेताया है कि उपभोग पर आधारित संस्कृति न केवल मानव जाति को बल्कि अन्य जीव-जंतुओं और पर्यावरण को भी अकल्पनीय क्षति पहुंचा सकती है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आईवीआरआई के छात्रों की इस बात के लिए सराहना की कि उन्होंने बेजुबान जानवरों के इलाज और उनके कल्याण को अपना करियर चुना है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने जीवन और करियर में किसी दुविधा की स्थिति में उन जानवरों के बारे में सोचें।

---

### 15 जुलाई के बाद एनपीसीआई की कोई भूमिका नहीं

# यूपीआई से लेकर पेन तक, आज से बदल जाएंगे नियम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आज यानी एक जुलाई, 2025 से कई नए वित्तीय नियम लागू होने जा रहे हैं, जिसका आपकी जेब पर सीधा असर हो सकता है। इनमें यूपीआई चार्जबैक, नए तत्काल ट्रेन टिकट बुकिंग और पैन कार्ड के नियमों में बदलाव शामिल हैं। नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की ओर से हाल ही में सिस्टम को आसान बढ़ाने के उद्देश्य से यूपीआई चार्जबैक नियमों में बदलाव किया गया है। मौजूदा समय में बहुत अधिक दावों के कारण सभी चार्जबैक रिक्वेस्ट को खारिज कर दिया जाता है। ऐसे में सही चार्जबैक रिक्वेस्ट को प्रोसेस करने के लिए बैंक को यूपीआई रेफरेंस कंप्लेंट सिस्टम (यूआरसीएस) के जरिए एनपीसीआई के पास जाकर केस को व्हाइटलिस्ट करना पड़ता है। 15 जुलाई के बाद एनपीसीआई की इसमें कोई भूमिका नहीं रहेगी। अगर बैंक को कोई चार्जबैक रिक्वेस्ट सही लगती है तो उसे वह एनपीसीआई से व्हाइटलिस्ट किए बिना प्रोसेस कर सकती है। यूपीआई चार्जबैक एक औपचारिक विवाद है जिसे यूजर तब उठाता है जब कोई लेनदेन विफल हो जाता है या जब भुगतान की गई सेवा या उत्पाद वितरित नहीं किया जाता है। यह यूजर को बैंक या भुगतान सेवा प्रदाता से धन वापसी की मांग करने की अनुमति देता है।

**तत्काल टिकट बुकिंग के नए नियम लागू होंगे**

बिना आधार के नहीं बन पाएगा **पैन कार्ड**




### फॉर्म एडिट नहीं हो सकेगा

गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (जीएसटीएन) ने 7 जून, 2025 को घोषणा की थी कि मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी को जुलाई 2025 से एडिट नहीं किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, जीएसटीएन ने कहा था कि करदाताओं को देय तिथि से तीन वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना में भ्रष्टाचार का आरोप

## हाई कोर्ट ने शपथ पत्र पर मांगा जवाब

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना में भ्रष्टाचार के आरोप को गंभीरता से लिया।एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खण्डपीठ ने राज्य शासन, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मिशन डायरेक्टर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जबलपुर व डीइआइएम सुभाष शुक्ला को शपथ पत्र पर जवाब पेश करने के निर्देश दे दिए। इसके लिए 14 जुलाई से पूर्व तक का समय दिया गया है। कोर्ट ने भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर अब तक की गई कार्रवाई का शपथ पत्र सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत करने के दिशा-निर्देश दिए ह।

जनहित याचिकाकर्ता शिवसेना नेता, जबलपुर निवासी शैलेंद्र बारी की ओर से अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि दिव्यांग बच्चों के लिए कोक्लियर इम्प्लांट की खरीद और उपयोग के संबंध में व्यापक अनियमितता की गई है। क्रय किए गए इम्प्लांट घटिया गुणवत्ता के थे। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता ने अवगत कराया कि मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना में कथित अनियमितता के संबंध में लेखा-परीक्षा आपत्ति उठाई गई थी और सक्षम प्राधिकारी यानि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने



पहले ही कार्रवाई शुरू कर दी है और कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जवाब प्राप्त हो गया है और मामला सक्षम प्राधिकारी के सक्रिय विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि चूंकि सक्षम प्राधिकारी ने पहले ही कार्रवाई शुरू कर दी है, इसलिए इस रिट याचिका में नोटिस जारी करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने पूर्व-सूचना चरण में उठाए गए कदमों का खुलासा करते हुए शपथ-पत्र प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा। कोर्ट ने मांग स्वीकार करते हुए 14 जुलाई से पूर्व कार्रवाई संबंधी शपथ-पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दे दिए।

### जनहित याचिका में लगाए गए आरोप

जनहित याचिकाकर्ता के अनुसार मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना के अंतर्गत बोलने सुनने में दिव्यांग बच्चों के लिये उपयोग किए जाने वाले घटिया स्तर के काक्लियर इम्प्लांट्स की खरीद और उपयोग की अनियमितता की गई। इस योजना में जन्मजात बहरे दिव्यांग बच्चों के उपचार हेतु काक्लियर इम्प्लान्ट आपरेशन करने के बाद उनकी फालोअप थेरेपी किए बिना ही निजी संस्था को उसका भुगतान करने से शासन द्वारा किया गया दो करोड़ 28 लाख रुपये का व्यय निष्फल हो गया है। बिना इलाज के सरकार से इलाज के पैसे वसूलने का मामला गंभीर प्रकृति की वित्तीय अनियमितता है। प्रदेश के दिव्यांग बच्चों में सुनने की क्षमता विकसित करने हेतु वर्ष 2016 में काक्लियर इम्प्लांट आपरेशन किए जाने के चार साल बाद वर्ष 2020 में जबलपुर में पदस्थ डीइआइएम सुभाष शुक्ला द्वारा भोपाल स्थित संस्था से साठगांठ कर बिना बच्चों की फोलोअप चिकित्सा के फालोअप की राशि का भुगतान करने हेतु नोटशीट प्रस्तुत कर फर्जी भुगतान कराया गया।

# वृद्धा से 59 लाख की ठगी करने वाला साइबर ठग राजस्थान से गिरफ्तार

## फर्जी सिम और मनी लॉन्ड्रिंग के नाम पर डराकर की गई थी धोखाधड़ी, आरोपी से मोबाइल-चेकबुक और एटीएम कार्ड जब्त

हरिभूमि, जबलपुर।

साइबर अपराधों पर शिकंजा कसते हुए जबलपुर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। वृद्धा से मनी लॉन्ड्रिंग के नाम पर 59 लाख 65 हजार रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर क्राइम ब्रांच और साइबर सेल की टीम द्वारा की गई। टीआई शैलेश मिश्रा ने बताया कि 61 वर्षीय शशि शर्मा निवासी पटेल मोहल्ला, यादव कॉलोनी को 10 जनवरी को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने उन्हें यह कहकर डराया कि उनकी सिम का मनी लॉन्ड्रिंग में दुरुपयोग हुआ है, और यदि उन्होंने बताई गई प्रक्रिया नहीं मानी तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डर के कारण उन्होंने 10 से 20 जनवरी के बीच अलग-अलग खातों में कुल 59,65,000 रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए।

### टीम बनाकर जयपुर में दबिश

पुलिस कप्तान के निर्देश पर एएसपी आनंद कलादगी, डीएसपी उदयभान बागरी और टीआई



अपराध शैलेष मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जयपुर (राजस्थान) में दबिश देकर आरोपी मुकेश चौधरी (24) निवासी नागौर को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से दो मोबाइल, एक चेकबुक और एक एटीएम कार्ड बरामद किया गया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

कार्यवाही में टीआई अरविंद आर्मो, एसआई नीरज नेगी, प्रधान आरक्षक अमित पटेल व क्राइम ब्रांच के आरक्षक विनय ने आरोपी की गिरफ्तारी में विशेष योगदान दिया।



# 46 नव आरक्षक प्रशिक्षण को रवाना

**हरिभूमि, जबलपुर**। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने बुनियादी प्रशिक्षण के लिए इंदौर, उज्जैन व रीवा जा रहे 46 नव आरक्षकों को ब्रीफ किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में सीखी गई बातें भविष्य की नींव बनेंगी, इसलिए अनुशासनपूर्वक और पूरी लगन से सीखें। साथ ही पुलिस सैलरी पैकेज की जानकारी भी दी गई। 20 महिला आरक्षक इंदौर और शेष 26 आरक्षक इंदौर, उज्जैन व रीवा भेजे जा रहे हैं। इस अवसर पर सूबेदार अमित शिववंशी उपस्थित रहे।

वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने लिया संज्ञान

# दबंगों ने युवक को निर्वस्त्र कर की पिटाई

**जबलपुर**। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने शहर में हड़कंप मचा दिया। इस वीडियो में एक युवक को कुछ लोग निर्वस्त्र कर बुरी तरह पिटाई करते हुए दिखाई दे रहे है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर वायरल एक वीडियो पर पुलिस ने संज्ञान लेकर जांच की तो पता चला कि यह



वीडियो गौरीघाट क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक जबलपुर निवासी सूर्या मलिक के इंस्टाग्राम पेज से यह वीडियो अपलोड किया गया है। हालांकि जिस युवक के साथ यह कृत्य किया गया है वह कौन है उसकी पिटाई क्यों की जा रही है उसका खुलासा अभी नहीं हुआ है। पुलिस मामलें की जांच कर रही है। 15 व 13 सेकेंड के दो वायरल वीडियो में लिखा है कि ओनली सेन साहब गौरीघाट में पीटते हुए, पापा बोलो बेटा पापा। दूसरे वीडियो मे लिखा है कि ओनली सूर्या मलिक वीडियो में देखा जा सकता है कि दबंगई दिखाने के लिए बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। मामले वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद गौरीघाट थाना प्रभारी ने मामलें की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस मामलें की गंभीरता से जांच कर रही है।

# सरकारी स्कूलों के कक्षा 6 और 9 के बच्चों को ही मिलेंगी साइकिलें

**जबलपुर**। स्कूल शिक्षा विभाग ने शासकीय स्कूलों में निःशुल्क साइकिल वितरण के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। दिशा-निर्देश में बताया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले विद्यार्थी, जो कि शासकीय विद्यालय में कक्षा 6वीं और 9वीं में अध्ययनरत हैं तथा वे जिस ग्राम के निवासी हैं उस ग्राम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय-हाई स्कूल संचालित नहीं हैं वे अध्ययन के लिये किसी अन्य ग्राम या शहर के शासकीय स्कूल में जाते हैं उन छात्रों को इस योजना का लाभ कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रथम प्रवेश पर एक ही बार मिलेगा। इन कक्षाओं में पुनः प्रवेश लेने पर साइकिल की पात्रता नहीं होगी। ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे विद्यार्थी जो शासकीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में अध्ययनरत हैं उस गांव से उनके निवास की दूरी 2



किलोमीटर की दूरी से अधिक हो उन्हें ही साइकिल की पात्रता होगी। ग्रामीण क्षेत्र में कन्या छात्रावास में अध्ययनरत छात्राएं जिनके माध्यमिक शाला और हाई स्कूल छात्रावास से स्कूल की दूरी 2 किलोमीटर अधिक दूरी पर है यह साइकिलें छात्रावास को आवंटित की जायेंगी और छात्रावास में रहने वाली बालिकाएं इनका प्रयोग कर सकेंगी। छात्रावास छोड़ते समय साइकिलें छात्रावास में जमा कराना होंगी। योजना में कक्षा 6वीं के विद्यार्थियों को 18 इंच और कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों को 20 इंच की साइकिलें प्रदाय की जायेंगी। निःशुल्क साइकिल वितरण की विस्तृत जानकारी 3.0 पोर्टल पर प्रदर्शित की गई हैं। निःशुल्क साइकिल वितरण के संबंध में कक्षा 6वीं की साइकिल के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी आर.के. पांडे और कक्षा 9वीं के लिये योजना अधिकारी अशोक बडग़े को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# एक दिन में लगाये जायेंगे एक लाख पौधे

जबलपुर।

हरित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में लोक निर्माण विभाग द्वारा मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक पहल के तहत एक जुलाई को पूरे प्रदेश में एक साथ एक लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ भोपाल के लिंक रोड क्रमांक-एक स्थित चिनार उद्यान में सुबह 10 बजे लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा पौधारोपण कर होगी। मंत्री श्री सिंह ने कहा है कि हरित मध्यप्रदेश की कल्पना को साकार करने के लिए लोक निर्माण विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एक दिन में एक लाख पौधे लगाकर हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करने जा रहे हैं। यह सिर्फ पौधरोपण नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य देने का संकल्प है।"

इस प्रदेशव्यापी अभियान के अंतर्गत सभी जिलों में विभागीय विश्रामगृहों, कार्यालय परिसरों, सड़क किनारे की भूमि और अन्य चिन्हित स्थलों पर पौधरोपण किया जाएगा। अभियान में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, अभियंता, कर्मचारी तथा आम नागरिक सक्रिय रूप से भाग लेंगे। जिलों

### वृहद वृक्षारोपण अभियान

को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़ा जाएगा, जिससे पूरे प्रदेश में एक साथ समन्वित रूप से यह अभियान संचालित हो सके। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए पूर्व तैयारी के अंतर्गत सभी जिलों में उपयुक्त भूमि की पहचान, गड्ढों की खुदाई, पानी की व्यवस्था और पौधों की सुरक्षा से संबंधित सभी काम पहले ही पूरे कर लिए गए हैं। नर्सरियों से प्राप्त नीम, पीपल, अर्जुन, आम, अमरूद, कचनार, गुलमोहर जैसे छायादार और फलदार पौधों को प्राथमिकता दी गई है। इन पौधों का चयन स्थानीय जलवायु के अनुसार किया गया है।

विभाग द्वारा केवल पौधे लगाने तक ही सीमित नहीं रहते हुएपौधों के संरक्षण और नियमित देखरेख की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक स्थान पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को पौधों की सिंचाई, सुरक्षा और निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विभागीय पोर्टल और मोबाइल ऐप के माध्यम से निगरानी प्रणाली भी तैयार की गई है, जिसके माध्यम से पौधों की स्थिति की जिलावार रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

अभियान लोक निर्माण विभाग की मूल भावना "लोक निर्माण से लोक कल्याण" का जीवंत उदाहरण है। यह पहल एकदिनी नहीं है, बल्कि हर वर्ष नियमित रूप से आयोजित की जाएगी, जिससे विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन और हरियाली को भी समान महत्व मिल सके।

# जुआ के फड़ पर छापा

**जबलपुर**। तिलवारा और अधारताल पुलिस ने अपने अपने क्षेत्र में चल रहे जुए के फड़ों पर छापा मारकर 14 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 45 हजार 400 रुपए जब्त किए है। तिलवारा पुलिस थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि सोमवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम घुंसौर में पारस धर्मकांटा के पीछे बिजली खंबे के नीचे जुआ मन्ना खेल रहे मुकेश चौरसिया, रूपचंद पटैल, हनु चौरसिया, सचिन यादव, अभिषेक पुरी गोस्वामी, राजा विश्वकर्मा, अनिकेत सेन, ब्रजेश माली, शैलेष अग्रवाल और सचिन पटैल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 52 पत्ते तथा 41 हजार 500 रुपए जब्त किए है। पूछताछ करने पर बड़ी उखरी थाना लार्डगंज निवासी सुशील कोल द्वारा जुआ फड़ संचालित किए जाने की बात स्वीकार की।

**14 जुआरी गिरफ्तार, 45 हजार जब्त**

# 8 जुलाई तक बंद रहेगा दमोह नाका चौक से वाहनों का आवागमन

**जबलपुर**। सड़क और नाली निर्माण के शेष बचे कार्य को पूरा करने दमोह नाका चौक मार्ग से वाहनों के आवागमन पर लगी रोक की अवधि बढ़ा दी गई है। फ्लाईओवर के नीचे का यह मार्ग अब 8 जुलाई तक वाहनों के आवागमन के लिये बंद रहेगा। इस मार्ग पर आने जाने वाले वाहनों को पूर्व के अनुसार डायवर्टेड रूट से गुजरना होगा।

लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह ने यह जानकारी देते हुये बताया दमोह नाका चौक पर सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य वर्षा के कारण बाधित हुआ है और शेष बचे कार्य को पूरा करने इस मार्ग को वाहनों के आवागमन के लिये अब आठ जुलाई तक बंद करने का निर्णय लिया गया है। कार्यपालन यंत्री श्री सिंह ने बताया कि दमोह नाका चौक को आवागमन के लिये बंद किये जाने की अवधि बढ़ाये जाने से इस मार्ग पर यातायात का डायवर्सन पूर्व के अनुसार ही रहेगा। उन्होंने बताया कि आधारताल से दमोह नाका की तरफ आने वाहन मेट्रो बस, हैवी व्हीकल, कार, ऑटो रिक्शा और ई- रिक्शा आदि को गोहलपुर थाने से अमखेरा रोड से खजरी बायपास मार्ग का इस्तेमाल कर सकेंगे, जबकि दो पहिया वाहन शांति नगर चौक से दाहिने और डायवर्ट होते हुए पाटन मार्ग का इस्तेमाल कर सकेंगे।

इसी प्रकार रानीताल चौक से दमोह नाका की ओर आने वाले ट्रैफिक मेट्रो बस, हैवी व्हीकल, कार, ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा आदि को बल्देवबाग चौक से एम आर-4 रोड की तरफ बाएं ओर मार्ग डायवर्ट रहेगा। इस मार्ग पर आने वाले दो पहिया वाहनों के लिये गोपाल आर्केड पिलर नम्बर 33 से बाईं ओर के मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। पाटन एवं आईएसबीटी चौक से दमोह नाका की तरफ आने वाले वाहन मेट्रो बस, हैवी व्हीकल, कार, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा आदि को आईएसबीटी से खजरी बायपास होते हुये अमखेरा रोड की ओर डायवर्सन रूट पर चल सकेंगे तथा इस मार्ग पर आने वाले दो पहिया वाहन मेट्रो हॉस्पिटल की बायीं ओर के डायवर्टेड रूट का इस्तेमाल कर सकेंगे।

# अपर कलेक्टर सुमिशा सिंह की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की हुई समीक्षा

**जबलपुर**। अपर कलेक्टर सु मिशा सिंह की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने सभी विभागों की सीएम हेल्पलाईन की एक-एक कर समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण नॉन अटेंडेंट न रहे, समाधान भविष्यात्मक न रहें और न ही निम्न गुणवत्ता से बंद हों। साथ ही कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को पहले निराकृत करें। इस दौरान उन्होंने कहा कि 10 जुलाई को गुरू पूर्णिमा है अतः शिक्षा विभाग द्वारा किये गये सभी पूर्ण कार्यों का लोकार्पण करना सुनिश्चित करें। इस कार्य के लिए नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत होंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थी जिन्हें केन्द्र प्रवर्तित प्री-मैट्रिक/पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति (वार्षिक पारिवारिक आय-सीमा राशि रूपये 2.50 लाख से कम) का लाभ प्राप्त होता है। उन्हें वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये 30 जुलाई तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) कराना अनिवार्य है। विद्यार्थियों द्वारा एक बार ओटीआर नबंर प्राप्त कर लिये जाने के पश्चात भविष्य में भी आगामी कक्षाओं में इसी नंबर के आधार पर छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा, जिसके लिये पृथक से पुनः ओटीआर की आवश्यकता नहीं होगी।

कक्षा 9वीं से महाविद्यालय स्तर तक अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा ओटीआर नबंर प्राप्त करने की प्रक्रिया दो चरणों में सम्पन्न होगी।

कप्तान के निर्देश पर चलाया गया विशेष अभियान, प्रमुख चौराहों से हटाया गया अस्थायी अतिक्रमण

# सराहनीय पहल: अतिक्रमण हटाकर नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाई

हरिभूमि, जबलपुर।

**शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर सोमवार को विशेष संयुक्त अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन एएसपी समर वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें डीएसपी यातायात घमापुर संगीता डामोर एवं टीआई यातायात घमापुर इन्द्रा ठाकुर की अहम भूमिका रही।**

अभियान के अंतर्गत घमापुर यातायात थाना, सिविल लाइन थाना और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा पुल नंबर 01 से इंदिरा मार्केट और मालगोदाम चौक तक के मार्ग पर हाथ ठेले, टपरे, अस्थायी दुकानों और अन्य अतिक्रमण को हटाया गया। इस कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने पैदल भ्रमण कर अव्यवस्थित पार्किंग को भी ठीक कराया और वहां खड़े वाहनों को सुव्यवस्थित रूप से पार्क करवाया गया।



### जागरूकता का संदेश भी दिया

कार्रवाई के साथ-साथ इंदिरा मार्केट और मालगोदाम क्षेत्र में दुकानदारों और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। विशेष रूप से ई-रिक्शा चालकों को निर्धारित मार्ग पर ही वाहन संचालन सुनिश्चित करने की सख्त हिदायत दी गई। उन्हें बताया गया कि नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### व्यवस्थित करने की दिशा में बड़ा कदम

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने कहा कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करना केवल पुलिस का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। पुलिस द्वारा लगातार ऐसे अभियान चलाए जाएंगे ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी, शहर की सड़कों पर अनुशासन और जनता में जागरूकता लाई जा सके। यह अभियान न केवल सड़कों को व्यवस्थित करने की दिशा में बड़ा कदम है, बल्कि नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाने की एक प्रभावी पहल भी है।

## जल संरक्षण एवं संवर्धन का दे रहे संदेश

# जल संकट जैसी बड़ी समस्या से निपटने जलदूत कर रहे छोटे-छोटे चेकडेम और तालाब का निर्माण

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप 30 मार्च से 30 जून तक चलाए गए जल गंगा सवंर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के बेहतर परिणाम नजर आने लगे हैं। अभियान के तहत जिले के जलदूत जल संकट जैसी बड़ी समस्या से निपटने के लिए छोटे-छोटे चेकडेम का निर्माण, तालाब बनाकर, पौधरोपण कर एवं जल स्त्रोतों का संरक्षण और जल संचय करने का संदेश दे रहे हैं।



जबलपुर जिले के ग्राम पंचायत सुंदरपुर निवासी जलदूत राकेश ठाकुर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल रोकने के लिए तालाब का निर्माण किया गया। वन विभाग द्वारा पौधारोपण का कार्य कराया जा रहा है जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे और आमजन को साफ स्वच्छ प्राणवायु मिल सके। ठाकुर के अनुसार सुंदरपुर में पानी को रोकने के लिए छोटे-छोटे चेकडेम का बनाए गए हैं जिससे गर्मियों के दिनों में जल संकट जैसी समस्या से सहाजता से निपटा जा सके। इसके साथ ही पुराने नदी-तालाबों की साफ-सफाई करके वहां भी चेकडेम बनाए गए हैं। शारदा माई ग्राम पंचायत सुंदरपुर पहाड़ी में भी वन विभाग एवं युवा सेवा संगठन समिति द्वारा पेड़-पौधे लगाए गए हैं। सुंदरपुर ग्राम पंचायत से आमानाला तक रोड़ के दोनों किनारे पर भी पौधारोपण किया गया है।

जलदूत ठाकुर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गांव जाकर लोगों को वर्षा जल संरक्षण, पेड़ लगाने और जल के सही उपयोग के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यह अभियान हमारे वर्तमान और भविष्य दोनों को सुरक्षित करेगा। जलदूत के रूप में काम करके वह बहुत खुश हैं। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। जिले में विगत तीन माह से अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जहां एक ओर नए तालाब और चेकडेम बनाए जा रहे हैं, वहीं पुराने नदी, तालाबों, बावड़ियों और कुंओं का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है। जल जीवन का अभिन्न अंग है इसके बिना कृषि, उद्योग और जीवन की कल्पना करना भी निरर्थक हैं। जल का संरक्षण करना हम सभी का परम कर्तव्य है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हैं।

# ऑनलाईन उपस्थिति से शिक्षकों में असंतोष

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव गुडविन चार्ल्स ने बताया कि शासन द्वारा ई अटेंडेंस के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति लगवाने से शिक्षकों में भारी असंतोष है, क्योंकि इससे शिक्षकों की ईमानदारी पर प्रश्न चिन्ह लगता है, जबकि शिक्षक अपना कार्य पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से करता है, वहीं सिर्फ शिक्षा विभाग को ही अटेंडेंस की प्रक्रिया से क्यों गुजरना पड़े। प्रदेश के सभी 56 विभाग में ई अटेंडेंस से उपस्थिति लगाई जानी चाहिए।बताया गया जिस एप से उपस्थिति लगनी है (हमारे शिक्षक ऐप) इसमें भी बहुत सी खामियां आ रही हैं। खामियां यह है कि जो लोकसेवक लेट आए उसके लिए कोई ऑप्शन नहीं रखा गया है और इसमें भागमभाग करते हुए यदि कोई दुर्घटना हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा यह बहुत बड़ा सवाल उठता है। 10:30 का समय मिलाने के चक्कर में बड़ा हादसा हो सकता है। इसलिए ऐप में लेट आने पर टाइम का भी ऑप्शन रखा जाना चाहिए कि कौन कितने बजे आ रहा है। दूसरा यह है कि जब ऐप में हाजिरी लग जाती है उसके तीन घंटे बाद अर्द्ध अवकाश स्वीकृत किया जाता है, जबकि ऐसा होना चाहिए कि यदि कोई पूर्व में अर्द्ध अवकाश लेना चाहे तो उसका भी ऑप्शन उसमें आना चाहिए और यदि कोई लेट हो जाता है तो उसके पांच बार के लेट हो जाने पर एक छुट्टी काटी जाना चाहिए ताकि जो भागमभाग होती है, उससे होने वाली दुर्घटना से बचा जा सके। इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए मानवीय दृष्टिकोण से ई अटेंडेंस को लागू नहीं किया जाए। संगठन मुख्यमंत्री से यही मांग करता है।


मिताली बैनर्जी
अध्यक्ष


रुपेश राय
सचिव


जय सचदेवा
कोषाध्यक्ष

# रोटरी क्लब के नये पदाधिकारी नियुक्त

**जबलपुर।** भारत वर्ष के तीसरे सबसे पुराने एवं प्रतिष्ठित क्लब (स्थापित 1939) रोटरी क्लब ऑफ़ जबलपुर डिस्ट्रिक्ट 3261 सत्र 25-26 हेतु मिताली बैनर्जी (अध्यक्ष), रुपेश राय (सचिव), जय सचदेवा (कोषाध्यक्ष) का चयन निर्विरोध किया गया है। सर्वश्री विवेक तन्खा, बलदीप सिंह मैनी, लोकेश चौबे, डॉक्टर राजेश धीरावाणी, एन.के. श्रीवास्तव, श्रीमती रचना त्रिवेदी एवं अन्य रोटेरियन ने नये पदाधिकारियों के चयन पर हर्ष व्यक्त किया है।

# केके नायकर और डॉ. अनिल कुमार कोरी मिलन के संयोजक एवं सहसंयोजक मनोनीत



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के प्राचीनतम साहित्यिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था मिलन, जबलपुर के द्वारा संस्था के सूत्रधार मोहन शशि एवं प्रधान संरक्षक आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे एवं सम्मानीय सदस्यों की उपस्थिति में प्रख्यात हास्य कलाकार केके नायकर और डॉ. अनिल कुमार कोरी को मिलन संस्था के संयोजक एवं सहसंयोजक के पद पर मनोनीत किया गया। इन दायित्वों के निर्वहन हेतु नगर की सभी संस्थाओं ने मंगलकामनाएं ज्ञापित की हैं।

# स्वर्गीय ईश्वरदास रोहणी की जन्म जयंती प्राइवेट मेडिकल एसोसिएशन ने पौधा रोपित कर मनाई

**जबलपुर।** आज दादा ईश्वरदास रोहणी के 79वें जन्म दिवस पर एम्पायर चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर केंट विधानसभा के समस्त कार्यकर्ताओं संग मेडिकल प्रैक्टिशनर एसोसिएशन के चिकित्सकों ने माल्यार्पण एवं पौधारोपण कर दादा का आशीर्वाद लिया।



30 जून को स्व. ईश्वरदास रोहाणी की जयंती प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर एसोसिएशन जबलपुर चिकित्सकों ने पौधा रोपकर मनाई। इसमें डॉ चंदेश जैन,डॉ कमल विश्वास, डॉ आरडी गुप्ता, डॉ मकसूद चिश्ती, डॉ आरएन तिवारी, डॉ शिव प्रसाद यादव, डॉ अनंत वर्मा, डॉ सी रजक, डॉ दिनेश कोस्टा,डॉ विनोद श्रीवास्तव, डॉ सोहनलाल केसरवानी, डॉ श्रीकांत साहू, डॉ मकबूल अली, डॉ एके पटेल, डॉ संतोष जैन, डॉ ललित तिवारी, डॉ नारायण पांडे, डॉ अखिलेश्वर मिश्रा, डॉ एस सिद्धे, डॉ दीपक दीक्षित, डॉ सौरभ वर्मा, डॉ रवि मिश्रा, नर्मदा गुप्ता, विजय वानखेडे, ईश्वर सिंह डागौर, विभा उपाध्याय, गुल्लू दुबे, अंशुमान शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# ग्वारीघाट में पिंक पॉवर सोशल ग्रुप का स्वच्छता एवं सेवा अभियान सम्पन्न

## स्वच्छता के साथ मानव सेवा की मिसाल बनी महिलाएं

**जबलपुर।** सामाजिक दायित्वों को निभाने की प्रेरणा बनते हुए पिंक पॉवर सोशल ग्रुप द्वारा आज दोपहर 2 बजे ग्वारीघाट में एक विशेष स्वच्छता एवं सेवा अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान में संस्था के सचिव प्रोफेसर कंचन ढींगरा ने बताया कि सभी पदाधिकारीगण एवं सक्रिय सदस्यगणों ने मिलकर घाट की सफाई करते हुए घाट की सीढ़ियों, तट के किनारों एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ किया। इस अवसर पर संस्था द्वारा 'स्वच्छ घाट सुंदर जबलपुर' का संदेश जनमानस तक पहुंचाया गया।



सेवा के साथ संकल्प- सफाई के उपरांत संस्था द्वारा घाट पर उपस्थित ज़रूरतमंद लोगों को बिस्किट, नमकीन, मिठाई एवं गर्म चाय वितरित की गई। इससे उन लोगों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली जो अक्सर समाज की नजरों से दूर रह जाते हैं। "हमारा उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि समाज में सेवा, संवेदना और जागरूकता का वातावरण बनाना है। महिलाओं की भागीदारी से ही समाज में सच्चा परिवर्तन संभव है।"

नारी शक्ति का संगठित प्रयास- पिंक पॉवर सोशल ग्रुप, जबलपुर का एक अग्रणी महिला संगठन है जो पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में सक्रिय योगदान दे रहा है। यह अभियान इस बात का प्रतीक बना कि जब नारी शक्ति एकजुट होती है, तो समाज में वास्तविक बदलाव लाया जा सकता है। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने भी संगठन के इस प्रयास की सराहना करते हुए साथ देने का वादा किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप अध्यक्ष पूनम गुप्ता, सचिव कंचन ढींगरा, उपाध्यक्ष गीता अरोरा, मीडिया प्रभारी गायत्री दुबे, संरक्षक उषा महाजन, यास्मीन महमूद, प्रिया तिवारी, रानी राठौर, कोमल गुप्ता, सविता गुप्ता, भारती सिद्धा एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षाविद् प्रो. आलोक चंसोरिया का सेवानिवृत्ति एवं अभिनंदन समारोह आयोजित

**जबलपुर।** हवाबाग महाविद्यालय, जबलपुर के गौरव, अंग्रेजी विभाग एवं कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष, राष्ट्र के प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. आलोक चंसोरिया, का सेवानिवृत्ति एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन 30/06/2025 को संस्कारधानी के सम्माननीय नागरिकों एवं शैक्षणिक जगत की महत्वपूर्ण विभूतियों के सानिध्य में बहुत हर्षोउल्लास के साथ दो चरणों में सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय पधारे गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं महाविद्यालय की प्रबंधक एल.सी. सिलास के द्वारा प्रार्थना के साथ समारोह का शुभारंभ किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय प्रो. राजेश कुमार वर्मा, कुलगुरू, रानी दुर्गावती वि.वि. जबलपुर, म.प्र. की उपस्थिति सराहनीय रही। प्रार्थना के पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। तदोपरांत महाविद्यालय परिवार की ओर से गणमान्य अतिथियों का शॉल,



श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। डॉ. पंजाबराव चंदेलकर, क्षेत्रीय, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, जबलपुर संभाग, जबलपुर, प्रो. अलकेश चतुर्वेदी, प्राचार्य, शासकीय स्वशासी महाकौशल कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर, प्रो. अखिलेश पाण्डे, पूर्व कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, डॉ. आलोक मिश्रा, पूर्व शासी निकाय सदस्य, हवाबाग महाविद्यालय, जबलपुर, प्रो. कमलेश मिश्रा, पूर्व कुलपति मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भोपाल, डॉ. आर. के. बघेल, कुलसचिव, रानी दुर्गावती वि.वि., जबलपुर, प्रो. ममता राव, शासी निकाय सदस्य, हवाबाग महाविद्यालय, जबलपुर, श्री करमजीत सिंह वाधवा, शासी निकाय सदस्य, हवाबाग महाविद्यालय, जबलपुर, प्रो. दिव्या चंसोरिया, पूर्व अध्यक्ष एवं डीन, विधि विभाग, रानी दुर्गावती वि.वि., जबलपुर, की उपस्थिति ने समारोह को भव्यता प्रदान की प्राचार्य डॉ. शहवार सैयद द्वारा प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. आलोक चंसोरिया प्रेरणानायक, अभिभावक की यात्रा एवं शिक्षण, जुनशासन, प्रशासन और साहित्यिक क्षेत्र में उनके योगदान को वर्णित किया गया। प्रबंधक श्रीमती एल.सी. सिलास द्वारा उनके आने वाला समय सुखद, स्वास्थ्यपूर्ण और उत्साहवर्धक हो ऐसी कामना साथ आपके द्वारा महाविद्यालय मे दिये गये 33 स्वर्णिम वर्षों के बहुमूल्य योगदान के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।महाविद्यालय परिवार के सदस्य, डॉ कचन सहगल, डॉ. अशोक सोनी, डॉ. अनिता उपाध्याय, डॉ. कविता शर्मा, श्री अभिनव सांयखेड़कर एवं शहर की गणमान्य विभूतियाँ अन्य महाविद्यालयों से आये आचार्य एवं प्रियजनों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. शहवार सैयद एवं डॉ. जयश्री दीक्षित द्वारा किया गया।

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद यादव की जयंती पर आयोजन आज

**जबलपुर।** शरद यादव विचार मंच द्वारा भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री समाजवादी नेता शरद यादव की जयंती पर एक कार्यक्रम डॉ. आम्बेडकर चौक तहसीली चौक के समीप ललित उद्यान में प्रस्तावित प्रतिमा स्थल पर अपरान्ह 03 बजे से आयोजित है। मंच के अध्यक्ष बैजनाथ कुशवाहा, रामरतन यादव, किशोरीलाल भलावी, राधेश्याम अग्रवाल, घनश्याम यादव, अरविंद पैगवार, नोखेलाल प्रजा, सुधीर शर्मा एवं विभिन्न राजनीतिक दलों, मजदूर संगठन, किसान छात्र युवा संगठन ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।




**श्री स्वरूप चंद्र नाहर**- गोरखपुर रितिक अपार्टमेंट के पीछे निवासी श्री स्वरूप चंद्र नाहर (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री अमृत लाल केवट- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री अमृत लाल केवट (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बड्डा यादव**- इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री बड्डा यादव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजू प्रजापति- बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री राजू प्रजापति (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।श्रीमती मुन्नी बाई पटेल- शारदा नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री कुंदन पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई पटेल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनू कुमार झा**- कछियाना द्वारका नगर निवासी श्री राजेंद्र कुमार झा के पुत्र श्री मनू कुमार झा (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री तेजी लाल**- कंचन विहार विजयनगर निवासी श्री तेजी लाल (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रहलाद चंद्र ताम्रकार**- गली नं. 23 शांति नगर दमोहनाका प्रहलाद चंद्र ताम्रकार (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
मात्र 40/- प्रति वर्ग से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160



# वाल्मीकि समाज ने आयोजित किया सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन

## दहेजमुक्त समाज की दिशा में एक सशक्त पहल

**जबलपुर।** रामलीला मैदान सदर, जबलपुर में 29 जून 2025 को वाल्मीकि समाज जबलपुर द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं सामाजिक समरसता से परिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में 7 वर-वधुओं का विधिवत विवाह संस्कार समाज की उपस्थिति में संपन्न कराया गया।दूल्हों की भव्य बारात दोपहर में गणेश चौक, सदर से प्रारंभ हुई, जिसमें सैकड़ों समाजजन उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। ढोल-नगाड़ों एवं पारंपरिक उत्सवी वातावरण ने पूरे क्षेत्र को उल्लास से भर दिया।

इस शुभ अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें विशेष रूप से अशोक रोहाणी विधायक जबलपुर कैंट, अभिलाष पांडे विधायक उत्तर-मध्य विधानसभा, रत्नेश सोनकर नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, रिंकुंज विज अध्यक्ष नगर निगम जबलपुर, सोनू बचवानी वरिष्ठ समाजसेवी। इन सभी विशिष्टजनों ने वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया एवं समाज की इस पहल की सराहना करते हुए दहेजमुक्त विवाह को प्रोत्साहित करने की अपील की।

**नाम सुधार सूचना**

मैं अरविंद बदशा पिता श्री नेमी चंद बदशा यह घोषणा करता हूं कि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम अरविंद बदशा (ARVIND BADSHA) पिता श्री नेमी चंद बदशा (NAMI CHAND BADSHA) दर्ज है जो कि सही है मेरे पासपोर्ट नं .N 3294399 जिसमें मेरे नाम की स्पेलिंग अरविंद कुमार बादशाह (ARVIND KUMAR BADSHAH) त्रुटिवश गलत दर्ज हो गई है जिसे सुधार कर अरविंद बादशाह (ARVIND BADSHA) दर्ज किया जाय।

गलत स्पेलिंग - अरविंद कुमार बादशाह
ARVIND KUMAR BADSHAH
सही स्पेलिंग - अरविंद बादशाह
ARVIND BADSHA

पता - 3669/1,गायत्री मंदिर मार्ग,मनमोहन नगर जबलपुर (म. प्र.)

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/19-20 /2025-26
दिनांक:- 30/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति उर्मिला देवी पति गेंदा लाल यादव ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम ईश्वर दास रोहाणी वार्ड के समपत्ति के पिन क्रमांक 1000364045 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 506 व.फु. आरसीसी जिस पर निर्मित भूतल 230 व.फु. कच्चा शपथ पत्र, अनु. विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री आनंद यादव पिता स्व. श्री गेंदालाल यादव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/69
दिनांक:- 30/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति गिरिजा परेतकर पति स्व. श्री गिरीश परेतकर ने मकान नं. 187 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 854 व.फु. प्रथम तल 704 व.फु. शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/19-20 /2025-26
दिनांक:- 30/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सुषमा यादव पति श्री कमलेश यादव ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक 425/ए कमिश्नर कार्यालय के सामने समपत्ति के पिन क्रमांक 1000400064 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 979 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 780 व.फु. आरसीसी, 105 व.फु. कच्चा जीएफ प्रथम तल 780 व.फु. आरसीसी विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति रमा पाण्डेय एवं उपमा पाण्डेय पति स्व. श्री त्रिलोचन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 14660918X RANK HAV NAME JITENDRA SINGH S/O SANGRAM SINGH OF UNIT 506, ARMY BASE WORK SHOP, JABALPUR (MP) R/O VILL- PINJRE, PO- PINJRE, TEH- ALIGANJ, DISTT-ETAH (UP)-208149 I, have changed name of my DAUGHTER from KUMARI SURTI (name as per my Army service records) to SHRUTI RATHOR (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD vide affidavit dated 30/06/2025 formerly before Public Notary JABALPUR (MP) (Name and place of Court).

CORRECT NAME
SHRUTI RATHOR
INCORRECT NAME
KUMARI SURTI

**नाम परिवर्तन**

मैं, सूबेदार सिंह राजपूत उम्र 43 वर्ष आत्मज स्व. श्री भोला सिंह पता:-6वी बटालियन, एस.ए.एफ, थाना रांझी, जिला जबलपुर, मध्यप्रदेश वाला शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि 1. यह कि मैं शपथकर्ता 6वी बटालियन, एस.ए.एफ. थाना रांझी, जिला जबलपुर में कार्यवाहक प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हूँ। मेरा बैच नं. 381 है। 2. यह कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम सूबेदार सिंह पिता का नाम स्व. भोला सिंह दर्ज है। 3. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड, बैंक पास बुक में मेरा नाम सूबेदार सिंह राजपूत दर्ज है। 4. यह कि मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम सूबेदार सिंह के स्थान पर सूबेदार सिंह राजपूत पिता का नाम स्व. भोला सिंह सम्बोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ। 5. यह कि मध्यप्रदेश के राजपत्र में मेरा नाम सूबेदार सिंह राजपूत पिता का नाम स्व. भोला सिंह प्रकाशित करने की दया करें। इस वास्ते शपथपत्र पेश है

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र. क्र. 0177/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका श्री/श्रीमति फातिमा रोशनआरा पिता/ पति सूबेदार मोहम्मद इसाक निवासी बिलहरी पो. ऑफिस के पास मण्डला रोड जबलपुर द्वारा ग्राम बिलहरी प.ह.नं. 21 नं. ब. 50 ख.नं. 97/1/1/1/1 रकबा 465 हेक्टेयर / वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/वसीयतनामा / सहमति पत्र / फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: उक्त भूमि आवेदक/ आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति / एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनॉक 27/06/25 को जारी।
जारी दिनॉक 27/06/25
पेशी दिनॉक 07/07/25

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी जबलपुर

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO. 14660918X RANK HAV NAME JITENDRA SINGH S/O SANGRAM SINGH OF UNIT 506, ARMY BASE WORK SHOP, JABALPUR (MP) R/O VILL- PINJRE, PO- PINJRE, TEH- ALIGANJ, DISTT-ETAH (UP)-208149 I, have changed name of my SON from SPARS SINGH (name as per my Army service records) to SPARSH SINGH (name as per my SON, AADHAR CARD vide affidavit dated 30/06/2025 formerly before Public Notary JABALPUR (MP) (Name and place of Court).

CORRECT NAME
SPARSH SINGH
INCORRECT NAME
SPARS SINGH

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/70
दिनांक:- 30/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति अंजलीना पाण्डेय पति डॉ आर सी पाण्डेय (2) सृष्टी पाण्डेय पिता डॉ. आर. बी. पाण्डेय ने मकान नं. 2777 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 1207 व.फु. विक्रय प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 0353/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका श्री राजेन्द्र अग्रवाल पिता स्व. ग्यारसी लाल अग्रवाल निवासी 928, हाकिम सिंह कम्पाउन्ड के बगल में बिलहरी जबलपुर द्वारा ग्राम बिलहरी प.ह.नं. 21 नं. ब. 50 ख.नं. 13/3, 54/2 रकबा 0.0200 हे. हेक्टेयर / वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र / वसीयतनामा / सहमति पत्र / फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अत: उक्त भूमि आवेदक / आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति / एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है । समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनॉक 27/06/2025 को जारी ।
जारी दिनॉक - 27/06/2025
पेशी दिनॉक - 07/07/2025

अतिरिक्त तहसीलदार रांझी
एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी जबलपुर

## खबर संक्षेप

### सोना और चांदी में आई 200 रुपए की गिरावट



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोने का भाव सोमवार को 200 रुपये घटकर 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव शुक्रवार को 97,670 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। सोने के भाव में गिरावट जारी रखते हुए 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का 150 रुपये घटकर 97,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

### रुपया 23 पैसे की गिरावट के साथ 85.73 प्रति डॉलर



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में कमजोरी के रुख और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती लाभ गंवाकर 23 पैसे के नुकसान के साथ 85.73 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर जोखिम की धारणा में सुधार से रुपया सकारात्मक रुख के साथ खुला।

### आइनॉक्स नियो ने स्काईपावर सोलर का किया अधिग्रहण




**नई दिल्ली।** आईनॉक्स क्लीन एनर्जी की इकाई आईनॉक्स नियो एनर्जीज ने 265 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर स्काईपावर सोलर इंडिया का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा, स्काईपावर सोलर इंडिया के खंड में मध्य प्रदेश में स्थित 50 मेगावाट (एसी)/57.5 मेगावाट (डीसी) की सौर ऊर्जा परिसंपत्तियां शामिल हैं।

### चीन में कारखाना गतिविधि में जून में मामूली सुधार



**बैंकॉक।** अमेरिका के आयात पर उच्च शुल्क को कुछ समय के लिए टालने के फैसले से चीन में कारखाना गतिविधि में जून कुछ सुधार हुआ, लेकिन समग्र गतिविधि अब भी धीमी रही। सोमवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। क्रय प्रबंधक सूचकांक मई में 49.5 से बढ़कर 49.7 हो गया।

### एंबेसी रीट ने पुनर्वित्त के लिए जुटाए 1,550 करोड़

EMBASSY REIT

**बेंगलुरु।** एंबेसी ऑफिस पार्क्स रीट ने अपने मौजूदा ऋण को पुनर्वित्त करने और ब्याज लागत बचाने के लिए ऋणपत्र और सावधि ऋण जारी करके सफलतापूर्वक 1,550 करोड़ रुपये जुटाए हैं। जानकारी के अनुसार, कंपनी ने गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र (एनसीडी) और सावधि ऋण सुविधाओं के संयोजन के माध्यम से 1,550 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

### धोनी ने 'कैप्टन कूल' उपनाम के लिए ट्रेडमार्क मांगा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 'कैप्टन कूल' उपनाम के लिए ट्रेडमार्क आवेदन दायर किया है। मैदान पर उनके शांत व्यवहार के कारण लोग उन्हें इस नाम से बुलाते हैं। ट्रेडमार्क पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, आवेदन की स्थिति 'स्वीकृत और विज्ञापित' है। इसे 16 जून को आधिकारिक ट्रेडमार्क जर्नल में प्रकाशित किया गया था। आवेदन पांच जून को दायर किया गया था।

# सभी लघु बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- पीपीएफ और एनएससी ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं

सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए पीपीएफ और एनएससी सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। यह लगातार छठी तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा, ''एक जुलाई, 2025 से शुरू होकर 30 सितंबर, 2025 को समाप्त होने वाली तिमाही के लिए विभिन्न छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरें अपरिवर्तित रहेंगी। इन योजनाओं पर वही ब्याज दर मिलती रहेगी जो वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए अधिसूचित की गयी थी।''

### मासिक आय योजना पर 7.4 फीसदी ब्याज जारी रहेगी

पहली तिमाही की तरह दूसरी तिमाही में भी मासिक आय योजना में निवेश करने वालों को 7.4 प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा। इसके साथ ही डाकघरों और बैंकों द्वारा संचालित छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में लगातार छठी तिमाही में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

*प्रत्येक तिमाही में अधिसूचित होती है ब्याज दरें :* सरकार ने ब्याज दरों में पिछली बार बदलाव 2023-24 की चौथी तिमाही में कुछ योजनाओं में किया था। सरकार प्रत्येक तिमाही में छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को अधिसूचित करती है।

## लगातार छठी तिमाही जब लघु बचत योजनाओं पर ब्याद दरें यथावत रही

### किसान विकास पत्र 115 महीनों में परिपक्व होगा

किसान विकास पत्र पर ब्याज दर पहले की तरह 7.5 प्रतिशत होगी और यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए 7.7 प्रतिशत पर बनी रहेगी।

### सुकन्या पर 8.2 फीसदी मिलेगा ब्याज

अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत ब्याज दर मिलेगी, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज 7.1 प्रतिशत पर बरकरार रहेगा। लोकप्रिय सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) और डाकघर बचत जमा योजनाओं की ब्याज दरें भी दूसरी तिमाही के लिए क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं।



### हाउसहोल्ड सेविंग का मेजर सोर्स हैं ये स्कीम

स्मॉल सेविंग स्कीम भारत में हाउसहोल्ड सेविंग का मेजर सोर्स हैं और इसमें 12 इंस्ट्रूमेंट शामिल हैं। इन स्कीम्स में डिपॉजिटर्स को उनके पैसे पर तय ब्याज मिलता है। सभी स्मॉल सेविंग स्कीम्स से हुए कलेक्शन को नेशनल स्मॉल सेविंग्स फंड (एनएसएसएफ) में जमा किया जाता है। स्मॉल सेविंग स्कीम्स सरकारी घाटे के फाइनेंसिंग की सोर्स के रूप में उभरी हैं।

## दोनों देशों के बीच बातचीत महत्वपूर्ण चरण में

# भारत ने अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में कृषि मुद्दों पर अपना रुख किया कड़ा

- भारतीय दल बातचीत को लेकर वाशिंगटन में है
- दोनों पक्ष समझौते को नौ जुलाई से पहले देंगे अंतिम रूप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत में कृषि से संबंधित मुद्दों पर अपना रुख कड़ा किया है। इसके साथ, दोनों देशों के बीच बातचीत महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गयी है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए, कहा कि वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में भारतीय दल अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत को लेकर वाशिंगटन में है।

बातचीत को अंतिम रूप देने के लिए भारतीय दल अभी वहां कुछ और समय रुक सकता है। दोनों पक्ष समझौते को नौ जुलाई से पहले अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। ऐसा नहीं होने पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क अमल में आ जाएगा। शुल्क को अप्रैल में नौ जुलाई तक के लिए टाल दिया गया था। अधिकारी ने कहा, ''यदि प्रस्तावित व्यापार वार्ता विफल हो जाती है, तो 26 प्रतिशत शुल्क फिर से लागू हो जाएगा।''

### पहले ही यात्रा को तीन दिन बढ़ाया गया

भारतीय अधिकारियों की अमेरिकी यात्रा को पहले ही तीन दिन बढ़ाकर 30 जून तक कर दिया गया है। पहले प्रतिनिधिमंडल को दो दिन रुकना था। वार्ता 26 जून को शुरू हुई थी। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने घरेलू निर्यातकों और उद्योग को सूचित किया है कि प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए बातचीत जारी है। इसके बाद भी चरण होंगे।

## ऐसा नहीं होने पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क अमल में आ जाएगा

*अमेरिका का 10 प्रतिशत मूल शुल्क अभी भी लागू*

*उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने दो अप्रैल को भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क शुल्क लगाया, लेकिन इसे 90 दिन के लिए टाल दिया गया। हालांकि, अमेरिका का 10 प्रतिशत मूल शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट की मांग कर रहा है। अमेरिका कृषि और डेयरी दोनों क्षेत्रों में शुल्क छूट की मांग कर रहा है।*



*अमेरिका इन वस्तुओं पर शुल्क रियायत चाहता है : अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहन, शराब, पेट्रोरसायन उत्पादों, डेयरी तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, बादाम तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। वहीं भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क छूट की मांग कर रहा है।*

### भारत ने अब तक डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला

भारत के लिए इन क्षेत्रों में अमेरिका को शुल्क छूट देना कठिन और चुनौतीपूर्ण है। इसका कारण यह है कि भारतीय किसान आजीविका के लिए खेती में लगे हैं और उनके जोत का आकार काफी छोटा है। इसलिए, ये क्षेत्र राजनीतिक रूप से बहुत संवेदनशील हैं। भारत ने अबतक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है।

### भारत का वस्तु निर्यात 17.25 अरब डॉलर हुआ

वार्ता के लिए अमेरिकी दल पांच से 11 जून तक भारत आया था। आने वाले दिनों में वार्ता ऑनलाइन और भौतिक रूप दोनों तरह से जारी रहेगी। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई अवधि में अमेरिका को भारत का वस्तु निर्यात 21.78 प्रतिशत बढ़कर 17.25 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 25.8 प्रतिशत बढ़कर 8.87 अरब डॉलर रहा।

### अंतरिम व्यापार समझौते के लिए प्रयास

दोनों देश इस साल सितंबर-अक्टूबर तक प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए बातचीत पूरी करने की भी कोशिश कर रहे हैं। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब अमेरिकी डॉलर से दोगुना से अधिक करके 2030 तक 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है। वे प्रथम चरण से पहले, अंतरिम व्यापार समझौते के लिए प्रयास कर रहे हैं।

# बैंक कर्ज वृद्धि धीमी पड़कर 4.9 प्रतिशत पर: आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- 30 मई को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज वृद्धि नरम रही
- पिछले वर्ष इसी अवधि में 8.9 प्रतिशत रही

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को कहा कि 30 मई को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज वृद्धि में नरमी रही। इस दौरान उद्योग को बैंक कर्ज में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 8.9 प्रतिशत रही थी।

आरबीआई ने 41 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) से प्राप्त सूचना के आधार पर मई, 2025 के लिए बैंक ऋण पर आंकड़े जारी किए हैं। यह कर्ज सभी वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिये गये कुल गैर-खाद्य ऋण का लगभग 95 प्रतिशत है। सालाना आधार पर, 30 मई, 2025 को समाप्त पखवाड़े तक गैर-खाद्य बैंक ऋण में 9.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि (31 मई, 2024) के दौरान इसमें 16.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आरबीआई ने कहा, ''उद्योग को दिए गए ऋण में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 8.9 प्रतिशत थी। प्रमुख उद्योगों में, इंजीनियरिंग, निर्माण और रबड़, प्लास्टिक और उनके उत्पादों के बकाया ऋण में वार्षिक आधार पर तेज वृद्धि दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य अवधि में कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए, कर्ज में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 21.6 प्रतिशत थी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि सेवा क्षेत्र के लिए ऋण में मामूली 9.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 20.7 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को ऋण में धीमी वृद्धि है।

### व्यक्तिगत ऋण खंड में कर्ज बढ़ा

इसके अलावा, व्यक्तिगत ऋण खंड में कर्ज में 13.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो एक साल पहले इसी अवधि में 19.3 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण अन्य व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण और क्रेडिट कार्ड बकाया में वृद्धि का कम रहना है।

# बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 452 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- शेयर बाजार में चार दिन से जारी तेजी थमी
- निवेशकों ने मुख्य रूप से बैंक शेयरों में मुनाफावसूली की

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 452 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 121 अंक की गिरावट आई। हाल की तेजी के बाद मुख्य रूप से बैंक शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में पूरे कारोबार के दौरान गिरावट रही और अंत में यह 452.44 अंक के नुकसान के साथ 83,606.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 576.77 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी 120.75 अंक की गिरावट के साथ 25,517.05 अंक पर बंद हुआ। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''पिछले सप्ताह मजबूत वैश्विक संकेतों और घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीद के कारण बाजार में तेजी देखने को मिली थी। हालांकि, मुनाफावसूली से मानक सूचकांकों में गिरावट आई।

### एक्सिस व कोटक बैंक रहे नुकसान में

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

### एसबीआई व टाइटन रहे फायदे में

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन और बजाज फिनसर्व शामिल हैं।

## अदाणी ग्रीन ने 15 गीगावाट परिचालन क्षमता की पार...

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की परिचालन क्षमता 15.53 गीगावाट तक पहुंच गई है, जिसमें 11 गीगावाट सौर और 1.9 गीगावाट पवन शामिल है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि 15,539.9 मेगावाट का परिचालन खंड 79 लाख मकानों को बिजली मुहैया करा सकता है। इसमें 11,005.5 मेगावाट सौर, 1,977.8 मेगावाट पवन और 2,556.6 मेगावाट पवन-सौर हाइब्रिड क्षमता शामिल है। एजीईएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष खन्ना ने बयान में कहा,





'' हमारा लक्ष्य 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि को 15,000 मेगावाट से बढ़ाकर 50,000 मेगावाट करना है। हम भारत और विश्व को सतत ऊर्जा समाधानों से ऊर्जा प्रदान करने के अपने लक्ष्य पर अडिग हैं। एजीईएल गुजरात के कच्छ में खावड़ा की बंजर भूमि पर 30,000 मेगावाट का दुनिया का सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा संयंत्र विकसित कर रही है।

# सरकारी बैंकों के क्रेडिट कार्ड एनपीए में बढ़ोतरी

- पीएसबी का क्रेडिट कार्ड एनपीए बढ़कर 14 .2 प्रतिशत
- निजी क्षेत्र के बैंकों का क्रेडिट कार्ड एनपीए 2 .1 पर स्थिर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का क्रेडिट कार्ड मद में फंसा कर्ज बढ़ा है। यह मार्च, 2025 में बढ़कर 14.3 प्रतिशत हो गया जबकि छह महीने पहले यह 12.7 प्रतिशत के स्तर पर था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सोमवार को जारी छमाही वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा




गया है कि इस मामले में निजी क्षेत्र के बैंकों का प्रदर्शन सरकारी बैंकों से अच्छा है। इस अवधि में निजी बैंकों का क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो से सकल गैर-निष्पादित परिसपंत्ति (एनपीए) 2.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है।

*पीएसबी बैंकों की ऋण वृद्धि निजी बैंकों से आगे निकली : रिपोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की समग्र ऋण वृद्धि एक दशक से भी अधिक समय में पहली बार निजी क्षेत्र के बैंकों से आगे निकल गई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का सकल एनपीए 2.8 प्रतिशत रहा, जबकि निजी बैंकों के लिए यह 1.8 प्रतिशत रहा।*

# वोडाफोन आइडिया का 23 और शहरों में 5जी सेवा का विस्तार

- कंपनी लंबी अवधि से कर्ज में डूबी हुई है
- 5जी सेवा के विस्तार में जयपुर, कोलकाता व लखनऊ शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) ने 23 और शहरों में 5जी सेवा का विस्तार किया है। इनमें जयपुर, कोलकाता और लखनऊ शामिल हैं। वीआई ने पहले ही पांच शहरों - मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, चंडीगढ़ और पटना में 5जी सेवा शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा, ''वीआई... ने अपने 5जी प्रसार के अगले चरण की घोषणा की है, जिसके तहत अब 23 शहरों में नेटवर्क की तैनाती की जा रही है। इनमें




अहमदाबाद, आगरा, औरंगाबाद, कोझीकोड, कोचीन, देहरादून, इंदौर, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मदुरै, मलप्पुरम, मेरठ, नागपुर, नासिक, पुणे, राजकोट, सोनीपत, सूरत, सिलीगुड़ी, त्रिवेंद्रम, वडोदरा और विशाखापट्टनम शामिल हैं।

*अगले छह माह में एक लाख टावर जोड़ने की योजना*

*वीआई ने कहा कि नए घोषित शहरों में 5जी उपकरण वाले उपयोगकर्ता वीआई 5जी सेवाओं का उपयोग कर सकेंगे। वीआई 299 रुपये से शुरू होने वाली योजनाओं पर असीमित 5जी डेटा दे रही है। कंपनी ने कहा कि वह अगले छह महीनों में एक लाख नए टावर जोड़ने की योजना बना रही है।*

# जिंदल स्टील ने अंगुल संयंत्र में शुरू की पहली 'गैल्वनाइजिंग लाइन'



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कोटेड उत्पादों की आपूर्ति में होगी वृद्धि

जिंदल स्टील ने अंगुल संयंत्र में अपनी पहली 'गैल्वनाइजिंग लाइन' चालू करने की सोमवार को घोषणा की। इससे लेपित (कोटेड) उत्पादों की आपूर्ति में वृद्धि होगी जिससे उपकरण, मोटर वाहन, बुनियादी ढांचे और निर्माण सहित विभिन्न उद्योगों की जरूरतें पूरी हो सकेंगी।

'कोटेड गैल्वनाइजिंग लाइन 1' (सीजीएल 1) को ओडिशा के अंगुल में कंपनी की इस्पात विनिर्माण सुविधा में मौजूदा कई करोड़ रुपये की निवेश योजना के तहत स्थापित किया गया है। जिंदल स्टील ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, नई लाइन जिंदल पैंथर गैल्वनाइज्ड और जिंकल्यूम ब्रांड के तहत गैल्वनाइज्ड एवं गैल्वेल्यूम कोटेड उत्पादों का उत्पादन करेगी। यह उपकरण, मोटर वाहन, बुनियादी ढांचे और निर्माण सहित विभिन्न उद्योगों की जरूरतों को पूरा करेगी। कंपनी के चेयरमैन नवीन जिंदल ने कहा कि 'गैल्वनाइजिंग लाइन' का चालू होना विविध उद्योग आवश्यकताओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाले एवं मूल्यवर्धित इस्पात उत्पाद प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### इस्पात को जंग से बचाने सुरक्षा परत चढ़ाई जाती है

'कोटेड गैल्वनाइजिंग लाइन' से तात्पर्य उस औद्योगिक प्रक्रिया से है जिसमें धातु आमतौर पर इस्पात को जंग से बचाने के लिए उस पर जस्ते की सुरक्षात्मक परत चढ़ाई जाती है। इस प्रक्रिया को 'गैल्वनाइजिंग' कहा जाता है। इसे सतत उत्पादन 'लाइन' पर अंजाम दिए जाने पर इसे 'गैल्वनाइजिंग लाइन' कहा जाता है। यहां 'कोटेड' से तात्पर्य धातु पर सुरक्षात्मक परत चढ़ाने से है।

## मई माह में आईआईपी गिर कर 1.2 प्रतिशत

# औद्योगिक उत्पादन नौ महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्र में कमजोर प्रदर्शन

विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मई में नौ महीने के निचले स्तर 1.2 प्रतिशत पर रही है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के जरिये मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बीते वर्ष 2024 के मई माह में 6.3 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अप्रैल के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को भी संशोधित कर 2.6 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले इसके 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

### उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में गिरावट

उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के उत्पादन में समीक्षाधीन महीने में 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि मई, 2024 में इसमें 12.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन मई, 2025 में 2.4 प्रतिशत घटा, जबकि एक साल पहले इसमें 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

*पूंजीगत वस्तु खंड में वृद्धि दर्ज : नायर ने कहा कि जून तिमाही के पहले दो महीनों में औद्योगिक उत्पादन में धीमी वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में औद्योगिक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि के लिए अच्छा संकेत नहीं है। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के आधार पर, पूंजीगत वस्तु खंड में वृद्धि मई, 2025 में 14.1 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी माह में में 2.6 प्रतिशत थी।*



### बुनियादी ढांचा में 6.3 फीसदी वृद्धि

बुनियादी ढांचा/निर्माण वस्तुओं में इस साल मई में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक साल पहले इसी माह में इसमें 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में मई, 2025 में 1.9 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में इसमें 7.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### 2024 में आईआईपी में सबसे कम वृद्धि दर्ज थी

अगस्त, 2024 में आईआईपी में सबसे कम वृद्धि दर्ज की गयी थी। विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि इस साल मई में घटकर 2.6 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.1 प्रतिशत थी खनन उत्पादन में 0.1 प्रतिशत की गिरावट आई, एक साल पहले इसमें 6.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

*बिजली के उत्पादन में 5.8 फीसदी गिरावट : बिजली उत्पादन में 5.8 प्रतिशत की गिरावट आई, एक साल पहले इसी अवधि में बिजली उत्पादन 13.7 प्रतिशत बढ़ा था। 2025-26 में पहले दो माह (मई) के दौरान औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर 1.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 5.7 प्रतिशत थी।*

## चिंतन

# उद्योग क्षेत्र की गति पर फोकस बढ़ाना जरूरी

सरकार को उद्योग क्षेत्र पर खास ध्यान देना चाहिए। महीने दर महीने जारी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में लगातार गिरावट देखी जा रही है। चालू वित्त वर्ष में ही अप्रैल के बाद अब मई में भी आईआईपी में गिरावट दर्ज की गई है। आईआईपी मई में नौ महीने के निचले स्तर 1.2 प्रतिशत पर है। विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों ने कमजोर प्रदर्शन किया है। रिजर्व बैंक ने उद्योग क्षेत्र की दिक्कतों को देखते हुए और महंगाई के नियंत्रण में रहने से नीतिगत दर रेपो रेट में तीसरी बार कटौती की है। इसके पीछे एक तर्क यह भी था कि रेपो रेट में कमी होने से उद्योग जगत को सस्ते कर्ज के रूप में लाभ मिलेगा, लेकिन आईआईपी के आंकड़े बा रहे हैं कि कर्ज सस्ते होने के बावजूद उद्योग क्षेत्र की गति सुस्त ही है। आईआईपी के जरिये मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बीते वर्ष 2024 के मई माह में 6.3 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अप्रैल के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को भी संशोधित कर 2.6 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले इसके 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। इससे पहले, अगस्त, 2024 में आईआईपी में सबसे कम वृद्धि दर्ज की गयी थी। उस समय वृद्धि दर स्थिर रही थी। वित्त वर्ष 2025-26 में पहले दो माह (अप्रैल-मई) के दौरान औद्योगिक उत्पादन में सालाना आधार पर केवल 1.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 5.7 प्रतिशत थी। जून तिमाही के पहले दो महीनों में औद्योगिक उत्पादन में धीमी वृद्धि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में औद्योगिक सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) वृद्धि के लिए अच्छा संकेत नहीं है। जीडीपी में अहम स्थान रखने वाले और रोजगार सृजन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले उद्योग क्षेत्र को लंबे समय से नीतिगत स्थिरता का सामना करना पड़ रहा है। चाहे अगले चरण के आर्थिक सुधार की बात हो या विभिन्न देशों के साथ व्यापार समझौते की बात हो, रुपये का प्रदर्शन हो, प्रगति बहुत धीमी है। जीएसटी, विमुद्रीकरण और कोरोना से टूटे उद्योग क्षेत्र को पीएलआई जैसे प्रोत्साहन स्कीम भर से बूस्ट नहीं मिल रहा है। मेक इन इंडिया अभियान उद्योग क्षेत्र में जान नहीं फूंक पा रहा है। मोबाइल, ऑटो निर्माण क्षेत्र में भारत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन भारत के कोर इंडस्ट्री सेक्टर खनन, बिजली, विनिर्माण (मेनुफैक्चरिंग सेक्टर) उम्मीद के अनुरूप ग्रोथ नहीं कर रहे हैं। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-मई की अवधि में देश का राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 0.8 प्रतिशत रहा। चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का अनुमान है कि राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडपी) का 4.4 प्रतिशत रहेगा। आंकड़े को देखें तो अनुमान के हिसाब से लक्ष्य नियंत्रित नहीं है। भारत का व्यापार घाटा भी काफी असंतुलित है, जिसमें निर्यात से अधिक आयात है। आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में कहा गया है कि मूल्य स्थिरता की तरह वित्तीय स्थिरता भी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी है। दोनों ही स्तर पर भारतीय उद्योग क्षेत्र उथलपुथल का सामना कर रहे हैं। कर सुधार के साथ नए निवेश के लिए प्रोत्साहन माहौल बनाना होगा। बड़े उद्यमियों के साथ लघु व मध्यम उद्यमियों को भी बढ़ावा देना होगा, देश में औद्योगिक विकास को गति का माहौल बनाना होगा, हाल के वर्षों में सरकार बजटरी स्तर पर उद्योग क्षेत्र से डिफोकस हुई है, जिससे औद्योगिक व वित्तीय नियामकीय सुधारों में सुस्ती आई है। उद्योग पर फोकस हो।



भगदड़
प्रमोद भार्गव

# आखिर कब सबक लेंगे हम?

**पुरी में चल रहे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। गुंडिचा मंदिर के पास घटी यह घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में प्रवेश का रास्ता केवल एक था, बाहर जाने का मार्ग बंद कर दिया था, क्योंकि वहां से वीआईपी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने सुरक्षा की चूक के लिए क्षमा मांगते हुए पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर और एसपी विनीत अग्रवाल का अविलंब स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण कोई सजा नहीं होती। वास्तव में कुंभ मेले में और आईपीएल क्रिकेट मैच में हुए हादसों से प्रशासन को सबक लेने की जरूरत थी।**

धार्मिक उत्सवों में दुर्घटनाओं का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रयागराज कुंभ मेले में और इसी साल जून माह में बेंगलुरू में आईपीएल मैच में मची भगदड़ की स्मृतियां विलोपित भी नहीं हो पाईं थीं कि पुरी में चल रहे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। गुंडिचा मंदिर के पास घटी यह घटना पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। मंदिर में प्रवेश का रास्ता केवल एक था, बाहर जाने का मार्ग बंद कर दिया था, क्योंकि वहां से वीआईपी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। आम भक्तों के लिए बाहर आने का दूसरा कोई मार्ग नहीं था। इसी समय मंदिर में दो ट्रक लकड़ी और अनुष्ठान सामग्री से भरे इसी संकीर्ण मार्ग से भीतर भेज दिए गए। ट्रकों के कारण भीड़ में अफरा-तफरी मच गई और हादसा हो गया। साफ है, प्रशासनिक प्रबंधन की घोर लापरवाही के चलते श्रद्धालु हादसे के शिकार हो गए। मुख्यमंत्री मोहन मांझी ने सुरक्षा की चूक के लिए क्षमा मांगते हुए पुरी के कलेक्टर सिद्धार्थ शंकर और एसपी विनीत अग्रवाल का अविलंब स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण कोई सजा नहीं होती। वास्तव में कुंभ मेले में और आईपीएल क्रिकेट मैच में हुए हादसों से प्रशासन को सबक लेने की जरूरत थी, जिससे रथयात्रा में भगदड़ से बचा जाए।

भारत में पिछले डेढ़ दशक के दौरान मंदिरों और अन्य धार्मिक आयोजनों में उम्मीद से कई गुना ज्यादा भीड़ उमड़ रही है, जिसके चलते दर्शन-लाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ का सिलसिला हर साल देखने में आ रहा है। साफ है, प्रत्येक कुंभ में जानलेवा घटनाएं होने के बावजूद शासन-प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिए। धर्मस्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें, किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती, अतःएव उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अक्सर देखने में नहीं आती? लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है, जिसे वह समय पर नियंत्रित करने की कोशिश करता तो हालात कमोबेश बेकाबू ही नहीं हुए होते? अतःएव देखने में आता है कि आयोजन को सफल बनाने में जुटे अधिकारी भीड़ के मनोविज्ञान का आकलन करने में चूकते दिखाई देते हैं। रथयात्रा की तैयारियों के लिए कई हजार करोड़ की धनराशि खर्च की जाती है। जरूरत से ज्यादा प्रचार करके लोगों को यात्रा के लिए प्रेरित किया जाता है। फलतः जनसैलाब इतनी बड़ी संख्या में उमड़ गया कि सारे रास्ते पैदल भीड़ से जाम हो गए। इसी बीच लापरवाही यह रही कि बाहर जाने के रास्ते को नेता और नौकरशाहों के लिए आरक्षित कर दिया गया। इस चूक ने घटना को अंजाम दे दिया। जो भी प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकी उपाय किए गए थे, वे सब व्यर्थ साबित हुए, क्योंकि उन पर जो घटना के भयावह दृश्य दिखाई देने लगे थे, उनसे निपटने का तात्कालिक कोई उपाय ही संभव नहीं रह गया था। ऐसी



लापरवाही और बदइंतजामी सामने आना चकित करती है। दरअसल रथयात्रा में जो भीड़ उमड़ी थी, उसके अवागमन के प्रबंधन के लिए जिस प्रबंध कौशल की जरूरत थी, उसके प्रति घटना से पूर्व सर्तकता बरतने की जरूरत थी? इसके प्रति प्रबंधन अदूरदर्शी रहा। मेलों के प्रबंधन की सीख हम विदेशी साहित्य और प्रशिक्षण से लेते हैं। जो भारतीय मेलों के परिप्रेक्ष्य में कतई प्रासंगिक नहीं है, क्योंकि दुनिया के किसी अन्य देश में किसी एक दिन और विशेष मुहूर्त्त के समय लाखों-करोड़ों की भीड़ जुटने की उम्मीद ही नहीं की जाती? इसके बावजूद हमारे नौकरशाह भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण, लेने खासतौर से यूरोपिय देशों में जाते हैं। प्रबंधन के ऐसे प्रशिक्षण विदेशी सैर-सपाटे के बहाने हैं, इनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं होता। ऐसे प्रबंधनों के पाठ हमें खुद अपने देशज ज्ञान और अनुभव से लिखने होंगे।

प्रशासन के साथ हमारे राजनेता, उद्योगपति, फिल्मी सितारे और आला अधिकारी भी धार्मिक लाभ लेने की होड़ में व्यवस्था को भंग करने का काम करते हैं। इनकी वीआईपी व्यवस्था और यज्ञ कुंड अथवा मंदिरों में मूर्तिस्थल तक ही हर हाल में पहुंचने की रूढ़ मनोदशा, मौजूदा प्रबंधन को लाचार बनाने का काम करती है। जो इस रथयात्रा में देखने में आई है। आम श्रद्धालुओं के बाहर जाने का रास्ता इन्हीं लोगों के लिए सुरक्षित कर दिया गया था। नतीजतन भीड़ ठसाठस के हालात में आ गई और दुर्घटना घट गई। दरअसल दर्शन-लाभ और पूजापाठ जैसे अनुष्ठान अशक्त और अपंग मनुष्य की वैसाखी हैं। जब इंसान सत्य और ईश्वर की खोज करते-करते थक जाता है तो वह पूजापाठों के प्रतीक गढ़कर उसी को सत्य या ईश्वर मानने लगता है। यह मनुष्य की स्वाभाविक कमजोरी है। यथार्थवाद से पलायन अंधविश्वास की जड़ता उत्पन्न करता है। भारतीय समाज में यह कमजोरी बहुत व्यापक और दीर्घकालीक रही है। जब चिंतन मनन की धारा सूख जाती है तो सत्य की खोज मूर्ति पूजा और मुहूर्त्त की शुभ घड़ियों में सिमट जाती है। जब अध्ययन के बाद मौलिक चिंतन का मन-मस्तिष्क में ह्रास हो जाता है तो मानव समुदाय भजन-कीर्तन में लग जाता है। यही हश्र हमारे पथ-प्रदर्शकों का हो गया है। पिछले कुछ समय से सबसे ज्यादा मौतें भगदड़ और सड़क दुर्घटनाओं में उन श्रद्धालुओं की हो रही हैं, जो ईश्वर से खुशहाल जीवन की प्रार्थना करने धार्मिक यात्राओं पर जाते हैं।


मीडिया इसी पूजा-पाठ का नाट्य रूपांतरण करके दिखाता है, यह अलौकिक कलावाद, धार्मिक आस्था के बहाने व्यक्ति को निष्क्रिय व अंधविश्वासी बनाता है। यही भावना मानवीय मसलों को यथास्थिति में बनाए रखने का काम करती है और हम ईश्वरीय अथवा भाग्य आधारित अवधारणा को भाग्य और प्रतिफल व नियति का कारक मानने लग जाते हैं। दरअसल मीडिया, राजनेता और बुद्धिजीवियों का काम लोगों को जागरूक बनाने का है, लेकिन निजी लाभ का लालची मीडिया, लोगों को धर्मभीरू बना रहा है। राजनेता और धर्म की आंतरिक आध्यात्मिकता से अज्ञान बुद्धिजीवी भी धर्म के छद्म का शिकार होते दिखाई देते हैं। यही वजह है कि पिछले दो दशक के भीतर मंदिर हादसों में लगभग 5000 से भी ज्यादा भक्त मारे जा चुके हैं। इसके बावजूद श्रद्धालु हैं कि दर्शन, आस्था, पूजा और भक्ति से यह अर्थ निकालने में लगे हैं कि इनको संपन्न करने से इस जन्म में किए पाप धुल जाएंगे, मोक्ष मिल जाएगा और परलोक भी सुधर जाएगा। गोया, पुनर्जन्म हुआ भी तो श्रेष्ठ वर्ण में होने के साथ आर्थिक रूप से समृद्ध व वैभवशाली होगा, परंतु इस तरह के खोखले दावों का दांव हर मेले में ताश के पत्तों की तरह बिखरता दिखाई दे रहा है। जाहिर है, धार्मिक दुर्घटनाओं से छुटकारा पाने की कोई उम्मीद निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रही है ?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

मुनीष भाटिया




# सेवा और गुणवत्ता से सशक्त हो देश की स्वास्थ्य व्यवस्था

हर वर्ष एक जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि के रूप में चुना गया है। डॉ. रॉय ने चिकित्सा और राजनीति दोनों क्षेत्रों में अपना अविस्मरणीय योगदान दिया, जो न केवल पेशेवर उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि देश सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति उनके समर्पण को भी दर्शाता है। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि सच्ची सेवा सीमाओं और पेशेवर सीमाओं से परे होती है। यह विशेष दिन केवल एक औपचारिक स्मरण नहीं है, बल्कि यह उन अनगिनत डॉक्टरों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करने का अवसर है, जो दिन-रात बिना थके मानव सेवा में रत रहते हैं। किसी भी स्वास्थ्य प्रणाली की सफलता में यदि कोई सबसे स्थायी और संवेदनशील स्तंभ है, तो वह डॉक्टर ही हैं। आज के दौर में जब चिकित्सा के क्षेत्र में युवाओं का रुझान तेजी से बढ़ रहा है, तो यह दर्शाता है कि करियर के साथ-साथ सेवा भाव भी उनमें कितना गहरा है। नीट जैसी कठिनतम परीक्षाओं में लाखों की तादाद में अभ्यर्थियों का भाग लेना इसी का सूचक है। यह रुझान एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है, जहां युवा सिर्फ आर्थिक लाभ के बजाय मानवता की सेवा को भी महत्व दे रहे हैं। इसके अलावा, मेडिकल के क्षेत्र में भी कॉलेजों की संख्या में वृद्धि हुई है, किंतु उनमें प्रवेश ले रहे अभ्यर्थियों की गुणवत्ता पर ध्यान देना आज बेहद जरूरी हो चला है। मेडिकल संस्थानों को केवल मुनाफ़ा कमाने के उद्देश्य से लाखों-करोड़ों की फीस लेने पर नियंत्रण आवश्यक है ताकि एक उज्ज्वल भविष्य के साथ गरीब का बच्चा भी चिकित्सक बनने के अपने सपने को पूरा कर सके। यह सुनिश्चित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि चिकित्सा शिक्षा सभी वर्गों के लिए सुलभ हो। साथ ही, चिकित्सा संस्थानों पर भी कड़ी निगरानी ज़रूरी है कि कहीं वे केवल मुनाफ़ा बनाने के उद्देश्य में ही तो नहीं लगे हैं, कहीं उनके द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षा की गुणवत्ता में समझौता तो नहीं हो रहा। दुर्भाग्य से, नीट परीक्षा में धांधलेबाजी की खबरें चिंताजनक हैं। यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित तरीकों से चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश पा जाता है, तो यह सोचने का विषय है कि ऐसे भावी चिकित्सक किस तरह का सेवाभाव रखेंगे। भ्रष्टाचार के माध्यम से प्रवेश पाने वाले व्यक्तियों में इन मूलभूत गुणों की कमी होने की आशंका रहती है, जो अंततः रोगी की देखभाल और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक गंभीर खतरा बन सकता है। भ्रष्ट आचरण पर कठोर निगरानी और त्वरित कार्रवाई की सख्त आवश्यकता है। चिकित्सा शिक्षा की नींव को कमजोर करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। कड़े नियम, पारदर्शी प्रक्रियाएं और सख्त दंड प्रणाली लागू करके ही हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि चिकित्सा के क्षेत्र में केवल योग्य और सेवा-भाव से प्रेरित व्यक्ति ही प्रवेश पाएं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे नैतिक मूल्यों और पेशेवर मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। तभी चिकित्सक दिवस की सही मायनों में सार्थकता सिद्ध हो सकती है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे नैतिक मूल्यों और पेशेवर मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। तभी चिकित्सक दिवस की सही मायनों में सार्थकता सिद्ध हो सकती है। चिकित्सक केवल एक पेशेवर नहीं होता, वह कई रूपों में सेवा करता है। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हमें यह सोचने का अवसर देता है कि क्या हम डॉक्टरों को वह सम्मान और सुविधाएं दे रहे हैं, जिसकी वे अधिकारी हैं? हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी सेवा भावना का शोषण न हो, बल्कि उसे सम्मान और सहयोग मिले। चिकित्सा केवल एक करियर विकल्प नहीं है, यह एक जीवन-दर्शन है। यह उन लोगों का मार्ग है जो जीवन को केवल अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए जीने का माध्यम मानते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जो सेवा, सहानुभूति और समर्पण से परिपूर्ण है। चिकित्सकों को भी यह याद रखना होगा कि उनका पेशा एक महान सेवा है। उन्हें मरीज के साथ अपने व्यवहार में 'अपनत्व' और संवेदनशीलता को कायम रखना चाहिए। पिछले कुछ दिनों से चिकित्सकों के दुर्व्यवहार की खबरें, जिसमें परिजनों द्वारा 'गलत इलाज' के नाम पर आरोप लगाए गए हैं, चिंता का विषय हैं। चिकित्सकों को यह समझना होगा कि उपचार की सफलता में वैज्ञानिक कौशल के साथ मानवीय स्पर्श और सहानुभूति का भी उतना ही महत्व है। एक विनम्र और संवेदनशील व्यवहार मरीज के डर को कम करता है और उसके ठीक होने की प्रक्रिया में भी मदद करता है। पारदर्शिता, स्पष्ट संवाद और रोगियों के प्रति सम्मान एक स्वस्थ चिकित्सा संबंध की नींव है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## बड़े भाग मानुष तनु पावा



संकलित
**दर्शन**

संवाद का ऐसा सांगोपांग निर्वहन संसार के किसी स्मृति साहित्य में नहीं मिलेगा, जो श्रीरामचरितमानस में है। पूरा मानस भक्त काकभुशुंडि और ज्ञानी पक्षीराज गरुड़ के बीच का संवाद है। भक्त काकभुशुंडि वक्ता हैं और ज्ञानी गरुड़ श्रोता हैं। भक्त प्रतिपादन कर रहा है और ज्ञानी जिज्ञासा कर रहा है। भक्त के प्रतिपादन में भावना का वह समुद्र लहराता है, जिसमें तनिक भी खारापन नहीं होता है और ज्ञानी की जिज्ञासा में कुतर्क का अभाव होता है। भक्त और ज्ञानी दोनों का परम उद्देश्य रामराज्य है, जो आचरण के उपादान के बगैर संभव नहीं है। समग्र रामकथा श्रवण के पश्चात पक्षीराज गरुण काकभुशुंडि जी से सात प्रश्नों की जिज्ञासा करते हैं। पहला प्रश्न पूछते हुए वह कहते हैं कि सबसे दुर्लभ शरीर कौन सा है? काकभुशुंडि जी उत्तर देते हैं कि मनुष्य शरीर सबसे दुर्लभ है, क्योंकि मैंने स्वयं भी इसी शरीर के रहते भगवान और उनकी भक्ति को पाया है। वह कहते हैं कि मनुष्य तन ही वह उपलब्धि है, जो मोक्ष सुख का अनुभव भी करा सकता है। स्वर्ग के सुख को लोग भले ही श्रेष्ठ मानते हों, पर अंत में वह भी अल्प है और दुख का कारण बनता है। भक्त के जीवन में जो प्राप्त शरीर है, वह भी आराध्य को पाने का उपादान होने के कारण पूज्य हो जाता है। संसार में भी किसी व्यक्ति के सहयोग से यदि हमें कुछ विशेष उपलब्धि हो गई हो तो हम जीवन भर उसके कृतज्ञ रहते हैं, उसी प्रकार काकभुशुंडि जी कह रहे हैं कि शरीर मिथ्या तो तब होगा, जब इसका उद्देश्य भोगों की प्राप्ति हो।

## एक दिन का पुण्य ही क्यूँ



संकलित
**प्रेरणा**

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने एक रुपये का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहा-तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोला-बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा, पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक-रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिए लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारी-बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नहीं, परंतु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किए हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### बेईमानी का धन

आज भौतिकवादी और आधुनिक युग में कुछ लोगों को धन की इतनी भूख बढ़ रही है कि वो इसे पाने के लिए किसी भी हद तक गिर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने कहा है कि, धन एक वस्तु है जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, और इसका विपरीत है अधर्म का खजाना। लेकिन आज बहुत से लोग अमीर बनने के चक्कर में बेईमानी, हेराफेरी, अनैतिकता की राह पर चल पड़ते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि गलत तरीकों से कमाई धन-दौलत ज्यादा दिन सुख नहीं दे सकती। कहते हैं कि जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन। अगर हम बेईमानी कि कमाई से अन्न खरीद कर खाएंगे या अपने परिवार को खिलाएंगे तो क्या वो अन्न हमारे या हमारे परिवार के लिए उचित भोजन होगा? **- विवेक शर्मा, दुर्ग**

## ट्रेंड

### युवाओं को लाभ होगा



मेरा भारत 2.0!। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम राष्ट्र निर्माण को गति देने के लिए युवा शक्ति को डिजिटल उपकरणों से लैस कर रहे हैं। इस परिवर्तनकारी उन्नयन से मेरे भारत मंच पर पंजीकृत 1.76 करोड़ से अधिक युवाओं को लाभ होगा।
**-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री**

### भविष्य में निवेश



मैंने स्पेन में विकास के लिए वित्तपोषण पर चौथे सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन दान के बारे में नहीं है। यह सम्मान के जीवन को बहाल करने के बारे में है। यह उस भविष्य में निवेश करने के बारे में है जिसे हम मिलकर बनाना चाहते हैं।
**-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव**

### पहले मूल्यों को सीखें



बहुत अच्छा। अगर हम व्यापार से पहले मूल्यों को सीखें। अगर भगवान से पहले माता-पिता के प्रति कृतज्ञ होना सीखें। जीवन खुशहाल होगा। यदि हम शिक्षा से पहले संस्कार, भगवान से पहले माता-पिता को जान लें तो जीवन सरल हो जाएगा।
**-किरण बेदी, पूर्व उप राज्यपाल**

### आपा खोने से मदद नहीं मिलती



काम पर बिताए अपने सभी सालों में, मैंने कभी किसी पर चिल्लाया नहीं और मुझे इस बात पर गर्व है। बेशक, मेरे पास क्रोध, निराशा और हताशा के क्षण भी आए हैं। लेकिन मैंने सीखा है कि अपना आपा खोने से कोई मदद नहीं मिलती।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर

# चीन ने जापान के सीफूड से आयात प्रतिबंध हटाया

**बीजिंग।** चीन ने सुनामी से नष्ट हुए फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र से थोड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल छोड़े जाने को लेकर लगभग दो साल के प्रतिबंध के बाद जापान से सीफूड के आयात पर प्रतिबंध हटा लिया है। सीमा शुल्क एजेंसी की ओर से जारी एक नोटिस में कहा गया है कि रविवार को प्रतिबंध हटा लिया गया है और जापान के अधिकतर हिस्सों से आयात फिर से शुरू हो जाएगा। अगस्त 2023 में लगाया गया यह प्रतिबंध जापान के मत्स्य उद्योग के लिए बड़ा झटका था। जापानी सीफूड के लिए सबसे बड़ा विदेशी बाजार चीन का है। जापान अपने सीफूड का 20 फीसदी से अधिक हिस्सा चीन को निर्यात करता है। फुकुशिमा स्थित परमाणु संयंत्र 2011 में एक भूकंप के बाद आई भीषण सुनामी से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। कई वर्षों की बहस के बाद, परमाणु ऊर्जा संयंत्र कंपनी को सरकार से यह अनुमति मिल गई कि वह इस अपशिष्ट जल को समुद्र में धीरे-धीरे छोड़े, बशर्ते कि पहले इसे शोधित कर लिया जाए ताकि अधिकतर रेडियोधर्मी तत्वों को हटा दिया जाए। चीन ने इससे असहमति जतायी थी और यह कहते हुए सीफूड के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था कि रेडियोधर्मी जल को समुद्र में छोड़े जाने से मत्स्य उद्योग और तटीय समुदाय खतरे में आ जाएगा।



## ऑफ बीट

# शहरों की वजह से बढ़ रहा धरती का तापमान

जलवायु परिवर्तन से निपटने में शहरों की केंद्रीय भूमिका होती है। वे 67 से 72 प्रतिशत ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कर रहे हैं जो पृथ्वी को गर्म कर रही हैं। साथ ही, शहरों में 'ग्लोबल वार्मिंग' (वैश्विम तापमान वृद्धि) का खतरा भी बढ़ रहा है। बाढ़, आग और सूखा स्वास्थ्य और सुरक्षा पर असर डालकर घरों और व्यवसायों की बीमा की लागत से लेकर सब कुछ प्रभावित कर रहे हैं। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो वहां 90 प्रतिशत लोग शहरी क्षेत्रों में रहते हैं। पूरी दुनिया में शहरों में चार अरब से अधिक लोग रहते हैं। हमारा नया अध्ययन शहरों के निर्माण और प्रबंधन में जलवायु परिवर्तन पर ध्यान देने के लिए 16 प्राथमिकता वाली कार्रवाइयों को चिह्नित करता है। हमारे शहरों को डिजाइन, उनका निर्माण और प्रबंधन करते समय जलवायु परिवर्तन एक प्रमुख विचार होना चाहिए। उत्पन्न होने वाले उत्सर्जन को कम से कम किया जाना चाहिए और अंततः समाप्त किया जाना चाहिए। हमें ऐसे स्थानों पर और ऐसे तरीकों से निर्माण करना चाहिए, जो जलवायु जोखिम को कम करें। लेकिन हमारे शहरों के निर्माण पर नियंत्रण वाली नीतियां इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाती हैं। तीन स्थानीय सरकारी क्षेत्रों के एक हालिया अध्ययन में अनुकूलन और शमन पर केवल सीमित कार्रवाई होने का पता चला है।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

पहाड़ी राज्यों में बारिश से तबाही

# हिमाचल और उत्तराखंड में दरके पहाड़, शिमला में 5 मंजिला बिल्डिंग गिरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सभी राज्यों में मानसून पहुंच गया है। बीते 24 घंटे से पहाड़ी राज्यों में तेज बारिश का सिलसिला जारी है। हिमाचल प्रदेश में रविवार से ही तेज बारिश हो रही है। इसके चलते 5 जुलाई तक प्रदेश में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

लैंडस्लाइड के चलते प्रदेशभर की 285 सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। पिछले 10 दिनों में अब तक 39 लोगों की मौत हो चुकी है। बीते 24 घंटे में 3 ने जान गंवाई है। हिमाचल के मंडी-कुल्लू नेशनल हाईवे पर थलौट की भुभु जोत टनल के पास सोमवार सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इससे टनल के अंदर 5 घंटे तक कई गाड़ियां फंसी रहीं। अलर्ट के चलते हिमाचल के 4 जिलों में स्कूल बंद हैं।


शिमला के भट्ठाकुफर में 5 मंजिला बिल्डिंग ढह

### चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाईवे बंद

हिमाचल प्रदेश में कालका-शिमला नेशनल हाईवे पर सोलन के सलोगड़ा के पास लैंडस्लाइड हुआ।
सोलन में अर्की-शालाघाट मार्ग पर लैंडस्लाइड हुआ है। पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा नीचे खड़ी गाड़ियां के ठीक सामने गिरा। सोलन में चंडीगढ़-शिमला नेशनल हाईवे बंद है। शिमला के भट्ठाकुफर 5 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। बीती रात इमारत खाली कर दी गई थी। फोरलेन कटिंग की वजह से नींव कमजोर हो गई थी।



### मजदूरों की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

*उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते कई जिलों में स्कूल बंद हैं। बागेश्वर जिले में सरयू नदी उफान पर है। रविवार को उत्तरकाशी में यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिलाई बैंड के पास एक होटल ढह गया। हादसे में 29 मजदूर लापता थे, जिनमें से 20 को बचा लिया गया है। 2 मजदूरों की मौत हुई है। लापता 7 लोगों के लिए रेस्क्यू अभियान जारी है। बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर गोचर बंदखंड के पास लैंडस्लाइड हुआ है। मलबा सड़क पर आ गया। लैंडस्लाइड के बाद बदरीनाथ जाने वाले रोड पर कई किलोमीटर का लंबा जाम लग गया है।*

सलाल डैम के 12 गेट खुले

### जम्मू के रियासी में बारिश जारी



जम्मू-कश्मीर के रियासी में बारिश जारी है। भारी बारिश के चिनाब नदी का जलस्तर बढ़ गया। इसके बाद सलाल डैम के 12 गेट खोल दिए गए हैं। वहीं, रामबन में बगलिहार डैम के 3 गेट खोले गए है।

### चार धाम यात्रा पर लगा प्रतिबंध हटा

*चार धाम यात्रा पर रविवार को 24 घंटे का प्रतिबंध लगाया गया था, जिसे अब हटा लिया गया है। यात्रा एक बार फिर शुरू हो गई है। मौसम की स्थिति के अनुसार वाहनों को रोकने या आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित जिलों के प्रशासन को हाई अलर्ट पर रखा गया है और बचाव और राहत दल सक्रिय कर दिए गए हैं।*

### बालासोर और मयूरभंज में बाढ़ का पानी घुसा लोगों को निकाला

*नॉर्थ ओडिशा में प्रमुख नदियों के उफान पर होने के कारण राज्य सरकार ने निचले इलाकों से लोगों को निकालना शुरू कर दिया है। राज्य सरकार ने बालासोर और मयूरभंज के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, क्योंकि सुवर्णरेखा, बुधबलंग, जलाका और सोनो जैसी नदियों में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बालासोर तथा मयूरभंज जिलों में बचाव एवं राहत अभियान शुरू कर दिया है। बालासोर में अब तक 35 ग्राम पंचायतें बाढ़ से प्रभावित हुई हैं। विभाग का कहना है कि सुवर्णरेखा का पानी और ज्यादा इलाकों में जा सकता है। सोमवार सुबह तक बालासोर में 1,138 लोगों को निकाला जा चुका है।*

---

## खबर संक्षेप

### ट्रंप और नेतन्याहू के खिलाफ फतवा जारी

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ



फतवा जारी किया गया है। ईरान के शीर्ष शिया धर्मगुरु अयातुल्ला नासर मकरम शिराजी की ओर से जारी फतवे में दोनों को खुदा का दुश्मन बताते हुए अपनी गलतियों पर पछतावा कराने के लिए कहा गया है। फतवे में दुनियाभर के सभी मुसलमानों से कहा गया है कि वे दोनों का कोई सहयोग या समर्थन न करें।

### पाकिस्तान में दो आतंकी हमलों में 5 की मौत

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आतंकवाद की दो अलग-अलग घटनाओं में दो सुरक्षाकर्मियों और



स्थानीय शांति समिति के तीन सदस्यों सहित कम से कम पांच लोग मारे गए। दोनों घटनाएं खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अशांत लक्की मरवात जिले में हुईं। पहली घटना में, एक गश्ती वाहन को निशाना बनाकर सड़क के किनारे किए गए बम विस्फोट में दो सैनिकों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। शाहब खेल क्षेत्र में अज्ञात बंदूकधारियों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

---

डीआरडीओ तैयार कर रही अग्नि-5 मिसाइल के दो नए वर्जन

एडवांस बंकर-बस्टर बम की तरह करेगी काम

# जमीन के 100 मीटर अंदर घुसकर तबाह कर देगा दुश्मन के ठिकाने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने एडवांस बंकर-बस्टर बम विकसित करने के अपने प्रयासों में तेजी लाई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) अग्नि-5 इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का मॉडिफाइड वर्जन डेवलप कर रहा है। अग्नि-5 के मॉडिफाइड वर्जन एक पारंपरिक हथियार होगा जो 7500 किलोग्राम के विशाल बंकर-बस्टर वारहेड ले जाने में सक्षम होगा। कंक्रीट की मजबूत परतों के नीचे बने दुश्मन के सैन्य और रणनीतिक ठिकानों पर हमला करने के लिए डिजाइन की गई यह मिसाइल विस्फोट से पहले 80 से 100 मीटर तक ड्रिल करके जमीन में नीचे घुसेगी।

बंकर-बस्टर बमों को मिसाइल से छोड़ा जाएगा

पाकिस्तान और चीन को टारगेट कर सकेंगे



### पूरी तरह स्वदेशी तकनीक, कम खर्च आएगा

*भारत द्वारा विकसित किए जा रहे स्वदेशी बम का लक्ष्य और अधिक पेनिट्रेशन का है। भारत अपने बंकर-बस्टर बमों को मिसाइल से टारगेट तक डिलीवर करने के लिए डिजाइन कर रहा है। यानी भारतीय बंकर-बस्टर बमों को लॉन्च करने में खर्च कम आएगा और इसके लिए महंगे बमवर्षक विमानों की जरूरत नहीं होगी। यह भारत को ग्लोबल वेपन मार्केट में बड़ी मजबूती प्रदान करेगा। अग्नि-5 के दो नए वर्जन डेवलप किए जा रहे हैं। एक में जमीन के ऊपर के टारगेट के लिए एयरबर्स्ट वारहेड की सुविधा होगी, जबकि दूसरा डीप-पेनिट्रेटिंग मिसाइल होगी जिसे कठोर भूमिगत ढांचे में घुसने के लिए डिजाइन किया गया है।*

### 7.5 टन वजनी बम ले जा सकेगी

अग्नि-5 के दोनों संस्करणों में करीब 7.5 टन वजनी वारहेड कैरी करने की क्षमता हो सकती है। नए वर्जन की मारक क्षमता 2500 किलोमीटर होगी, ये दोनों हथियार विशेष रूप से पाकिस्तान और चीन जैसे विरोधी देशों के कमांड एवं कंट्रोल सेंटर्स, मिसाइल साइट्स और अन्य महत्वपूर्ण सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। इन मिसाइलों की गति मैक 8 से मैक 20 (ध्वनि की गति से 8 से 20 गुना अधिक) के बीच होने की उम्मीद है, जो इन्हें हाइपरसोनिक हथियारों की श्रेणी में रखता है।

## इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल 'के-6' का जल्द होगा ट्रायल, मारक क्षमता 8000 किमी

भारत अपनी के-6 हाइपरसोनिक मिसाइल का समुद्री परीक्षण करने के लिए तैयार है। इस मिसाइल को डीआरडीओ द्वारा विकसित किया जा रहा है, जिसे भारत की आगामी एस-5 क्लास की न्यूक्लियर सबमरीन (परमाणु पनडुब्बी) में तैनात किया जा सकता है। इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल के-6 की स्पीड और रेंज ब्रह्मोस मिसाइल से बेहतर होगी। यह मिसाइल भारत को पाकिस्तान और चीन जैसे दुश्मन देशों के खिलाफ ज्यादा प्रभावी ढंग से प्रतिरोध करने में मदद करेगी। हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की एडवांस नेवल सिस्टम्स लेबोरेटरी में विकसित की जा रही के-6 भारत की सबसे उन्नत और घातक मिसाइलों में से एक है। न्यूक्लियर सबमरीन से लॉन्च की जाने वाली यह हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल भारत को दुनिया के सबसे सक्षम देशों की सूची में ला खड़ा करेगी। एस-5 क्लास की न्यूक्लियर सबमरीन जिनसे के-6 को लॉन्च किया जाएगा, मौजूदा अरिहंत क्लास की सबमरीन से बड़ी और अधिक शक्तिशाली होंगी। इन्हें भारी वारहेड और मिसाइलें कैरी करने के लिए डेवलप किया जा रहा है।

### 9200 किमी प्रति घंटे की स्पीड से लक्ष्य की ओर दौड़ेगी



के-6 मिसाइल हाइपरसोनिक स्पीड तक पहुंचने में सक्षम होगी। हाइपरसोनिक का मतलब मैक 7.5 (ध्वनि की गति से साढ़े सात गुना ज्यादा) या 9,200 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से होता है। इस मिसाइल का ऑपरेशनल रेंज 8,000 किलोमीटर है। हाइपरसोनिक स्पीड के कारण यह मिसाइल अधिकांश एंटी-मिसाइल डिफेंस सिस्टम्स को चकमा दे सकती है, जिससे दुश्मनों को प्रतिक्रिया करने का समय ही नहीं मिलता। इसमें मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक है। इससे एक ही मिसाइल कई टारगेट पर सटीकता से हमला कर सकेगी, जिससे अटैक और डिफेंस दोनों ही तरह के अभियानों में इसकी प्रभावशीलता बढ़ेगी। के-6 मिसाइल की लंबाई 12 मीटर से अधिक और व्यास 2 मीटर से अधिक होगा।

---

भारत-अमेरिका के बीच बनी सहमति

# 9 जुलाई से पहले हो सकता है 'व्यापार समझौते' का ऐलान



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौते की सभी शर्तों पर सहमति बन गई है। बताया जा रहा है कि इस समझौते का औपचारिक एलान ट्रंप की समयसीमा से एक दिन पहले आठ जुलाई को हो सकता है। इस समझौते के लिए भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक दल वॉशिंगटन में है। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ को निलंबित किए जाने की समयसीमा नौ जुलाई को समाप्त हो रही है। इसे लेकर दुनियाभर के देशों की चिंता बढ़ी हुई है। शुक्रवार को ट्रंप ने कहा था कि नौ जुलाई के बाद वैश्विक टैरिफ से राहत नहीं मिलेगी। इसके बाद वह अधिकांश देशों पर टैरिफ पर 90 दिवसीय रोक को बढ़ाने की योजना नहीं बना रहे हैं।

### ट्रंप ने लगाया था 26 फीसदी टैरिफ

अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत से आने वाले सामानों पर 26 फीसदी अतिरिक्त कर (टैरिफ) लगाने का ऐलान किया था, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। हालांकि, 10 फीसदी का मूल टैक्स अभी भी लागू है। भारत चाहता है कि प्रस्तावित 26 फीसदी शुल्क वापस लिया जाए और स्टील व ऑटो पाट्र्स पर पहले से लगे अमेरिकी शुल्कों में छूट मिले। मगर अमेरिका पहले भारत से सोयाबीन, मक्का, कार और शराब पर आयात शुल्क घटाने और गैर-शुल्क बाधाओं को आसान करने की प्रतिबद्धता चाहता है।

### निष्पक्ष और न्यायसंगत होगा समझौता

समझौते के लिए बातचीत का मकसद दोनों देशों के बीच वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 190 बिलियन डॉलर से बढ़ाकर 2030 तक 500 बिलियन डॉलर करना है। 10 जून को वार्ता समाप्त होने पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि भारत और अमेरिका एक निष्पक्ष और न्यायसंगत व्यापार समझौते पर बातचीत करने की प्रक्रिया में हैं, जिससे दोनों अर्थव्यवस्थाओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा था कि पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप फरवरी 2025 में मिले, हमारे दोनों नेताओं ने एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते में प्रवेश करने का फैसला किया है।

---


पुनर्जन्म की मान्यता के आधार पर खोजा जाता है

# 90वें जन्मदिन पर दलाई लामा कर सकते हैं उत्तराधिकारी की घोषणा!

एजेंसी ▶▶ धर्मशाला

तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा के उत्तराधिकारी का नाम जल्द ही सामने आ सकता है। 14वें दलाई लामा के 90वें जन्मदिन पर उत्तराधिकारी की घोषणा के कयास लगाए जा रहे हैं। 6 जुलाई को दलाई लामा 90 साल के पूरे हो जाएंगे।

धर्मशाला के मैकलोडगंज में उनके लिए तीन दिवसीय जन्मदिन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) के कई बड़े नेता दावा कर चुके हैं कि 90वें जन्मदिन पर दलाई लामा अपने उत्तराधिकारी का ऐलान कर सकते हैं। 14वें दलाई लामा ने 1959 में चीन के कारण तिब्बत छोड़ दिया था।



### पुरानी वस्तुएं दिखाई जाती हैं

*तिब्बती बौद्ध धर्म में दलाई लामा चुनने की प्रथा सदियों पुरानी है। यह परंपरा पुनर्जन्म के सिद्धांत पर आधारित है। तिब्बत में ऐसी मान्यता है कि दलाई लामा दोबारा जन्म लेते हैं और एक नया रूप धारण करके अपना पद भार संभालते हैं। तिब्बती मान्यता के अनुसार, दलाई लामा की मृत्यु के 9 महीने बाद जन्में बच्चे को ढूंढा जाता है या फिर दलाई लामा अपनी मृत्यु से पहले कुछ संकेत देते हैं, जिसकी मदद से नए दलाई लामा को खोजा जाता है।*

### सोने के कलश से निकाला था नाम

14वें दलाई लामा ने भी 2 साल की उम्र में 13वें दलाई लामा की चीजों को पहचान लिया था। उन्होंने पुराने दलाई लामा की वस्तुओं को देखने के बाद कहना शुरू कर दिया कि 'ये मेरी है...ये मेरी है।' जिसके बाद उन्हें 14वां दलाई लामा बनाया गया था। दलाई लामा को पहचानने की एक प्रथा यह भी थी कि कागज पर उनका नाम लिखकर एक सोने के कलश में छिपा दिया जाता था। हालांकि, अब यह कलश चीन के पास है।

---

आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप

# सीबीआई ने एसबीआई के पूर्व शाखा प्रबंधक पर दर्ज किया नया मामला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


केंद्रीय जांच ब्यूरो ने असम में भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा के पूर्व प्रबंधक के खिलाफ अवैध संपत्ति रखने का मामला दर्ज किया है। उनपर कथित रूप से 80 लाख रुपए से अधिक की अवैध संपत्ति रखने का आरोप है। एसबीआई रामकृष्णनगर शाखा, करीमगंज के पूर्व शाखा प्रबंधक पिंकू कुमार पहले से ही दूसरे मामले में जांच का सामना कर रहे हैं। उनपर जाली दस्तावेजों का उपयोग करके ऋण स्वीकृत करने से जुड़े करोड़ों रुपये के घोटाले में कथित मिलीभगत करने का आरोप है। सीबीआई की शिलांग स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने प्रारंभिक जांचकर्ता से शिकायत प्राप्त होने के बाद 27 जून को पिंकू कुमार के



खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का नया मामला दर्ज किया। आरोप है कि पिंकू कुमार ने 1 अप्रैल 2019 से 27 मार्च 2025 तक की अवधि के दौरान जानबूझकर अवैध रूप से धन अर्जित करते हुए आपराधिक कदाचार किया। सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान उनके पास आय से अधिक 99.20 लाख रुपए (81.84 प्रतिशत महंगाई भत्ता) के वित्तीय संपत्ति पाई गई।

---

# केरल में कोट्टियूर उत्सव का आयोजन



**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में 'वैशाख महोत्सव' या कोट्टियूर उत्सव के दौरान लोग कोट्टियूर महादेव मंदिर के पास इकट्ठा होते हैं, जिसे स्थानीय तौर पर इक्करे कोट्टियूर के नाम से जाना जाता है। कोट्टियूर उत्सव के दौरान अपनी इच्छा पूर्ति के लिए श्रद्धालु पेड़ के नीचे पत्थर जमाते हैं।

---

बीएसएफ को राजौरी में एलओसी पर मिली बड़ी सफलता

# पाक आतंकवादी गाइड को किया गिरफ्तार, 20 हजार रुपए बरामद

एजेंसी ▶▶ राजौरी

जम्मू-कश्मीर के पूंछ और राजौरी जिलों की सीमा पर नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश के दौरान गिरफ्तार एक पाकिस्तानी नागरिक की पहचान आतंकवादियों के गाइड के रूप में हुई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद आरिफ जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के चार आतंकवादियों के एक समूह का नेतृत्व करते हुए भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, जब रविवार दोपहर को सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार शख्स की पहचान मोहम्मद आरिफ अहमद के तौर पर हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 20,000 पाकिस्तानी रुपए के साथ कुछ सामान भी बरामद किए गए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि पकड़ा गया पाकिस्तानी नागरिक एक आतंकवादी गाइड है। पूछताछ में आरिफ अहमद ने बताया कि वह क्षेत्र की भौगोलिक इलाके से परिचित है और आतंकवादियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने के लिए पाकिस्तानी सेना के निर्देश पर काम कर रहा था। बीएसएफ ने शख्स को राजौरी में एलओसी के पास मंजकोट सेक्टर से अरेस्ट किया गया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।



### मोहम्मद आरिफ अहमद के रूप में हुई पहचान

*बीएसएफ के अनुसार 22 साल के शख्स की पहचान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के दातोटे गांव के निवासी मोहम्मद यूसुफ के बेटे मोहम्मद अरीब अहमद के रूप में हुई है और उसे सेना के 'ऐस ऑफ स्पेड्स' डिवीजन के तहत गंभीर इलाके में स्थित हजूरा चौकी के पास से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए पाकिस्तानी नागरिक के पास से एक मोबाइल फोन, दो लाइटर और कुछ रसीदें भी बरामद की हैं। बताया जा रहा है कि आरिफ जैश ए मोहम्मद के चार आतंकवादियों के एक ग्रुप को भारतीय सीमा में लेकर जा रहा था। वहीं सीमा पर तैनात भारतीय जवानों ने रविवार (30 जून ) को उसे पकड़ लिया।*

### आतंकी हुए फरार

अधिकारियों के मुताबिक उसके पास ही मौजूद आतंकवादी चट्टान से नीचे कूद गए और घायल होने के बाद वापस पाकिस्तान सीमा की तरफ लौट गए। पास में पाकिस्तान की चौकियां होने की वजह से सेना के जवान आतंकवादियों पर गोली नहीं चला सके। वहीं इलाके की ड्रोन फुटेज लेने पर इलाके में खून के निशान दिखाई दिए है, इससे पता चलता है कि आतंकवादियों के गिरने की वजह से वह घायल हुए थे। सेना के जवान सीमा पर कड़ी नजर रखे हुए हैं ताकि किसी भी घुसपैठ को रोका जा सकते।

### मणिपुर में चार लोगों की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने 72 वर्षीय महिला सहित कम से कम चार लोगों की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घात लगाकर यह हमला मोंगजांग गांव के पास दोपहर दो बजे के आसपास हुआ जब पीड़ित एक कार में यात्रा कर रहे थे। मोंगजांग चुराचांदपुर शहर से लगभग पांच किमी दूर है। चारों को नजदीक से गोली मारी गई। यूनाइटेड कूकी नेशनल लिबरेशन आर्मी (यूकेएनएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। मृतकों की पहचान थेनखोथांग हाओकिप उर्फ थापी (48), सेखोगिन (34), लेंगोउहाओ (35) और फाल्हिंग (72) के रूप में हुई है।

---

अमरनाथ यात्रा को लेकर भक्तों में उत्साह

# जम्मू में पंजीकरण के लिए टोकन वितरण शुरू, प्रतिदिन कोटा 2 हजार

एजेंसी ▶▶ जम्मू

अमरनाथ यात्रा से पहले तीर्थयात्रियों के ऑफलाइन पंजीकरण के लिए टोकन वितरण केंद्र को सोमवार को यहां चालू कर दिया गया जिसे लेकर देश-विदेश के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। यात्रा पर जाने के इच्छुक तीर्थयात्री मौके पर ही पंजीकरण के वास्ते टोकन लेने के लिए केंद्र पर उमड़ पड़े। जम्मू (दक्षिण) के उपसंभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) मनु हंसा ने बताया कि सोमवार से टोकन वितरण शुरू हो गया है। इस उद्देश्य के लिए सरस्वती धाम में एक टोकन केंद्र स्थापित किया गया है, जहां से पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों पर यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों को टोकन वितरित



किए जा रहे हैं। टोकन प्राप्त करने के बाद तीर्थयात्री मंगलवार को यात्रा के लिए अपना पंजीकरण करा सकते हैं और दो जुलाई को जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर से शुरू होने वाली तीर्थयात्रा पर जा सकते हैं। पंजीकरण मंगलवार से कल तीन केंद्रों - वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में शुरू होगा। यह एकमात्र केंद्र है, जहां से श्रद्धालु टोकन प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र सुबह सात बजे खुलता है। टोकन और पंजीकरण का प्रतिदिन का कोटा दो-दो हजार है।

# शहर के विशिष्ट डॉक्टरों का सम्मान

**जबलपुर।** डाक्टर्स-डे की पूर्व बेला में राष्ट्रीय समाचार पत्र हरिभूमि व मप्र-छग के अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया आईएनएच के तत्वाधान में आयोजित आयुष्मान भव: कार्यक्रम में शहर के विशिष्ट डॉक्टरों का सम्मान किया गया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल एवं हरिभूमि-आईएनएच के प्रधानसंपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी की उपस्थिति में कलचुरि होटल में आयोजित क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं पर केंद्रित संवाद व विश्लेषणात्मक कार्यक्रम में बहुपक्षीय, सार्थक व उपयोगी परिचर्चा हुई। डॉक्टरों को अनुकूल वातावरण में सर्वश्रेष्ठ इलाज की व्यवस्था शासन-प्रशासन-समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इस विषय सहित अन्य सभी स्वास्थ्यगत मामलों व उससे जुडे सभी पक्षों का इस कार्यक्रम में विस्तृत व सारगर्भित समीक्षा हुई।


डॉ. संजय भारती, मेडिकल कॉलेज


डॉ. बीके पांसे, अनंत हॉस्पिटल


डॉ. विशाल कस्तवार


डॉ. अरविंद शर्मा, अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज


डॉ. अतुल सुले


डॉ. संजय मिश्रा, सीएमएचओ


डॉ आरके गुप्ता


डॉ. नवनीत सक्सेना, डीन, मेडिकल कॉलेज


डॉ. अशोक खंडेलवाल, मेडिकल यूनिवर्सिटी, मप्र


डॉ. पुष्पराज बघेल, कुलसचिव, मेडिकल विवि


डॉ. पुष्पराज पटेल, ह्रदय रोग विशेषज्ञ


डॉ. अभिजीत विश्नोई, नेत्र रोग विशेषज्ञ

कार्यक्रम में डॉ पुष्पराज सिंह पटैल, डॉ संजय भारती, व्यवसायी रोहित तिवारी, समाजसेवी सौरभ बडेरिया, डॉ विशाल कस्तवार, डॉ अरविंद दुबे, डॉ प्रदीप कसार, डॉ अविजित विश्नोई, डॉ संजय मिश्रा, डॉ जितेंद्र जामदार, डॉ विशाल मेहरा, डॉ पवन स्थापक, डॉ आरके पाठक, डॉ नवीन कोठारी, डॉ मनीष मिश्रा, डॉ रत्नेश कुरारिया, डॉ विजय पांडे, डॉ एसएस डाहिया, डॉ विवेक गुप्ता, डॉ मुकेश श्रीवास्तव, डॉ मयंक चौबे, डॉ केके साहू, डॉ अमित जैन, डॉ राजेश तिवारी, डॉ अश्वनि त्रिवेदी, डॉ राजीव बडेरिया, डॉ केसी देवानी, डॉ आदित्य परिहार, डॉ अमरेंद्र पांडे, डॉ जतिन धीरावानी, डॉ अजय विश्नोई, डॉ आदर्श विश्नोई, डॉ, अनुपम साहनी, डॉ डीयू पाठक, डॉ आरके गुप्ता, डॉ चारु पाठक, डॉ अनूप जैन, डॉ सुधीर तिवारी, डॉ अचिंत वर्मा, डॉ अजय सेठ, डॉ शैलेंद्र राजपूत, डॉ दीपांकर बैनर्जी, डॉ अखिलेश गुमाश्ता, डॉ नीरज जैन डॉ प्रदीप दुबे, डॉ शोभित बडेरिया, डॉ सोना दुबे, डॉ ऋषि डाबर, डॉ परिमल स्वामी, डॉ अतुल सुले, डॉ जन्मेजय जामदार, डॉ वाईसी चाऊ, डॉ. आशुतोष राय, डॉ.राजीव जैन, डॉ.डीआर समिक रज़ा, डॉ.विवेक अरोरा, डॉ. प्रदीप अरोरा, डॉ. अंजना दुबे, डॉ. निधि जैन, डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. राहुल शुक्ला, डॉ. अखिल श्रीवास्तव, डॉ. दिगंत पाठक, डॉ. वायआर यादव, डॉ. अभिषेक दुबे, डॉ. आनंद तिवारी, डॉ. अभिनीत जैन, डॉ. तरूण नागपाल, डॉ शीतल राजपूत, डॉ. संजय जैन, शालिनी सिंह आदि का सहयोग रहा।

आयोजन में गोल्डन हार्ट हास्पिटल, अनंत हास्पिटल, मैट्रो प्राइम हास्पिटल, गेलैक्सी हास्पिटल, जानकी रमण हास्पिटल, स्वास्तिक हास्पिटल, एलआईसी, श्रीराम इंजीनियरिंग कालेज, आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।


कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।


महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सम्मान प्राप्त करते हुए।



हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी के साथ दिलीप तिवारी, गणेश प्रजापति, मनोज रजक, रूपेश क्षत्री, संजय साहू, अनुरोध पटैरया, अमरेन्द्र सिंह, राशिद खान, अमन द्विवेदी, राजेश साहू, फतेह सिंह।

जुलाई का शक्कर कोटा कम आने से बढ़े भाव

# शहर में रोजाना बिक रही 300 टन यानी सवा सौ करोड़ रुपए से अधिक की शक्कर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



केंद्रीय खाद्य मंत्रालय द्वारा जुलाई 2025 के लिए महज 22 लाख टन शक्कर की घरेलू बिक्री का कोटा निर्धारित किया गया है। अतः शक्कर कोटा कम जारी होने से स्थानीय जिंस थोकबाजार हनुमानगंज, जुमेराती बाजार में शक्कर के भाव में बढ़त दर्ज हुई है। स्थानीय थोक शक्कर कारोबारी देवानंद सचदेवा ने बताया कि राजधानी भोपाल में रोजाना शक्कर की आवक 12 से 13 ट्रक की है। एक ट्रक में 25 टन शक्कर लोड रहता है। अतः इस अनुमान से शहर में हर रोज करीब 300 टन शक्कर की बिक्री होती है अतः भोपाल में प्रतिदिन 125 करोड़(सवा सौ करोड़ )रुपए की शक्कर बिकती है।

गौरतलब है कि केंद्रीय खाद्य मंत्रालय जारी जुलाई 2025 के लिए नियत 22 लाख टन चीनी का कोटा जून के 23 लाख टन से एक लाख टन तथा जुलाई 2024 के कोटा 24 लाख टन से 2 लाख टन कम है। जुलाई 2023 में भी 24 लाख टन चीनी का कोटा नियत हुआ था। अक्टूबर-दिसम्बर 2024 की तिमाही में करीब 70 लाख टन चीनी का फ्री सेल कोटा जारी किया गया था जबकि जनवरी से जुलाई 2025 के दौरान 182 लाख टन का कोटा नियत किया गया। अब अगस्त तथा सितम्बर का कोटा जारी होना बाकी है जबकि अक्टूबर से नया मार्केटिंग सीजन आरंभ हो जाएगा।

## मिलर्स चीनी का दाम घटाने के लिए तैयार नहीं

शक्कर की घरेलू मांग कमजोर चल रही है जिससे इसका दाम भी एक निश्चित सीमा में स्थिर हो गया है। चीनी का एक्स फैक्ट्री मूल्य महाराष्ट्र में 3780 से 4050 रुपए प्रति क्विंटल तथा उत्तर प्रदेश में 3830 से 4000 रुपए प्रति क्विंटल के बीच बताया जा रहा है। थोक खरीदार कीमतों में गिरावट आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं और इसलिए सीमित मात्रा में चीनी की खरीद कर रहे हैं। दूसरी ओर मिलर्स चीनी का दाम घटाने के लिए तैयार नहीं हैं क्योंकि इसके लागत खर्च में वृद्धि हो गई है। एथनॉल के खरीद मूल्य में भी कोई इजाफा नहीं हुआ है।

## शक्कर का निर्यात प्रदर्शन भी उत्साहवर्धक नहीं

हालांकि 2023-24 सीजन के मुकाबले 2024-25 के मार्केटिंग सीजन में चीनी का घरेलू उत्पादन 18 प्रतिशत घटकर 261 लाख टन पर अटक गया लेकिन फिर भी सीमित मांग के कारण इसका भाव काफी हद तक स्थिर बना रहा। अब मानसून अपने पीक की ओर बढ़ रहा है जिससे चीनी की मांग एवं खपत में और भी कमी आ सकती है। जून के लिए निर्धारित कोटे में से करीब 1.50 लाख टन चीनी का स्टॉक अनबिका रह जाएगा और इसे भी जुलाई के कोटे में जोड़ा जा सकता है।इससे जुलाई माह का कुल प्रभावी कोटा बढ़कर 23.50 लाख टन पर पहुंच सकता है। इससे बाजार भाव पर दबाव बढ़ने की संभावना है। चीनी का निर्यात प्रदर्शन भी उत्साहवर्धक नहीं रहा है।

## सहाना सिस्टम लाएगा क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट्स में क्रांति

अहमदाबाद। सहाना सिस्टम लिमिटेड ने बताया कि उसे थाईलैंड सरकार के वित्तमंत्रालय से उसके वित्तीय ढांचे को मजबूत करने के प्रस्ताव को लेकर औपचारिक मंजूरी मिली है। थाईलैंड सरकार ने सहाना के इस प्रस्ताव की सराहना की है, जिसमें डिजिटल भुगतान व्यवस्था को बेहतर बनाने और सभी लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने की बात की गई है। सहाना का समाधान बैंक ऑफ थाईलैंड और भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से एक सुरक्षित, रियल-टाइम क्रॉस-बॉर्डर ट्रांजेक्शन प्रणाली प्रस्तुत करता है।

## बार्टोनिक्स ने 40.72 करोड़ का राजस्व दर्ज किया

नई दिल्ली। बार्टोनिक्स इंडिया लिमिटेड 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में 916.73 लाख का कुल राजस्व अर्जित किया, जो पिछली तिमाही के 876.93 लाख की तुलना में अधिक है। वहीं, कर पूर्व लाभ वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 32.50 लाख के नुकसान से सुधरकर वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में 140.24 लाख के लाभ में बदल गया। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के लिए कंपनी की कुल व्यापक आय 114.45 लाख रही। 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए, कंपनी ने कुल राजस्व 4072.86 लाख (वित्त वर्ष 25) दर्ज किया।

एलन ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया

# एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने मनाया विक्ट्री सेलिब्रेशन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट, भोपाल द्वारा विक्ट्री सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। जिसमें 2025 आईआईटी-जेईई, नीट-यूजी, विभिन्न ओलंपियाड और बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और एलन परिवार के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोनल हेड एंड वाइस प्रेसिडेंट डॉ. विपिन योगी ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और उत्साह प्रदान करते हुए कहा कि एलन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और सफलता की दिशा में सदैव प्रतिबद्ध है। एलन भोपाल अपने विद्यार्थियों की क्षमताओं को निखारने और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने के अपने मिशन को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने भोपाल में किए जा रहे नवाचारों के बारे में भी बताया। समारोह में विशेष रूप से एकेडमिक हेड हृषिकेश शर्मा, एडमिन हेड कमल कांत तथा कोटा से आए हेमंत योगी और विजय राम बेनीवाल मौजूद रहे। साथ ही एलन भोपाल के सभी फैकल्टी और स्टाफ सदस्य भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को उनकी मेहनत और उपलब्धियों के लिए मैडल्स, स्मृति चिन्ह एवं उपहारों से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों ने मिलकर सफलता की इस घड़ी को साथ में मनाया। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने इस कार्यक्रम की प्रशंसा की और एलन के प्रयासों की सराहना की।

ट्रक चालकों का सम्मान, सुरक्षा और आजीविका सुनिश्चित की दिशा में पहल

# ड्राईवरों के सम्मान में 'ऑपरेशन सारथी' अभियान की घोषणा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वाहन चालक सारथी देश के रीढ़ है उनके बदौलत ही देश के कोने -कोने में दैनिक आवश्यकता वस्तुओं की पूर्ति होती है और उन्हीं के साथ परिवहन विभाग के भ्रष्टाचारी लोग अपमानित, मारपीट और अवैध वसूली कर रहे हैं। अतः भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से परिवहन विभाग के पनपे भ्रष्टाचार को खत्म करने और परिवहन विभाग को एक आदर्श विभाग बनाने की मांग को लेकर दो प्रमुख संगठन भाईचार राजमार्ग परिवहन सेवा (बीआरपीएस) और गोपाल परिवार फाउंडेशन के पदाधिकारी सारथी यानी ड्राइवरों के सम्मान में ऑपरेशन सारथी अभियान शुरू करने की घोषणा की है। भाईचार राजमार्ग परिवहन सेवा (बीआरपीएस) के अध्यक्ष नरेन्द्र मिश्रा ने कहाकि बीआरपीएस और गोपाल परिवार फाउंडेशन ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक अभियान ऑपरेशन सारथी का ऐलान किया गया



नरेंद्र मिश्रा प्रहलाद अग्रवाल

है। इस ऑपरेशन सारथी को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य है कि देश के ट्रक चालक (सारथी) को सामाजिक सम्मान, सुरक्षा और उचित आजीविका सुनिश्चित मुहैया हो। उन्होंने कहाकि ट्रक चालकों का हमारे देश की प्रगति में अतुलनीय योगदान है जो सीमाओं तक सामग्री पहुंचाते हैं और देश की अर्थव्यवस्था को गति देते हैं। इतना ही हमारे सारथी कठिन परिस्थितियों में भी देशहित में समर्पित रहते हैं। गोपाल परिवार फाउंडेशन के संचालक प्रहलाद अग्रवाल ने कहाकि हमारे फाउंडेशन से जुड़ी पांच संस्थाएं तथा देशभर के अनेक मोटर वाहन मालिक चालक एवं ट्रांसपोर्ट व्यवसायी इस अभियान के साथ कार्य करने को तत्पर हैं। हमारा यह अभियान 30 जून से शुरू होगा। दोनों प्रमुख संगठन का एक दल नागपुर से सिवनी के लिए सुबह 9 बजे रवाना होगा। इसके अलावा 3 जुलाई को नागपुर से भोपाल के लिए रवाना होगा। जो कि महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश को कवर करते हुए 3 जुलाई की शाम को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल पहुंचेगा। इस दरमियान संगठनों का दल मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, परिवहन मंत्री और परिवहन आयुक्त से भेंट कर सारथी के सम्मान की मांग करेगा। भाईचार राजमार्ग परिवहन सेवा के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा ने बताया कि हमारा यह संगठन बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें सम्मानजनक कार्य उपलब्ध कराने के लिए सारथी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शुरू करेगा।

## एआईएमटीसी ने जताई एबी रोड पर जाम और टोल व्यवस्था पर आपत्ति

भोपाल। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी ), नई दिल्ली के मैनेजिंग कमेटी मेंबर और पूर्व अध्यक्ष, इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन सीएल मुकाती ने इंदौर-बायपास से देवास तक (एबी रोड) राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण जाम की स्थिति, खराब सड़क और टोल व्यवस्था पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहाकि इस गंभीर जाम में फंसे रहने के कारण अब तक 3 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है। साथ ही हजारों ट्रक चालक एवं परिवहन से जुड़े व्यवसायी अत्यंत कठिनाई का सामना कर रहे हैं। मालवाहक ट्रकों में लोड सामान खराब हो रहा है, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है ट्रको अन्य रास्ते से जाने में डीजल टोल का आर्थिक बोझ आ रहा है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी ), नई दिल्ली के मैनेजिंग कमेटी मेंबर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की है कि जब तक सड़क पूर्ण रूप से दुरुस्त नहीं हो जाती, तब तक टोल टैक्स स्थगित किया जाए। जिन अधिकारियों एवं ठेकेदारों ने लापरवाही की है, उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए। भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग सुरक्षा प्रदान की जावे एवं आवश्यक सुविधाए पानी, टॉयलेट आदि) तत्काल उपलब्ध कराई जाएं।

जब तक सड़क पूर्ण रूप से दुरुस्त न हो तब तक टोल टैक्स स्थगित हो: मुकाती

# नेशनल स्टॉक एक्सचेंज जुलाई से शुरू करेगा इलेक्ट्रिसिटी फ्यूचर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने एक बड़ा कदम उठाया है जिससे बिजली जैसे अहम सेक्टर को अब फाइनेंशियल मार्केट में शामिल किया जा रहा है। एनएसई ने घोषणा की है कि वह 11 जुलाई 2025 से इलेक्ट्रिसिटी फ्यूचर्स की शुरुआत करने जा रहा है और इसे सफल बनाने के लिए एक खास तरलता संवर्धन योजना (एलईपीएस) भी लाई जा रही है। इलेक्ट्रिसिटी फ्यूचर्स एक तरह का फाइनेंशियल कॉन्ट्रैक्ट होता है, जिसमें खरीदार और विक्रेता भविष्य की किसी तारीख पर बिजली की कीमत पहले से तय कर लेते हैं।



# सीए सप्ताह का शुभारंभ, रक्तदान और स्वास्थ्य शिविरों का भी हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शाखा आईसीएआई तथा सीआईसीएएसए भोपाल द्वारा आयोजित सीए सप्ताह समारोह की शुरुआत आईसीएआई भवन, भोपाल में हुआ। इस मौके पर सीए रन फॉर विकसित भारत नामक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 300 प्रतिभागियों , लगभग 200 छात्र एवं 100 सदस्यगण ने सक्रिय भागीदारी की। इस मैराथन का उद्देश्य स्वास्थ्य, एकता और राष्ट्रनिर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाना था। इसके पश्चात पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। समाजसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य एवं दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया।



### विजेताओं की सूची

तीन किलोमीटर दौड़ (50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में विजेता सीए अमित जैन, उपविजेता सीए चन्द्र प्रकाश हारसानी, तीन किलोमीटर दौड़ (50 वर्ष से कम आयु वर्ग – पुरुष) में विजेता सीए चन्द्र प्रकाश डांगी, उपविजेता सीए विजित बैदमुथा, तीन किलोमीटर दौड़ (50 वर्ष से कम आयु वर्ग – महिला) में विजेता सीए अंजलि नेमा, उपविजेता सीए मानशी मिश्रा, दस किलोमीटर दौड़ (50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) में विजेता सीए संदीप मुखर्जी, दस किलोमीटर दौड़ (50 वर्ष से कम आयु वर्ग – पुरुष) में विजेता सीए नंदन नरूला, उपविजेता सीए अमित असाटी, दस किलोमीटर दौड़ (50 वर्ष से कम आयु वर्ग – महिला)में विजेता सीए उमंग पेसवानी, उपविजेता सीए निहारिका अरुण


# कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - नरसिंहपुर (म.प्र.)

प्रकाशन क्र. 007 / 2025-26

## निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त )

दिनांक 27.06.2025

म. प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं भविष्य में होने वाले समस्त संशोधन केवल ऑन-लाइन पोर्टल http://www.mptenders.gov.in ही देखे जा सकेंगे। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैं :-

| स. क्र. | निविदा सूचना क्र./दिनांक | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रु. लाख में) | कुल अमानती राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में.) | ऑन लाइन निविदा क्रय/ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 027/ 25.06.2025 | 2025_PHED _432993_1 | Reparing And Balance Work of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at different Villages of block- Kareli Distt Narsinghpur based on Tube wells including installation of electric submersible/centrif-ugal water motor pump, laying & jointing of distribution pipeline system, household tap connection,construction of pump house and electric power connections including cost of all material & labour ETC COM ( 1st Call ) | 16.61 | 33220.00 | 2000.00 | 14.07.2025 | 160 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 028/ 25.06.2025 | 2025_PHED _432994_1 | Reparing And Balance Work of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at different Villages of block- Chawarpatha Distt Narsinghpur based on Tube wells including installation of electric submersible/centrifugal water motor pump, laying & jointing of distribution pipe line system, household tap connection, construction of pump house and electric power connections including cost of all material & labour ETC COM (1st Call) | 16.61 | 33220.00 | 2000.00 | 14.07.2025 | 180 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 029/ 25.06.2025 | 2025_PHED _433147_1 | Reparing And Balance Work of Piped Water Supply Scheme under Jal Jeevan Mission at different Villages of block- Saikheda Distt Narsinghpur based on Tube wells including installation of electric submersible/centrifugal water motor pump, laying & jointing of distribution pipe line system, household tap connection, construction of pump house and electric power connections including cost of all material & labour ETC COM ( 1st Call) | 16.61 | 33220.00 | 2000.00 | 14.07.2025 | 180 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 030/ 25.06.2025 | 2025_PHED _433149_1 | WATER SUPPLY SCHEME FOR PVTG HABITATION at Village - Barpani (Basti Tola) Gram Panchayat Piparpani Block Narsinghpur And Village Mukunda Block- Chichali Distt. Narsinghpur based on Tube wells including installation of electric submersible / centrifugal water motor pump, laying & jointing _433149_1 of distribution pipe line system, household tap connections, construction of mini pump house and electric power connections at Tube wells including cost of all material & labour ( 1st Call ) | 17.77 | 35540.00 | 2000.00 | 14.07.2025 | 180 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 031/ 25.06.2025 | 2025_PHED _433151_1 | Balance Work Of Piped Water Supply Scheme under Jai Jecyan Mission at Village - Sukha Block Saikheda Distt. Narsinghpur based on Tube Well including installation of electric submersible water motor pump, laying & jointing distribution pipe linc system,installation of Transformer, Errection of Pump house, household tap connections, including cost of all material & labour with 45 Days of trial run after completion of construction/Execution of work with successful testing and commissioning (1st Call) | 13.24 | 26480.00 | 2000.00 | 14.07.2025 | 120 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 032/ 25.06.2025 | 2025_PHED _433179_1 | Repairing, Maintenance and Chlorination of Hand-Pumps by providing required Labour (including Machanic) and Transportation ctc as per approved specification (Material will be supplied by the department) in villages of Block-KARELI, Dist.-Narsinghpur (1st Call) | 19.27 | 38540.00 | 2000.00 | 14.07.2025 | 365 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 7 | 033/ 25.06.2025 | 2025_PHED _433180_1 | Repairing, Maintenance and Chlorination of Hand-Pumps by providing required Labour (including Machanic) and Transportation etc as per approved specification (Material will be supplied by the department) in villages of Block - Chawarpatha, Dist.-Narsinghpur (1st Call) | 23.90 | 47800.00 | 5000.00 | 14.07.2025 | 365 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 8 | 034/ 25.06.2025 | 2025_PHED _433181_1 | Repairing, Maintenance and Chlorination of Hand-Pumps by providing required Labour (including Machanic) and Transportation etc as per approved specification (Material will be supplied by the department) in villages of Block - Saikheda, Dist.- Narsinghpur (1st Call) | 16.57 | 33140.00 | 2000.00 | 14.07.2025 | 365 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 9 | 035/ 25.06.2025 | 2025_PHED _433182_1 | Repairing, Maintenance and Chlorination of Hand-Pumps by providing required Labour (including Machanic) and Transportation etc as per approved specification (Material will be supplied by the department) in villages of Block - Chichali, Dist.- Narsinghpur (1st Call) | 16.76 | 33520.00 | 2000.00 | 14.07.2025 | 365 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 10 | 036/ 26.06.2025 | 2025_PHED _433387_1 | CONSTRUCTION OF DISTRICT LAB BUILDING IN Block-Kareli, Distt- NARSINGHPUR (1st Call) | 28.44 | 50000.00 | 5000.00 | 14.07.2025 | 180 दिवस वर्षा ऋतु सहित |
| 11 | 037/ 26.06.2025 | 2025_PHED _433388_1 | REPAIRING ESTIMATE OF CENTRAL STORE BUILDING SUDIVISON NARSINGHPUR (1st Call) | 4.18 | 8360.00 | 2000.00 | 14.07.2025 | 120 दिवस वर्षा ऋतु सहित |

G-14976/25 "बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - नरसिंहपुर


## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5914



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी,रजा-4
3. वध,आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल,अनूठा-3
8. अनाथ,बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार,सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में,दौरान-3
24. खुश,आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना,परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना,मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना,वचन तोड़ना-4
7. फिजूल,व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह,भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग,गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश,मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

### शब्द पहेली -5913 का हल



## सूडोकू नवताल - 5924

★★★★☆ कठिन



### सूडोकू नवताल - 5923 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक है।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।



# लव स्कैम इस धोखेबाजी से बचें

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा



आजकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर स्नेह भरे जुड़ाव के नाम पर हर एज ग्रुप की महिलाएं छलावे का शिकार हो रही हैं। अनदेखे-अनजाने चेहरों के वादों और दावों की जालसाजी उनके जज्बातों के साथ खिलवाड़ ही नहीं करती, आपराधिक घटनाओं का भी कारण बनती है। सोशल मीडिया में प्रेम जताने, मन भटकाने के नाम पर लव स्कैम या रोमांस स्कैम के रूप में होने वाली धोखेबाजी के मामले खूब सामने आ रहे हैं। इतना ही नहीं फाइनेंशियल स्कैम भी हो रहे हैं। ऐसे में सभी वर्चुअल प्लेटफॉर्म्स पर महिलाओं का सजग रहना जरूरी है।

**सोची-समझी चालबाजी:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किसी भी तरह के शोषण और धोखाधड़ी का खेल खेलने वाले लोग सोच-समझकर जाल बिछाते हैं। गांवों-कस्बों से लेकर मेट्रो सिटीज तक, बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां ऐसी जालसाजी का शिकार भी हो रही हैं। खासकर इमोशनल जुड़ाव की भूल-भुलैया में हर आयु वर्ग की महिलाओं के साथ धोखाधड़ी हो रही है। पिछले कुछ समय चर्चा में आई 'पिग बुचरिंग स्कैम' की स्ट्रेटेजी में महिलाओं के साथ सोची-समझी चालबाजी से जालसाजी की जा रही है। असल में 'पिग बुचरिंग स्कैम' की धोखाधड़ी को समझने से लिए बूचड़खाने का उदाहरण दिया जाता है। जैसे बाड़े में जानवर को देखभाल के साथ रखते हुए स्नेह-संभाल करने के बाद उसका जीवन छीन लिया जाता है, वैसे ही इस तरह ठगी करने वाले पहले विश्वास जीतने का खेल खेलते हैं। धोखा देने से पहले इस जालसाजी में क्लोज फ्रेंडशिप और प्रेम भरे जुड़ाव का पहलू भी शामिल होता है। झूठे प्रेम के नाम पर पूरी प्लानिंग के साथ ऐसी धोखाधड़ी का खेल खेला जाता है। महिला मित्रों के साथ सधे-सहज ढंग से रिश्ते जोड़कर प्रेम के नाम पर संवाद करते हुए धोखाधड़ी के भंवर में फंसाया जाता है। जिसके चलते बहुत-सी स्त्रियां भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार बन जाती हैं।

**इमोशनल फ्रंट पर धोखा:** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर होने वाली धोखेबाजी के अधिकतर मामलों में सबसे पहले भरोसा जीतने के लिए दोस्ती और प्रेम का ही सहारा लिया जाता है। फिर फाइनेंशियली ठगने के लिए धमाकेदार रिटर्न का वादा करते हुए पैसे इंवेस्ट करवाए जाते हैं या शारीरिक-मानसिक शोषण के लिए निजी बातें और जानकारियां पूछी जाती हैं। सरहदों की दूरियां मिटाकर दुनिया के हर कोने में बसे लोगों को जोड़ने वाली वर्चुअल दुनिया में जालसाजी का यह रंग-ढंग ग्लोबल लेवल पर विस्तार पा रहा है। यही वजह है कि भावनात्मक दिशाहीनता से जुड़े ठगी के ऐसे मामलों में आभासी दुनिया में विशेष सतर्कता की दरकार है। आमतौर पर सोशल मीडिया मंचों पर जाली प्रोफाइल बनाकर भी महिलाओं को प्यार के चंगुल में फंसाया जाता है। कुछ समय पहले दिल्ली के 23 वर्षीय लड़के ने खुद को ब्राजीलियन मॉडल बताकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स बंबल और स्नैपचैट पर 700 लड़कियों से भावनात्मक जुड़ाव बनाकर अपने जाल में फंसाया। उसने 18 से 30 साल की महिलाओं से मित्रता बढ़ाकर निजी तस्वीरें भेजने के लिए मना लिया। तस्वीरें भेजने वाली लड़कियों और महिलाओं को ब्लैकमेल करने के इरादे से खेले गए खेल में उसने तस्वीरों को इंटरनेट पर वायरल करने या डार्क वेब पर बेचने की धमकी देकर पैसे लिए। समझना कठिन नहीं कि ऐसे मामले भी कहीं ना कहीं महिलाओं के भावनात्मक दोहन से ही जुड़े होते हैं। झूठे प्रेम का जाल बुनकर अंजाम दिए जाते हैं। जरूरी है कि महिलाएं व्यावहारिक धरातल पर सोचें। सोशल मीडिया के आभासी संसार में प्यार के भ्रम भरे उलझाऊ संबंधों के घेरे में ना आएं।

### ऐसे बचें धोखाधड़ी से

- कभी निजी जीवन की चर्चा ना करें।
- अनजान लोगों के साथ चैटिंग करने से बचें।
- भावनात्मक-पारिवारिक कमजोरियों का जिक्र कभी ना करें।
- तस्वीरें शेयर करते समय अवेयर रहें।
- वर्चुअल फ्रेंड्स से पर्सनली मिलने की जानकारी अपनों को भी दें।
- जालसाजी में फंस जाएं तो फैमिली मेंबर्स को बताने में देरी न करें।
- अपनी या परिजनों की लोकेशन कभी साझा न करें।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कौन, कब दोस्त बनकर हमारे साथ खेल खेलने लगे, कुछ पता नहीं। इन जालसाजों के जाल में लड़कियां ही नहीं, मैच्योर महिलाएं भी भावनात्मक, शारीरिक और फाइनेंशियल फ्रंट पर शोषण का शिकार हो रही हैं। इसलिए अनजाने लोगों से जुड़ने में सजगता बहुत जरूरी है।

**अनगिनत खामियाजे:** झूठे प्रेम की वर्चुअल धोखाधड़ी असली दुनिया में सब कुछ उजाड़ देती है। इस सोचे-समझे जाल को समय रहते समझ कर इसके जाल में फंसने से पहले संभल जाइए। यह कटु सच है कि मौजूदा दौर में असल दुनिया से लेकर वर्चुअल दुनिया तक, खुद को भावनात्मक रूप से मजबूत रखना जरूरी हो गया है। यह समझना जरूरी है कि प्रेम यूं तलाशने या आंख बंद कर किसी की बातों में आ जाने से नहीं मिलता। यह फरेब तो महिलाओं से बहुत कुछ छीन लेता है। पैसे ऐंठने से लेकर ब्लैकमेलिंग का भय दिखाने तक, धन, सुकून और संबंधों में खटास आने जैसे अनगिनत नुकसान झेलने पड़ते हैं। जालसाजी के ऐसे मामलों में कई बार ब्लैकमेलिंग पैसे ऐंठने तक ही सीमित नहीं रहती। महिलाओं को शारीरिक शोषण और दूसरे लोगों को ठगने के खेल में शामिल होने के लिए भी मजबूर किया जाता है। यह सच है कि ऑनलाइन संसार से बढ़ती कनेक्टिविटी ने युवतियों-किशोरियों के लिए नहीं, बड़ी उम्र की महिलाओं के लिए भी मेलजोल का एक नया संसार खोला है। ऐसे में डिजिटल क्रांति से जुड़ा बदलाव पर्सनल फ्रंट पर पहले से कहीं ज्यादा ठहराव और समझ की मांग करता है। सोशल मीडिया और डेटिंग एप्स की डिजिटल दुनिया ने प्रेमपगे गठजोड़ के नए रंग हमारे सामने रखे हैं। रोमांस और ठगी की भाषा बदल दी है। कुछ लोगों के लिए यह जुड़ाव इरादतन खेला गया खेल होता है। दूर बैठे चेहरे गुमराह करने लगते हैं। हर दिन सामने आते धोखेबाजी के किस्से बताते हैं कि अनजान चेहरों से जज्बाती तौर पर जुड़ने के मामले में सजगता बरतनी आवश्यक है। a

# पॉजिटिव सोच के साथ करें हर नए दिन की शुरुआत

अगर आप रोज सुबह पॉजिटिव रहें तो आपका हर दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। हम बता रहे हैं कुछ सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय, जो हर सुबह को आशावादी, ऊर्जावान और सार्थक बना सकते हैं।

लाइफस्टाइल
अनीता जैन



हर सुबह हमारे जीवन में एक नया अवसर लेकर आती है- नई ऊर्जा, नई उम्मीद और एक नई दिशा चुनने का संकल्प। जिस प्रकार सूरज हर दिन नई रोशनी के साथ उदित होता है, ठीक वैसे ही हर व्यक्ति को हर सुबह अपने जीवन में सकारात्मकता का प्रकाश भरने का अवसर मिलता है। जीवन की सफलता और मानसिक शांति इस बात पर निर्भर करती है कि हम दिन की शुरुआत किस भाव, सोच और दृष्टिकोण के साथ करते हैं? अगर सुबह की शुरुआत सकारात्मक विचारों, आत्मविश्वास और आभार की भावना के साथ की जाए तो न केवल वह दिन बल्कि जीवन की दिशा भी बदल सकती है।

**हर सुबह एक वरदान है:** इसमें कोई संदेह नहीं कि हर सुबह हमारे लिए किसी वरदान की तरह होती है। अगर हम इसे मुस्कान, आशा और उद्देश्य के साथ अपनाएं, तो हर दिन सफलता और सुख की ओर पहला कदम बन सकता है। हमारे विचार, हमारी दिनचर्या और हमारी सोच ही अंततः हमारे भविष्य का निर्माण करती है। इसलिए जरूरी है कि हम दिन की शुरुआत सही सोच के साथ करें।

**सुबह जल्दी जगें:** धार्मिक ग्रंथों में ही नहीं स्वास्थ्य शास्त्रों में भी 'ब्रह्म मुहूर्त' में जागने की महत्ता बताई गई है। सुबह जल्दी उठने से हमें स्वयं के साथ कुछ शांत पल बिताने का अवसर मिलता है। दिन भर की भाग-दौड़ से पहले यह समय आत्मनिरीक्षण और सकारात्मक ऊर्जा को प्राप्त करने का सबसे अच्छा माध्यम है। लेकिन सुबह जल्दी उठकर मोबाइल देखने की बजाय आंख खुलते ही कुछ गहरी सांस लें और ईश्वर को धन्यवाद दें कि उनकी कृपा से आपको एक और दिन मिला है।

**सकारात्मक विचारों को दोहराएं:** दिन की शुरुआत सकारात्मक विचारों से करें। आप अपने लिए कुछ प्रेरणादायक वाक्य दोहरा सकती हैं जैसे- 'आज का दिन मेरे लिए शुभ है।', 'मैं हर परिस्थिति में शांत और संतुलित रहूंगी।', 'हर चुनौती मुझे और बेहतर बनाएगी।', 'हे ईश्वर! मुझसे कोई गलत काम न हो।' ऐसा आत्म-संवाद मन को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास से भर देता है। धीरे-धीरे यह अभ्यास हमारी सोच को सकारात्मक दिशा देने लगता है।

**कृतज्ञता का भाव रखें:** कई बार हम जो कुछ हमारे पास है, उसकी कद्र नहीं करते और जो नहीं है, उसके लिए दुखी रहते हैं। लेकिन अगर हम हर दिन यह सोचें कि हमारे पास क्या-क्या अच्छा है- जैसे परिवार, स्वास्थ्य, भोजन, घर- तो एक संतोष का भाव उत्पन्न होता है। यह कृतज्ञता जीवन को सकारात्मक दृष्टि से देखने की आदत बनाती है।



### करें ध्यान-प्राणायाम

कुछ मिनटों का ध्यान और प्राणायाम हमारी मानसिक स्थिति को बेहतर करता है। यह शरीर को शुद्ध प्राणवायु प्रदान करता है और मन को शांत करता है। जब मन शांत होता है, तो हम परिस्थितियों को अधिक स्पष्टता और सकारात्मकता के साथ देख पाते हैं। मानसिक एकाग्रता बढ़ती है और दिन भर के कार्यों में उत्साह बना रहता है।

**सकारात्मक संदेश पढ़ें या सुनें:** अखबार, पुस्तक के किसी सकारात्मक आध्यात्मिक विचार से दिन की शुरुआत करने से मन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। सुबह-सुबह किसी भी प्रकार की नकारात्मकता से बचते हुए, कोई प्रेरणादायक लेख, जीवनियों का अंश या धार्मिक ग्रंथ का श्लोक पढ़ना सकारात्मकता को बढ़ाता है। इसी तरह सकारात्मक भक्ति गीत या मंत्र भी मन को ऊर्जा प्रदान करते हैं।

**दूसरों को दें शुभकामनाएं:** अपने घरवालों को मुस्कराकर 'सुप्रभात' कहें, छोटे से संदेश से दूसरों का दिन भी बेहतर बनाया जा सकता है। जब हम दूसरों को शुभकामनाएं देते हैं या उनके लिए अच्छा सोचते हैं, तो वही ऊर्जा हमारे जीवन में भी लौटती है। a

# उमस भरी इस गर्मी में बनी रहेगी ग्लोइंग स्किन

स्किन केयर
चेतना झा

मौसम का हर दौर त्वचा और बालों के लिए अलग तरह की केयर की मांग करता है। बारिश के साथ होने वाली उमस भरी गर्मी के इन दिनों के मौसम में भी अपनी स्किन केयर रूटीन को मौसम के अनुकूल करना चाहिए।

**सीटीएम:** सीटीएम यानी क्लीनिंग, मॉयश्चराइजिंग एंड टोनिंग, इस मौसम में त्वचा की देखभाल का मूलमंत्र है। ऐसी गर्मी में स्किन की क्लीनिंग के लिए हल्के जैल क्लींजर और जैल बेस्ड ही मॉयश्चराइजर का उपयोग करें। लाइट मॉयश्चराइजर आपके पोर्स को बंद नहीं करेंगे।

**एसपीएफ रेंज:** इस सीजन में भी घर से बाहर निकलने से पहले सनस्क्रीन लगाना जरूरी है, लेकिन सनस्क्रीन का एसपीएफ कितना हो यह जानना भी जरूरी है। यूरोपियन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी एंड वेनेरोलॉजी और अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी की सलाह के अनुसार सनस्क्रीन एसपीएफ 30 से कम नहीं होना चाहिए।



**जब निकले पसीना:** बाहर अधिक समय रहने, अधिक काम करने या वर्कआउट के बाद पसीना आना स्वाभाविक है। पसीना आने से रोम छिद्रों में तेल और गंदगी जाने की आशंका होती है, इसलिए पसीने के बाद त्वचा की साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। इससे रोमछिद्र बंद होने से बचाव होता है। पसीने से भीगी ड्रेस को दुबारा पहनने से पहले साफ जरूर करें।

**शावर जरा कम:** अधिक देर पानी में रहने से शरीर का नेचुरल ऑयल कम हो जाता है और स्किन में ड्रायनेस की समस्या आ जाती है। हॉट शावर लेने की आदत से समस्या और बढ़ जाती है। इस मौसम में दो बार से अधिक नहीं नहाएं और दस मिनट से अधिक देर तक शावर न लें।

**इनका भी रखें ध्यान:** गर्मियों में अधिक तापमान, पसीने आदि की वजह से रोम छिद्र खुल जाते हैं। बाहर निकलने पर हाथों पर लगी गंदगी, तेल आदि के संपर्क में जब ये खुले रोम छिद्र आते हैं तो एक्ने की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए चेहरे की त्वचा के साथ हाथों की सफाई पर भी खास ध्यान दें। एक्ने की समस्या हो तो सैलिसिलिक एसिड युक्त या यूकेलिप्टस बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें। हयालूरोनिक एसिड और ग्लिसरीन युक्त मॉयश्चराइजर लगाएं। टोनर लाइट और हाइड्रेटिंग हो। एसपीएफ 50 का सनस्क्रीन धूप में निकलने से करीब 20-30 मिनट पहले चेहरे और शरीर के दूसरे खुले हिस्से में लगाएं। a

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

# ऐसे करें बच्चों की डेंटल केयर

ओरल हेल्थ
संध्या रानी

आप अपने बच्चों की हेल्थ का ध्यान रखने में कोई लापरवाही नहीं बरततीं, लेकिन क्या उनके दांतों की देखभाल भी अच्छी तरह से करती हैं? यहां बताई जा रही बातों को फॉलो करें, इससे बच्चों को कोई डेंटल प्रॉब्लम नहीं होगी।

अधिकतर बच्चों को चॉकलेट, टॉफी, स्वीट्स, कुकीज खाना और कोल्ड ड्रिंक पीना बेहद पसंद होता है। कई पैरेंट्स अपने बच्चों से किसी बात को मनवाने के लिए चॉकलेट या टॉफी देने का लालच बार-बार देते हैं। मेहमान या रिलेटिव्स भी जब घर आते हैं तो ज्यादातर बच्चों के लिए टॉफी, चॉकलेट, केक, कोल्ड ड्रिंक ही लेकर आते हैं। इससे बच्चों में मीठा खाने की लत लग जाती है। ज्यादा मीठा खाने से उनके दांतों में इंफेक्शन हो जाता है, उसमें दर्द रहने लगता है, गम्स में सूजन या दांतों में सड़न भी हो सकती है।

**दांतों में सड़न के कारण:** चॉकलेट, स्वीट्स, कुकीज, टॉफी और कोल्ड ड्रिंक में शुगर की मात्रा अधिक होने के कारण ये सब बच्चों के लिए नुकसानदायक होते हैं। चॉकलेट चिपचिपी होने की वजह से दांतों में फंस जाती है। इससे दांतों में बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं, क्योंकि आमतौर पर बच्चे चॉकलेट खाने और कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद पानी से कुल्ला नहीं करते हैं। इससे दांतों में कैविटी और सड़न भी पैदा होने लगती है। चॉकलेट अधिक खाने से दांत की ऊपरी लेयर सॉफ्ट हो जाती है, जिससे कैविटी बनने की



संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं चॉकलेट अधिक खाने से दांत पीले हो जाते हैं और प्लॉक बन जाता है। कोल्ड ड्रिंक में एसिड होने के कारण दांतों की जड़ों को भी बहुत नुकसान पहुंचता है। यह दांत में कैल्शियम की मात्रा कम कर देता है, जिससे दांतों की सड़न और मसूड़ों में सूजन होने की संभावना बढ़ जाती है। मसूड़े में सूजन की वजह से बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं और दांतों में कीड़े भी लग सकते हैं। इससे दूसरे दांतों में भी कीड़ा लगने का खतरा बढ़ जाता है। जो नए दांत निकलने वाले होते हैं, उस पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इस वजह से नए दांत आड़े-तिरछे निकलते हैं। इसके अलावा अधिक चॉकलेट खाने से बच्चों में चिड़चिड़ापन और नींद की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

**कराएं प्रॉपर डेंटल चेकअप:** अगर बच्चे के दांतों में लंबे समय तक कोई समस्या हो तो जल्द से जल्द दांतों के डॉक्टर के पास जाकर चेकअप और ट्रीटमेंट करवाना चाहिए। समय पर इलाज नहीं किया जाए तो दांतों से जुड़ी बीमारी या सड़न उसके अंदरूनी हिस्से तक पहुंच सकती है। इससे दांत पूरी तरह खराब हो सकते हैं, जिन्हें निकलवाना भी पड़ सकता है।



**पैरेंट्स सावधानी बरतें:** आठ-दस साल से कम उम्र के बच्चे नासमझ होते हैं। उन्हें अच्छे और बुरे का ज्ञान नहीं होता है, तो स्वाभाविक है कि उनके लिए माता-पिता को ही विशेष ध्यान रखना होगा। बच्चों को चॉकलेट खाना पसंद होता है, लेकिन इसे ज्यादा खाना कितना हार्मफुल हो सकता है, इसकी जानकारी उन्हें नहीं होती है। इस बारे में पैरेंट्स को उन्हें समझाना चाहिए। बच्चों को प्यार से समझाएं कि ज्यादा मीठा और चॉकलेट खाने से आपके दांत खराब हो जाएंगे तो आपको डॉक्टर से इंजेक्शन लगवाना होगा। आप खाना भी नहीं खा पाएंगे। अगर खाना ठीक तरह से नहीं खाएंगे तो मजबूत कैसे बनेंगे? ऐसा नहीं है कि बच्चों को चॉकलेट और मीठी चीजें बिल्कुल देना ही बंद कर दें। लेकिन मीठा खाने के बाद उनकी दांतों की साफ-सफाई पर भी जरूर ध्यान दें। अपने बच्चे को मिल्क चॉकलेट की जगह डार्क चॉकलेट दें, क्योंकि इसमें शुगर की मात्रा कम होती है। इसके साथ ही बच्चों को दिन में दो बार ब्रश जरूर कराएं। एक बार सुबह और दूसरी बार रात में खाने के बाद। a

**(डेंटिस्ट डॉक्टर अमृत कश्यप से बातचीत पर आधारित)**




## खबर संक्षेप



### जर्मन मास्टर्स गोल्फ में वाणी संयुक्त छठें पर

**हैमबर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने अमूंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में निराशाजनक तीसरे दौर के बाद शानदार वापसी करते हुए अंतिम दौर में दो अंडर 71 के स्कोर के साथ अपने अभियान को संयुक्त छठे स्थान के साथ खत्म किया। वाणी अक्टूबर 2022 के बाद एलईटी (लेडीज यूरोपीय टूर) पर पहली बार शीर्ष 10 में रही है। उन्होंने इससे पहले हीरो महिला इंडियन ओपन में संयुक्त आठवां स्थान हासिल किया था। मौजूदा सत्र में अपना तीसरा टूर्नामेंट खेल रहीं वाणी ने इस सप्ताह 72, 70, 76, 71 के स्कोर के साथ कुल तीन अंडर का स्कोर बनाया। भारत की दीक्षा डागर भी संयुक्त आठवें स्थान के साथ शीर्ष 10 में रही। दीक्षा ने चौथे दिन एक ओवर 74 का कार्ड खेला। शुरुआती दो दिनों में 69, 73 का कार्ड खेलने के बाद दीक्षा शीर्ष पांच में थी लेकिन तीसरे और चौथे दौर में 74, 74 के कार्ड के बाद वह संयुक्त आठवें स्थान पर खिसक गयी।

### केशव महाराज के 200 टेस्ट विकेट, बने पहले दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में केशव महाराज ने इतिहास रच दिया है। वह अपनी टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले स्पिन गेंदबाज बने हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए उनसे पहले ये उपलब्धि 8 गेंदबाजों ने हासिल की है, लेकिन वो सभी तेज गेंदबाज थे। महाराज से पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिन गेंदबाज ह्यू टेफील्ड रहे। इस पूर्व गेंदबाज ने 1949 से 1960 के बीच दक्षिण अफ्रीका की टीम का प्रतिनिधित्व किया। उस दौरान उन्होंने 37 टेस्ट मुकाबलों की 61 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 25.91 की औसत से कुल 170 विकेट झटके। टेफील्ड ने 14 बार 5 विकेट हॉल लिए, जबकि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 9/113 का रहा।

### ओलिवर विंबलडन के दूसरे दौर में

**लंदन।** ब्रिटेन के 21 वर्ष के क्वालीफायर ओलिवर टारवेट ने विंबलडन के जरिये ग्रैंडस्लैम पदार्पण में सीधे सेटों में जीत दर्ज की । विश्व रैंकिंग में 733वें स्थान पर काबिज टारवेट ने स्विटजरलैंड के लिएंड्रो रीडी को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। अब दूसरे दौर में उनका सामना गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज या फेबियो फोगनिनी से हो सकता है । कॉलेज में टारवेट को हाल ही में लगातार दूसरे साल वेस्ट कोस्ट कांफरेंस प्लेयर आफ द ईयर चुना गया था ।



## इंग्लैंड बनाम भारत : दूसरा टेस्ट मैच कल से

# बुमराह नहीं तो कौन संभालेगा टीम इंडिया की तेज गेंदबाजी, अर्श या आकाश ...?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 2 जुलाई से सीरीज का दूसरा टेस्ट खेलना है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इस मुकाबले से आराम दिए जाने की प्रबल संभावना है। दरअसल, वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए भारतीय टीम बुमराह को दूसरे टेस्ट से आराम दे सकती है। कोच गौतम गंभीर भी संकेत दे चुके हैं। इस बीच बुमराह की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम में मौजूद अन्य तेज गेंदबाजी विकल्पों में अर्शदीप और आकाशदीप हैं जिन्हें तेज गेंदबाजी की कमान मिल सकती है।



### पहले टेस्ट में भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन

सीरीज के पहले टेस्ट में बुमराह ने पहली पारी में 83 रन देते हुए 5 विकेट लिए थे। वह दूसरी पारी में कोई विकेट नहीं ले सके थे। प्रसिद्ध कृष्णा हेडिंग्ले टेस्ट में बेहद महंगे साबित हुए थे। उन्होंने पहली पारी में 128 रन देते हुए 3 विकेट लिए, जबकि दूसरी पारी में 92 रन देते हुए 2 विकेट चटकाए थे। मोहम्मद सिराज ने कुल 2 विकेट (2/122 और 0/51) लिए थे।

### आकाशदीप सिंह

आकाशदीप ने भारत की ओर से 7 टेस्ट खेले, जिसमें उन्होंने 35.20 की औसत के साथ 15 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 83 रन देते हुए 3 विकेट लेना रहा। उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में 38 मैच खेले हैं, जिसमें 24.19 की औसत के साथ 128 विकेट लिए हैं। इस बीच वह 5 पारियों में 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। वह घरेलू क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### अर्शदीप सिंह

अर्शदीप ने अब तक टेस्ट डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने 21 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें 30.37 की औसत के साथ 66 विकेट लिए हैं। इस बीच उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए हैं। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में उन्होंने 250 रन बनाए हैं। वह इंग्लैंड दौरे पर मौजूद भारतीय टीम में इकलौते बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिल सकता है।



### इंग्लैंड ने घोषित की प्लेइंग 11, बढ़ा आर्चर का इंतजार

भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू होने जा रहे टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने प्लेइंग 11 घोषित कर दी। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है जबकि प्रशंसकों को जोफ्रा आर्चर की वापसी के लिए इंतजार करना होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा मुकाबला एजबेस्टन में खेला जाएगा। इस मैच के लिए इंग्लैंड ने बिना किसी बदलाव के प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। इसमें जोफ्रा आर्चर को शामिल नहीं किया गया है। आर्चर सोमवार को पारिवारिक समस्या के कारण अभ्यास सत्र का हिस्सा नहीं बन पाए थे। ईसीबी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया था कि वह मंगलवार को टीम से जुड़ सकते हैं।

**दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग 11**

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोश टंग, शोएब बशीर।

## अजहर महमूद बने पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कार्यवाहक कोच

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद को अपनी टेस्ट टीम का मुख्य कोच (कार्यवाहक) नियुक्त किया है। वह आकिब जावेद की जगह लेंगे। बता दें कि जावेद पिछले साल जेसन गिलेस्पी के इस्तीफा के बाद इस जिम्मेदारी को संभाल रहे थे। पीसीबी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, महमूद अपने मौजूदा अनुबंध की समाप्ति तक इस पद पर बने रहेंगे।

### बोर्ड ने जारी किया बयान

पीसीबी ने महमूद को कोच बनाने को लेकर कहा, खेल को लेकर के उनकी गहरी समझ, अंतरराष्ट्रीय अनुभव और इंग्लिश काउंटी क्रिकेट की सफलता, उन्हें इस पद के लिए असाधारण रूप से उपयुक्त बनाती है। बोर्ड को विश्वास है कि अजहर के मार्गदर्शन में टेस्ट टीम वैश्विक मंच पर ताकत, अनुशासन और प्रदर्शन में आगे बढ़ती रहेगी।

**पाकिस्तान से 21 टेस्ट खेल चुके हैं महमूद**

महमूद पाकिस्तान क्रिकेट टीम से 21 टेस्ट खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 39 विकेट लिए थे। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में 3 शतकों की मदद से 900 रन बनाए थे। महमूद ने 143 वनडे में 39.13 की औसत के साथ 123 विकेट चटकाए थे। दूसरी तरफ बल्लेबाजी में उन्होंने 1,521 रन अपने नाम किए थे। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व नहीं कर सके।


**खंड- I**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 22 / ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक 26/06/2025

वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 ( यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है

| क्र. | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | FLY Ash Brick-Standard dimension (L×B×H) 190mm×90mm×40mm. diameter Standard - Conforming to IS-13757-1993 | 27000/- | 1000/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। 2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक) 27/06/2025 को सुबह 10:30 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक ऑनलाईन खरीद सकते हैं। 3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। 4. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 09/07/2025 समय 02:00 बजे को कार्यालय दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। वीडियों कॉन्फ्रेंस लिंक प्राप्त करने हेतु ई-मेल dfotsseoni@mp.gov.in पर दिनांक 07/07/2025 तक अपना संपर्क सूत्र प्रेषित करे। वीडियों कॉन्फ्रेंस की लिंक दिनांक 08/07/2025 को आपके द्वारा प्रदाय संपर्क सूत्र पर सूचित किया जावेगी। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं। 5. ई - निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं। 6. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल : https://www-mptenders-gov-in

G-14983/25
वनमण्डलाधिकारी
दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल


## महिला क्रिकेट टी20: विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत, हरमनप्रीत की वापसी की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल



पहले मैच में बड़ी जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म और कप्तान हरमनप्रीत कौर की संभावित वापसी का पूरा फायदा उठाकर अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

नॉटिंघम में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मंधाना के इस प्रारूप में पहले शतक की बदौलत भारत ने 97 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। दूसरे मैच में हरमनप्रीत की वापसी से जहां भारतीय टीम को मजबूती मिलेगी वहीं इंग्लैंड की टीम की चिंताएं बढ़ेंगी। हरमनप्रीत को अभ्यास मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बाद एहतियात के तौर पर पहले मैच में आराम दिया गया था। मंधाना के स्ट्रोक्स से भरे शतक ने इंग्लैंड के खेमे में खतरे की घंटी बजा दी होगी, क्योंकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम बुरी तरह बिखर गई और 113 रन पर ढेर हो गई। यह वह दिन था जब मंधाना की पारी ने मेजबान टीम को जबरदस्त दबाव में ला दिया, जिसका बाद में भारतीय गेंदबाजों ने पूरा फायदा उठाया। भारत के स्पिन आक्रमण के सामने इंग्लैंड की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। उसके बल्लेबाजों के पास भारतीय स्पिनरों विशेषकर बाएं हाथ के स्पिनर श्री चरणी का कोई जवाब नहीं था, जिन्होंने अपने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए। पिछले साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की और इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)**

N.I.T. क्र. 03 (E.T.)/जलप्रदाय/न.पा.नि./2025 — **निविदा सूचना** — सतना, दिनांक 27/06/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र. व जारी दिनाक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03/01 27/06/2025 | 2025_UAD_433745_1 | जलप्रदाय व्यवस्था हेतु सामग्री की दरें | वित्तीय वर्ष 2025-26 12,00,000/- | 2,000/- 24,000/- | 28/07/2025 17:30 |
| 02 | 03/02 27/06/2025 | 2025_UAD_433746_1 | बोर खनन हैण्ड पम्प प्लेटफार्म सहित कार्य पार्षद निधि (03 नग) वार्ड क्रमांक 33 | 01 माह 4,12,155/- | 2,000/- 8,300/- | 14/07/2025 17:30 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, सतना (म.प्र.)


## महिला मुक्केबाजी

# निकहत, लवलीना और नीतू ने फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

विश्व चैंपियन निकहत जरीन, लवलीना बोरगोहेन, नीतू घंघास और स्वीटी बूरा एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में अपने अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में पहुंच गई । दो बार की विश्व चैंपियन जरीन ने वी लक्ष्या को 5-0 से हराया। अब फाइनल में वह ज्योति (आरएसपीबी) से खेलेंगी । टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बोरगोहेन ने उत्तर प्रदेश की स्नेहा को 75 किलो फाइनल में पहले दौर में मुकाबला रोके जाने (आरएससी) के आधार पर हराया । राष्ट्रमंडल खेल 2022 की स्वर्ण पदक विजेता नीतू ने रेलवे की मंजू रानी को हराकर 48 किलो फाइनल में जगह बनाई । अब उसका सामना चंचल से होगा । स्वीटी ने 80 किलो सेमीफाइनल में अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) की बबीता बिष्ट को 5-0 से हराया । अब उनका सामना आरएसपीबी की अल्फिया पठान से होगा ।



### अंकुशिता ने अमिता को 5-0 से दी मात

पूर्व युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (टॉप्स) ने 65 किलो वर्ग में अमिता कुंडु (एआईपी) को 5-0 से मात दी । अब वह आरएसपीबी की शशि से खेलेंगी, जिन्होंने तेलंगाना की यशी शर्मा को 5-0 से हराया । प्रीति (टॉप्स) और तनु (एसएससीबी) ने 54 किलो के फाइनल में जगह बनाई जबकि बी चानू (आरएसपीबी) और कमलजीत कौर गिल (एआईपी) 57 किलो का फाइनल खेलेंगी । साइ की रितिका और एआईपी की शिवानी तोमर 80 प्लस वर्ग का फाइनल खेलेंगी ।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग. (म./स.) संभाग अनूपपुर (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 04 / एस. ए. सी. / अनूपपुर /2025-26 — **निविदा सूचना** — अनूपपुर, दिनांक 26/ 06 / 2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र. | टेण्डर कमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख) | टेण्डर फार्म की राशि | धरोहर की राशि | समय | ऑनलाईन एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2025_PWDRB_433522_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | संभाग अनूपपुर अन्तर्गत विभिन्न मार्गो में निर्माण एवं मरम्मत कार्य | द्वितीय | 50.00 | 5000/- | 50000/- | 10 माह | मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा |
| 2 | 2025_PWDRB_433523_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | उपसंभा अनूपपुर के अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं मरम्मत कार्य | द्वितीय | 12.50 | 2000/- | 25000/- | 06 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र अनूपपुर |
| 3 | 2025_PWDRB_433524_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | उपसंभा राजेन्द्रग्राम के अन्तर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं मरम्मत कार्य | द्वितीय | 8.00 | 2000/- | 16000/- | 06 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र अनूपपुर |
| 4 | 2025_PWDRB_433525_1 | अनूपपुर | अनुरक्षण मद | उपसंभा राजेन्द्रग्राम के अन्तर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं मरम्मत कार्य | द्वितीय | 8.00 | 2000/- | 12760/- | 06 माह | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र अनूपपुर |
| | | | | कुल योग | | 78.50 | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि दिनांक 27.06.2025 (17.30 ए.एम.) से अंतिम तिथि 11.07.2025. (17.30 पी.एम.) बजे निर्धारित है । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखा जा सकता है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।
मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन स्केन कर डाउनलोड किये जावें ।

G-14987/25
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग अनूपपुर (म.प्र.)


## यूएस ओपन सुपर 300

# आयुष शेट्टी ने बीडब्ल्यूएफ टूर पर जीता पहला खिताब

एजेंसी ▶▶| मआयोवा (अमेरिका)

उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन सुपर 300 के पुरुष एकल फाइनल में कनाडा के ब्रायन यांग को सीधे गेमों में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता। आयुष की इस जीत ने मौजूदा सत्र में विश्व टूर पर भारत के खिताबी सूखे को खत्म किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप (2023) कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने रविवार को तीसरी वरीयता प्राप्त यांग को 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ उन्होंने एक शानदार सप्ताह का समापन किया, जिसमें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चोऊ टिएन चेन के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एक यादगार जीत भी शामिल है। यांग के खिलाफ यह आयुष की यह तीसरी जीत है। उन्होंने इस साल की शुरुआत में मलेशिया और ताइपे ओपन में भी कनाडा के इस खिलाड़ी को दो बार हराया था। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा उपविजेता रहीं। उन्हें शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।


आवश्यकता है- अर्जेन्ट आवश्यकता जिलेनुसार भर्ती अनपढ़ से 12-वीं पास लड़कों/लडकी की हेल्पर, फील्ड बॉय, सुपरवाइजर,ड्राइवर, सैलरी 22000/- से 35000/- (रहना खाना मुफ्त मिलेगा )- 08920930586 (रायपुर /01/जुलाई 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330



**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना कमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स गौर रोड तार कोट प्रा.लि., संचालक श्री नितिन बरसैंया, खसरा नं. 68. 76 पार्ट ग्राम धाधरा, तहसील एवं जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 1.48 हेक्टेयर, स्टोन क्वारी, माईनिंग ऑफ मिनरल्स उत्खनन क्षमता स्टोन 14,472 घन मीटर प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर (2) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जबलपुर, (4) ग्राम घाघरा, ग्राम पंचायत ग्राम धाधरा, तहसील एवं जिला जबलपुर (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लॉट नं 455/456 विजयनगर, जबलपुर मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 06/08/2025 दिन बुधवार को प्रात: 11:00 बजे मेसर्स गौर रोड तार कोट प्रा.लि., ग्राम धाधरा, तहसील एवं जिला जबलपुर के खदान परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी



**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**
**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स रघुकुल मार्बल, संचालक श्री रामकृपाल सिंह, दुल्हनखेड़ा डोलोमाईट माईन, खसरा नं. 126 पार्ट ग्राम दुल्हनखेड़ा, तहसील शहपुरा, जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 3.0 हेक्टेयर, माईनिंग ऑफ मिनरल्स उत्खनन क्षमता 12,313 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेजी में सॉफ्ट कॉपी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर (2) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जबलपुर, (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम दुल्हनखेड़ा, तहसील शहपुराएवं जिला जबलपुर, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बोर्ड, ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लॉट नं 455/456 विजयनगर, जबलपुर मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म.प्र.) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 13/08/2025 दिन बुधवार को प्रात: 11:00 बजे मेसर्स रघुकुल मार्बल, संचालक श्री रामकृपाल सिंह, दुल्हनखेड़ा डोलोमाईट माईन, ग्राम दुल्हनखेड़ा, तहसील शहपुरा, जिला जबलपुर के खदान परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

## ईमेल के बाद सुरक्षा बढ़ी, जांच में नहीं मिला कोई विस्फोटक

# डुमना एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी से हड़कंप

हरिभूमि जबलपुर।



जबलपुर स्थित डुमना एयरपोर्ट पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एयरपोर्ट प्रबंधन को एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। ईमेल में एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई थी, जिसके बाद तत्काल प्रभाव से सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया और एयरपोर्ट खाली करा लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ईमेल में दावा किया गया था कि एयरपोर्ट परिसर के चारों ओर विस्फोटक पदार्थ छिपाकर रखा गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड को मौके पर बुलाया गया, जिसने लगभग तीन घंटे तक पूरे एयरपोर्ट परिसर की गहन तलाशी ली। हालांकि राहत की बात यह रही कि जांच के दौरान किसी भी प्रकार का विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई।

एयरपोर्ट डायरेक्टर आर.आर. पांडे ने पुष्टि की कि धमकी भरा ईमेल रविवार को दोपहर के समय प्राप्त हुआ था। उन्होंने बताया, ईमेल में कहा गया था कि एयरपोर्ट के चारों ओर बारूद रखा गया है। हमने तुरंत सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल अपनाए और जांच कराई। जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

वहीं खमरिया थाना प्रभारी सरोजनी चौकसे ने बताया कि धमकी मिलने के तुरंत बाद एयरपोर्ट और आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। पुलिस की टीमें सोमवार को भी पूरे क्षेत्र में लगातार गश्त करती रहीं। थाना प्रभारी ने बताया, "हमने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। साइबर सेल की मदद से ईमेल भेजने वाले की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।"

### एक साथ 40 हवाई अड्डों को पहुंचा मेल

सूत्रों के अनुसार, इस प्रकार का धमकी भरा मेल देश के अन्य 40 हवाई अड्डों को भी भेजा गया है। इससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि यह किसी बड़े साइबर शरारत या दहशत फैलाने की साजिश का हिस्सा हो सकता है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां और इंटेलिजेंस ब्यूरो पूरे मामले की जांच में जुटी हैं।

### संचालन बहाल सतर्कता बरकरा

डुमना एयरपोर्ट पर अभी सामान्य संचालन बहाल कर दिया गया है, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर सतर्कता बनाए रखी गई है। अधिकारियों का कहना है कि जब तक मेल की सच्चाई और स्रोत का पता नहीं चलता, तब तक सुरक्षा में कोई ढील नहीं दी जाएगी।

## झुलसी छात्रा की हालत गंभीर, आरोपी युवती गिरफ्तार

# इंजीनियरिंग छात्रा ने सहेली पर किया एसिड अटैक

हरिभूमि जबलपुर।

गौरीघाट थाना अतंर्गत अवधपुरी कालोनी में एक युवती ने अपनी बचपन की सहेली पर तेजाब उड़ेल दिया। जिससे वह 70 प्रतिशत झुलस गई। उसे राईट टाउन स्थित एमएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया है उससे पूछताछ की जा रही है। बताया गया है कि दोनों आपस में अच्छी दोस्त थी। बीच में किसी बात को लेकर अनबन हो गई और एक माह से बातचीत बंद थी। रविवार की रात आरोपी युवती ने सहेली को सप्राईज के बहाने घर के बाहर ले गई और उस पर तेजाब उड़ेल दिया। एक लंबे समय बाद जबलपुर में एसिड अटैक की घटना सामने आने से सनसनी फैल गई।



गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवधपुरी कालोनी निवासी 23 वर्षीय बीबीए छात्रा श्रद्धा दास की बचपन की सहेली अवधपुरी कालोनी निवासी 21 वर्षीय इशिता साहू से एक माह से बातचीत नहीं हो रही थी। गत शाम लगभग 7.30 बजे श्रद्धा के घर इशिता साहू आई और उससे बाहर टहलने और कुछ सप्राईज देने की बात कहने लगी, उसने कहा कि कल पेपर है वह पढ़ाई करेगी तो इशिता साहू ने कहा कि थोड़ी देर के लिये बाहर आ जाओ तो वह बाहर आयी और इशिता साहू से बात कर अपने घर जाने लगी, तभी इशिता साहू ने अपने हाथ में लिये सफेद रंग के जार में रखा एसिड उसके चेहरे पर डाल दिया, जिससे उसे तेज जलन हुई। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर उसकी मां जोसना दास एवं पिता पीरलाल दास आ गये। मां उसे बाथरूम ले गयी एवं उस पर पानी डाला और उसे अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उसे भर्ती कर लिया गया है। उसे पकड़ने के दौरान मां के हाथों में भी चोटें आ गयी। एसिड से श्रद्धा के शरीर पर आंख, मुंह सीना, दोनों पैर, हाथ झुलस गए। पुलिस ने आरोपिया इशिता साहू को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 124(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला दर्ज कर लिया है।

# मैगी सेंटर से प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट जब्त

**जबलपुर।** खमरिया थाना अतंर्गत मामा मैगी प्वाइंट में पुलिस ने छापा मारकर प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट जब्त की है। पुलिस आरोपी पर अवैध मादक पदार्थ विक्रय करने का मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। खमरिया थाना प्रभारी सरोजनी चौकसे ने बताया कि ऐसी लगातार सूचनाएं मिल रही थी कि मामा मैगी सेंटर में विदेशी सिगरेट बिक रही है। इस सूचना पर मैगी सेंटर में छापा मारकर विदेशी सिगरेटे जब्त की हैं। संचालक पवन यादव से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि विदेशी सिगरेट उसके पास कैसे और किसके माध्यम से आई है।

## मानसून सक्रिय, बारिश की संभावना

# पानी की फुरफुराहट से हवा में घुली ठंडक

**जबलपुर।** उड़ीसा से झारखण्ड के बीच कम दबाव का क्षेत्रफल बना हुआ है। राजस्थान से लेकर बंगाल की खाड़ी तक लो प्रेशर की द्रोणिका (रेखा) बनी हुई है। जिसके अगले 224 घंटों के दौरान गरज चमक के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है। प्रदेश में मानसून की दस्तक के बाद जबलपुर में सोमवार को भी मौसम के मिजाज शीते-शीते और गीले गीले बने रहे लेकिन जोरदार बारिश नहीं हो रही है, बीच बीच में बूंदाबांदी और पानी फुहारें चलने से वातावरण में नमी बनी हुई है, जिससे गर्मी से निजात मिली। लेकिन उमस अभी भी बरकरार है। पश्चिमी मध्यप्रदेश में मानसून के सक्रिय होने के कारण पूर्वी मध्यप्रदेश में हल्की बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी मौसम के मिजाज ऐसे ही बने रहेंगे। मौसम कार्यालय के मुताबिक पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। कम दबाव के प्रभाव से पूर्वी मध्यप्रदेश के शहरों में अनवरत छुटपुट बारिश का सिलसिला चल रहा है। मौसम के मिजाज बदलने के बाद दिन का तापमान औसत से 6 डिग्री नीचे उतर आया, लेकिन रात का तापमान भी 3 डिग्री नीचे चल रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 6 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 22.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। सूर्योदय प्रातःकाल 5.29 बजे व सूर्यास्त सायंकाल 7.00 बजे हुआ। हवा में नमीं प्रातःकाल 93 प्रतिशत और सायंकाल 82 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 30.5 और न्यूनतम तापमान 23.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उड़ीसा, झारखंड के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने से अगले 24 घंटों के कारण कहीं-कहीं छुटपुट वर्षा हो सकती है। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। पिछले 24 घंटों के दौरान 5.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल बारिश का आंकड़ा 214.6 मिमी (लगभग 8.4 इंच) पर है। जबकि गत वर्ष आज के दिन 101.2 मिमी वर्षा हुई थी और कुल वर्षा 190.06 मिमी दर्ज की गई थी।



# अवैध रेत से भरा डंपर जब्त

**जबलपुर।** गोसलपुर पुलिस ने अवैध उत्खनन कर रेत ले जा बिना नंबर के डंपर को जब्त कर डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। गोसलपुर थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह मर्सकोले ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर खिन्नी रोड पर दबिश देकर गोसलपुर में जैन पेट्रोल पम्प के सामने बिना नम्बर के डंपर में चोरी की रेत ले जा रहे डंपर चालक ग्राम मुरैठ थाना सिहोरा निवासी 28 वर्षीय राम गोपाल बर्मन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से रेत से भरा डंपर जब्त किया है। रेत के संबंध में पूछताछ करने पर उसके पास कोई दस्तावेज नहीं थे एवं मुरैठ घाट से रेत चोरी भरकर लाने की बात स्वीकार की। वहीं मुरैठ निवासी डंपर मालिक रोहित बर्मन फरार है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस तथा 4/21 खान एव खनिज अधिनियम एवं 77/177, 130(1),/177 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।




## लाठी के प्रहार से हुई थी शराब के नशे में धुत व्यक्ति की मौत

# हाई कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सात वर्ष के कारावास में बदली

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति अवनींद्र कुमार सिंह की युगलपीठ ने गैर इरादतन हत्या का मामला पाते हुए उम्रकैद की सजा को सात वर्ष के कारावास में बदल दिया। मामला शराब के नशे में धुत व्यक्ति की लाठी के प्रहार से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत से संबंधित था।

दरअसल, नरसिंहपुर की जिले की गाडरवारा कोर्ट ने हत्या के आरोप में दोषी करार देते हुए मदन ठाकुर को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया था। सजा को चुनौती देते हुए मदन ठाकुर ने हाई कोर्ट में अपील दायर की थी। अपील की सुनवाई के दौरान तर्क दिया गया कि अपीलकर्ता का हत्या की घटना को अंजाम देने के कोई इरादा नहीं था। विवाद के कारण उसने टीकाराम के सिर पर लाठी से एक प्रहार कर दिया था। सिर में आई चोट के कारण उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। एक सप्ताह तक उपचार के लिए भर्ती रहने के बाद उसकी मौत हो गयी थी। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि टीकाराम घटना के समय अपनी दुकान में बैठा हुआ था। इसी दौरान उसकी अपीलकर्ता से विवाद हो गया। जिसके कारण अपीलकर्ता ने लाठी से उसके सिर पर प्रहार किया था। जिसके उपचार के लिए तत्काल तेंदूखेड़ा अस्पताल ले जाया गया था। डाक्टर के बयान अनुसार घायल व्यक्ति शराब के नशे में था। जिसे उपचार के लिए नरसिंहपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया था। एक सप्ताह तक चले उपचार के बाद उसकी मौत हो गयी। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि प्रकरण गैर इरादत हत्या का है। इसलिए ट्रायल कोर्ट की सजा को संबोधित करते हुए उसे सात साल के कारावास में परिवर्तित किया जाता है।



## कानून व्यवस्था मजबूत करने पुलिस कप्तान की अगुवाई में चला विशेष अभियान

# कांबिंग गश्त में फरार आरोपी, शराब माफिया और हथियारबंद बदमाश दबोचे



हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के नेतृत्व में जिलेभर में विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक शहर व देहात के समस्त थाना क्षेत्रों में एकसाथ की गई।

### 286 वारंटों की तामील

अभियान के दौरान लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली। पुलिस टीमों ने कुल 286 वारंट तामील किए, जिनमें 124 गैर म्यादी, 119 गिरफ्तारी और 43 जमानती वारंट शामिल हैं। ये आरोपी वर्षों से पुलिस से बचते फिर रहे थे।

### अवैध शराब कारोबार पर करारा प्रहार

पुलिस ने दबिश देकर 32 आरोपियों को गिरफ्तार किया जो अवैध शराब के कारोबार में लिप्त थे। उनसे 150 लीटर कच्ची शराब और 128 पाव देशी/विदेशी शराब जब्त की गई।

### हथियारबंद बदमाशों पर कार्रवाई

कांबिंग गश्त के दौरान 7 आरोपी चाकू सहित गिरफ्तार किए गए। ये लोग बिना कारण धारदार हथियार लेकर घूमते पाए गए।

### संदिग्धों पर भी पैनी नजर

बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और मुसाफिरखाना जैसे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की।

### इनका कहना है

यह कार्रवाई अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास स्थापित करने के उद्देश्य से की गई है। इस तरह की कार्यवाहियां नियमित रूप से जारी रहेंगी।

**-संपत उपाध्याय,** पुलिस कप्तान

# मोबाइल हेक कर निकाले 1 लाख

**जबलपुर।** बरेला थानांतर्गत ग्राम देवरी पटपरा में अज्ञात जालसाज ने एक ग्रामीण को क्रेडिट कार्ड बेरीफिकेशन का झांसा देकर अधार नंबर पूछ कर मोबाइल फोन हेक कर खाते से एक लाख चार हजार रुपये निकाल लिए। अज्ञात जालसाज के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। बरेला पुलिस ने बताया कि ग्राम देवरी पटपरा निवासी नवीन कुमार विश्वकर्मा के मोबाइल फोन पर गत 13 जून को किसी का व्हाट्स काल आया जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने अपनी पहचान बैंक कर्मचारी बताकर क्रेडिट कार्ड का बेरीफिकेशन करने कहा। उस व्यक्ति ने नवीन से आधारकार्ड नंबर पूछा। इसके बाद उसका मोबाइल फोन हेक कर खाते से एक लाख चार हजार रुपये निकाल लिए। जब नवीन के मोबाइल फोन पर तीन मैसेज आये। जिसमें तीन बार में पैसे कटने की जानकारी थी। नवीन को पता चला कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गया है।

## हाई कोर्ट में राज्य शासन की ओर से पेश की गई रिपोर्ट

# यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का कर दिया है विनिष्टिकरण

*मप्र हाईकोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में सोमवार को राज्य शासन की ओर से रिपोर्ट पेश की गई। जिसमें अवगत कराया गया कि यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का विनिष्टिकरण सफलतापूर्वक पीथमपुर स्थित सुविधा केंद्र में कर दिया गया है।*

हरिभूमि जबलपुर।

केंद्रीय व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों की देखरेख में जहरीले कचरे का विनिष्टिकरण किया गया है। जहरीले कचरे से 850 मीट्रिक टन राख व अवशेष एकत्रित हुआ है। एमपी-पीसीबी से सीटीओ मिलने के बाद अलग लैंडफिल सेल में उसे नष्ट किया जाएगा।

जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल की खण्डपीठ ने उक्त रिपोर्ट को रिकार्ड पर ले लिया। इसी के साथ कंपाइल स्टेस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को नियत कर दी।

दरअसल, राजधानी भोपाल निवासी एपी सिंह ने वर्ष 2004 में जनहित याचिका दायर थी। जिसमें कहा था कि भोपाल गैस त्रासदी के दौरान यूनियन कार्बाइड कंपनी से हुए जहरीले गैस रिसाव में चार हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। भोपाल गैस त्रासदी के बाद यूनियन कार्बाइड फैक्टरी में करीब 350 मीट्रिक टन जहरीला कचरा पड़ा है। उस जहरीले कचरे के विनिष्टिकरण की मांग की गई थी। जनहित याचिका की मृत्यु के बाद हाई कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान आधार पर सुनवाई जारी रखी।



जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पेश की गई रिपोर्ट में अवगत कराया गया कि 27 फरवरी से 12 मार्च तक ट्रायल रन के दौरान 30 मीट्रिक टन कचरे का विनिष्टिकरण किया गया था। हाई कोर्ट के आदेशानुसार जहरीले कचरे को 270 किलो प्रति घंटे के हिसाब से जलाकर उनके विनिष्टिकरण किया गया। यूसीआईएल के 337 मीट्रिक टन कचरे का विनिष्टिकरण 30 जून की रात एक बजकर दो मिनट तक कर दिया गया था। यूसीआईएल से 19.157 मीट्रिक टन अतिरिक्त जहरीला कचरा एकत्र किया गया है, जिसका विनिष्टिकरण तीन जुलाई 2025 तक कर दिया जाएगा। हाई कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए संयंत्र स्थल से जहरीले को हटाने और संयंत्र से विषाक्त अपशिष्ट के निपटान के लिए राज्य सरकार के सर्वोच्च कार्यकारी मशीनरी के द्वारा अत्यंत ईमानदारी और समर्पण के साथ काम किया है। जनहित याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ व खालिद नूर फखरुद्दीन ने पैरवी की।

### ऐसी थी व्यवस्था

- मर्करी एनालाइजर की आनलाइन कनेक्टिविटी सीईएसएम डेटा डिस्प्ले तथा सीपीसीबी/एमपी-पीसीबी सर्वर के साथ की गई।
- वायु गुणवत्ता निगरानी के लिए गांव-चिराखान व बजरंगपुरा में डिस्प्ले बोर्ड के साथ सीएएक्यूएमएस स्थापित किया।
- यूसीआईएल अपशिष्ट के समान चूने मिश्रण के लिए यांत्रिक वजन व्यवस्था व क्रशिंग, मिक्सिंग व ब्लेंडिंग सुविधा स्थापित की।
- डीजल तथा पानी की खपत के माप के लिए प्रवाह मीटर स्थापित किए गए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240